राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, रविवार, 20 अक्टूबर 2024

वर्ष 06, अंक 25, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लड़कियां रोटी रहीं फ़िर भी नहीं पसीजा लखनऊ प्रशासन...03

गोकुल में गोप तलाई से हटाए गये अवैध कब्जे...12

संविधान पर अपने 'तरकश और तीर' लेकर रांची पहुंच रहे राहुल गांधी, 20 साल बाद राजनीति समझ आई

● आज रांची में राहुल गांधी संविधान सम्मान सम्मेलन को करेंगे संबोधित.

राहुल गांधी के दौरे को लेकर झारखंड कांग्रेस इसे सफल बनाने में जुटी.

स्वतंत्र प्रभात

राहुल गांधी ने कहा है कि मुझे 20 साल बाद भारत की राजनीति समझ में आ गई है. उन्होंने आगे कहा कि संविधान की वजह से ही लोकसभा चुनाव 2024 का गेम पलटा. अब प्रधानमंत्री के चेहरे से हंसी गायब हो गई है. 2024 में लोकसभा चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले आए. दो बार से पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आने वाली भारतीय जनता पार्टी इस बार बहुमत से दूर हो गई. वहीं कांग्रेस की सीटों की संख्या में दोगुनी बढ़ोतरी देखने को मिली. ऐसे परिणाम क्यों आए, इसकी लंबे वक्त से समीक्षा हो रही है।

अब राहुल गांधी ने इसको लेकर खुलासा किया है. रांची में संविधान सम्मान सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मैं आज आपको राज की बात बताता हूं. लोकसभा के जो चुनाव हुए, उसमें सिर्फ हमारे एक फैसले से बीजेपी चित हो गई।

राहुल ने आगे कहा कि पूरे चुनाव में मैंने कुछ नहीं किया. बस लोगों को बाबा साहेब का संविधान दिखाना शुरू किया. मैंने सिर्फ इतना कहा कि इसे किसी को छूने नहीं देंगे.

प्रधानमंत्री के चेहरे से हंसी गायब–राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे से हंसी गायब हो गई है. प्रधानमंत्री पहले हंसते थे, लेकिन जो नतीजे आए हैं उससे उन्हें झटका लगा है।

उन्होंने आगे कहा कि संविधान की रक्षा न तो अब चुनाव आयोग कर रही है और न ही ज्यूडिशरी. मंत्रालय में बैठे लोग सरकार के लिए काम कर रहे हैं. संविधान के लिए नहीं।

राहुल गांधी शनिवार को दोपहर करीब 2 बजकर 25 मिनट पर रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे. वहां कांग्रेस के तमाम बड़े नेता उनका स्वागत करेंगे. इसके बाद वो रांची के रेडिशन ब्लू में करीब 45 मिनट तक समय गुजारने के बाद शाम 4 बजे डोरंडा के शौर्य सभागार पहुंचेंगे. शौर्य सभागार में संविधान सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया है. इस सम्मेलन में राज्य के ST/SC/OBC और अल्पसंख्यक समाज के प्रबुद्ध लोग शिरकत करेंगे. आदिवासी-मूलवासी से संबंधित सामाजिक संगठनों के अगुवा प्रतिनिधियों को भी सम्मेलन शामिल होने का मौका मिलेगा।

शौर्य सभागार में करीब 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है. इसके साथ ही



सभागार के बाहर LED स्क्रीन भी लगाया जा रहा है. संविधान सम्मान सम्मेलन में संविधान में ST/SC/OBC और अल्पसंख्यक समाज के लोगों के हक अधिकार पर चर्चा होगी. संविधान में निहित अधिकारों पर भी बात होगी. आज के दौर में संविधान के अधिकार के तहत क्या मिला और क्या नहीं मिला, इसको लेकर कौन है दोषी और कैसे मिलेगा अधिकारज्ऐसे तमाम विषयों पर चर्चा होगी।

50 प्रतिशत के आरक्षण बैरियर टूटेगा

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की सरकार आएगी, तब हम जाति जनगणना करेंगे. इसका मकसद आरक्षण के 50 प्रतिशत बैरियर को तोड़ना है।

राहुल ने कहा कि इस जनगणना से हम यह पता लगाना चाह रहे हैं कि भारत में पीडीए (पिछड़े, दलित और मुस्लिम) कितने पिछड़े हैं और उनकी हिस्सेदारी सरकार में कितनी है?

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि सरकार जाति जनगणना कराने को तैयार नहीं है, लेकिन इसे सरकार रोक नहीं पाएगी. राहुल ने आगे कहा कि मुझे 20 साल बाद राजनीति समझ आ गई है. मैं आपसे वादा करके जा रहा हूं कि आपके अधिकार को कोई खत्म नहीं कर पाएगा।

240 पर बीजेपी, 99 पर जीती कांग्रेस

543 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी को 240 सीटों पर जीत मिली. इसी तरह कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत मिली. कांग्रेस गठबंधन को 236 और बीजेपी गठबंधन को 293 सीटों पर जीत मिली. केंद्र में सरकार बनाने के लिए 272 सांसदों की जरूरत होती है।

चुनाव आयोग ने दिया निर्देशज झारखंड के DGP अनुराग गुप्ता को तत्काल हटाएं

● झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने राज्य के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है

स्वतंत्र प्रभात

भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता को तत्काल प्रभाव सेहटाने का निर्देश दिया है. चुनाव आयोग ने शनिवार को झारखंड सरकार को यह निर्देश दिया. चुनाव आयोग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि उन्हें डीजीपी के पद से तत्काल प्रभाव से हटाकर कैडर में उपलब्ध सबसे वरिष्ठ डीजीपी स्तर के अधिकारी को प्रभार सौंपे।

बता दें कि झारखंड में दो चरणों में 13 नवंबर और 20 नवंबर को मतदान है. चुनाव को लेकर पहले चरण की नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. इस बीच, चुनाव आयोग ने कार्यवाहक डीजीपी को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया है. सूत्रों का कहना है कि डीजीपी अनुराग गुप्ता के खिलाफ पिछले चुनाव में काफी शिकायतें मिली थी।

पिछले चुनाव में शिकायत के आधार पर लिया निर्णय

चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि अनुराग गुप्ता को हटाने का फैसला पिछले चुनावों के दौरान उनके खिलाफ शिकायतों के इतिहास और चुनाव आयोग की ओर से ली गई कार्रवाई को आधार बनाकर लिया गया है।

सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार की ओर से संभावित डीजीपी के अधिकारियों की सूची मांगी गयी है. उसके अनुसार डीजीपी पद के वरिष्ठ अधिकारी को डीजीपी पद का कार्यभार सौपा जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि चुनाव आयोग ने झारखंड सरकार को शनिवार शाम सात बजे तक निर्देश के पालन कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

इसके साथ ही चुनाव आयोग ने कहा है कि सरकार को 21 अक्टूबर को सुबह 10 बजे तक भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों का पैनल सौंपे, ताकि नए डीजीपी की नियुक्ति की जा सके।

अनुराग गुप्ता पर पहले भी लगे थे आरोप

गौरतलब है कि इससे पहले साल 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने अनुराग गुप्ता पर पक्षपातपूर्ण आचरण का आरोप लगाया था. उसके बाद उन्हें झारखंड के एडीजी (विशेष शाखा) के पद से मुक्त कर दिया गया था और उन्हें दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर कार्यालय में नियुक्त किया गया था. चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक झारखंड लौटने पर रोक लगा दी गई थी. इसके साथ ही साल 2016 में झारखंड से राज्य सभा चुनाव के दौरान भी उनपर सत्ता के दुरुपयोग के आरोप लगे थे. उनके खिलाफ विभागीय जांच के बाद आरोप पत्र जारी किया गया था।

संक्षिप्त ख़बरें

सड़क निमार्ण मानक के विपरीत कराए जाने को लेकर ग्रामीणों में रोष

सिद्धार्थनगर। जिले के शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एनएच 730 चिल्हिया नहर पटरी होते केसार तक जाने वाली मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मिट्टी के ऊपर ही ड तारकोल डालकर सड़क बना दी गई। लोगों ने सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। एनएच 730 चिल्हिया नहर पटरी होते केसार को जोड़ने वाली सड़क का रिपेयरिंग के नाम पर लूट का खेल चल रहा है। लगभग 2 किलोमीटर की सड़क है। इस सड़क के निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई है। सड़क उखड़ती चली जा रही है. तारकोल के नीचे गिट्टी की जगह मिट्टी डाली गई है, जबकि डामरीकरण से पहले गिट्टी डालकर उसे अच्छी तरह समतलीकरण करना जरूरी होता है। ग्रामीणों द्वारा सड़क की गुणवत्ता ठीक ना होने की जिला प्रशासन से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

पीलीभीत में युवक का शव धान के खेत में मिलाः तीन दिन से घर से था लापता, पास में मिली जहर की शीशी

पीलीभीत के दियोरिया कला थाना क्षेत्र के जमुनिया महुआ गांव में 16 अक्टूबर से लापता युवक की लाश मिली। मृतक की पहचान राजवीर के रूप में हुई है, जो गांव के ही ज्वाला प्रसाद का बेटा था। ग्रामीणों ने शनिवार सुबह धान के खेत में उसकी डेड बॉडी पड़ी देखी, जिसके बाद इसकी सूचना तुरंत परिजनों और पुलिस को दी गई। थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि मौके पर जहरीले पदार्थ की खाली शीशी मिलने से यह आशंका जताई जा रही है कि युवक ने आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिससे मौत के सही कारणों का पता चल सके। घरेलू विवाद बना आत्महत्या की वजह प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि राजवीर का अपनी पत्नी से लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था, जो अदालत में विचाराधीन था। माना जा रहा है कि इसी विवाद से परेशान होकर राजवीर ने आत्महत्या का कदम उठाया। फिलहाल, पुलिस हर पहलू की गहन जांच कर रही है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत अपात्रो को शौचालय दिए जाने के लग रहे आरोप

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी बिजुआ ग्राम पंचायत में हर घर शौचालय अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।बिजुआ ग्राम विकास अधिकारी कर रहे अपनी मनमानी। और धनबल कीदम परआपात्रों को शौचालयदिये जाने के आरोप ग्रामीण द्वारा लगाया जा रहे हैं। बताते चले बिजुआ ग्राम सभा में आज भी ऐसे गरीब लोग रह रहे हैं जो आज तक नहीं बनवा सके शौचालय और न ही सरकार की तरफ से ही मिल सका शौचालय का लाभ। पात्र लोग ग्राम विकास अधिकारी के कार्यालय के चक्कर लगाते लगाते थक गये और कई लोगो की तो घिस गयी चप्पलें, लेकिन ग्राम विकास अधिकारी केवल सहानुभूति देकर करते टाल मटोल।

सुविधा शुल्क की दम पर अपात्रों को बॉट रहे शौचालय।यदि इस मामले की ,हो जाये जांच तो बड़े घोटाले का पर्दाफाश होगा। ग्रामीण का आरोप हैकि खाऊ कमाऊ की नीति के चलते ग्राम विकास अधिकारी पर कोई भी कार्यवाही नही हो रही है।अखिर क्यो? योगी सरकार को बदनाम करने पर तुले है ब्लाक के जिम्मेदार।

पशुओं के आतंक से फसल हो रही है बर्बाद,आदेश के बाद भी नहीं बनी गौशाला

● झंझरा पांडे में बनी गौशाला बनी शो पीस। 76 ग्राम सभा के बीच बारह पंचायतो में है गौशाला।

स्वतंत्र प्रभात

बारा (प्रयागराज)। शंकरगढ़ विकासखंड में आवारा पशुओं के आतंक से किसानों की फसल बर्बाद हो रही है जिससे ग्राम पंचायत के किसानों का बहुत बुरा हाल है इसके साथ ही झझरा। ग्राम पंचायत में बनी गौशाला अभी तक मात्र शो पीस बनी है। पशुओं के बढ़ते आतंक के कारण विकासखंड के कुछ अन्य ग्राम पंचायत में गौशाला बनाने की मांग उठी है।

जूही ग्राम पंचायत के लोगों ने बताया कि उप जिलाधिकारी बारा एवं खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ को फरवरी 2023 को पत्र भेजकर जूही गांव में गौशाला निर्माण के लिए निर्देशित किया था। उसके बावजूद भी अभी तक जूही में गौशाला का निर्माण नही प्रारंभ हुआ। स्थानीय निवासी इंजीनियर आर के सिंह ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारियों एवम कर्मचारियों की लापरवाही से अभी तक चिन्हित जगह को खतौनी में भी दर्ज भी नहीं किया गया। जूही ग्राम सभा के ग्राम प्रधान दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मई 2022 को लेखपाल को उप जिलाधिकारी द्वारा ने जूही में चिह्नित भूमि को गौशाला के नाम खतौनी में दर्ज करने का आदेश दिया गया था। उसके बाद मैंने तीन बार उप जिलाधिकारी से पत्राचार किया कि चिन्हित जमीनों को गौशाला, चारागाह आदि के रूप में दर्ज किया जाए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

अगस्त 2022 को खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ ने भी जूही में गौशाला बनने की संतुष्टि की और चिन्हित जमीन को खतौनी में दर्ज करने के लिए उप जिलाधिकारी बारा से अनुरोध किया था। उसके बाद 31 जनवरी 2023 को पशु चिकित्सा अधिकारी ने भी उप जिलाधिकारी बारा को पत्र लिखकर जल्द से जल्द जमीन को खतौनी में दर्ज करने का अनुरोध किया ताकि गौशाला का निर्माण शुरू हो सके लेकिन अभी तक अधिकारियों कर्मचारियों की उदासीनता के चलते जूही गांव पंचायत में चिन्हित जमीन

को गौशाला के नाम खतौनी में भी दर्ज नहीं किया गया है तो गौशाला निर्माण तो दूर की बात है।

इसी तरह झझरा पांडे में बनी गौशाला मात्र शो पीस बनी है। वैसे देखा जाय तो झझरा पांडे में बनी गौशाला का निर्माण तो पहले ही हो चुका है । कुछ काम बाकी रह गया था जिसे समय रहते पूरा नहीं किया गया। लेकिन जिम्मेदारों से पूछने पर हर बार यही जवाब मिलता है कि गौशाला का कुछ काम बाकी था जिसे जल्द पूरा करके शुरू किया जाएगा। इस विषय पर ग्राम विकास अधिकारी का कहना है कि अभी कुछ काम बाकी था जल्द पूरा करके गौशाला को शुरू किया जाएगा। बता दें कि 76 ग्राम पंचायत में सिर्फ बारह ग्राम पंचायत में ही गौशालाओं का निर्माण किया गया है । भेलाव गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि हम लोगों के गांव की तरफ बहुत भारी मात्रा में आवारा पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं गांव में कई बीघा सरकारी भूमि मौजूद है जिस पर गौशाला बनाई जा सकती है। पशुओं के बढ़ते आतंक से जहां किसान परेशान हैं वहीं कई गांवों में पर्याप्त सरकारी जमीन होने के बावजूद भी गौशालाओं का निर्माण नही किया जा रहा है। बढ़ते पशुओं के आतंक और अस्थाई वंश आश्रय स्थल की सीमित संख्या होने की वजह से शंकरगढ़ विकासखंड के किसान परेशान व चिंतित हैं।

जिनके दामन में लगा है दाग, वह दे रहे हैं दलाली का सर्टिफिकेट

स्वतंत्र प्रभात

जो सालों से दलाली का व्यवसाय चला रहे थे आज कहते हैं शहर में दलाली बढ़ गई है...! मामला सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना के कर्तव्यनिष्ठ थानाध्यक्ष रामसेवक रावत के कर्तव्यों से जुड़ा है इनके पदस्थापन से पूर्व थाना क्षेत्र के आमलेगों को एक एफआईआर दर्ज कराने के लिए दलालों की मदद लेनी पड़ती थी। पीड़ित कई सीढ़ी पार कर थानाध्यक्ष के दफ्तर तक पहुंचते थे। थाना के गेट के बाहर ही एफआईआर दर्ज कराने को लेकर पीड़ित और दलालों के बीच मोलभाव तय हो जाता था लेकिन हाल के समय में ऐसा नहीं है अब पीड़ित बेझिझक थानेदार के दफ्तर अपनी फड़ियाद लेकर पहुंचते हैं और थानेदार से अपनी पीड़ा सुनाते हैं दलालों की एक नहीं चलती है।

पहले दलाल होते थे मालामाल अब हो रहे हैं कंगाल–

एक पुख्ता रिपोर्ट और साक्ष्य के आधार पर जब एक दलाल से उसके नाम नहीं सामने आने देने का वादा किया गया तो उन्होंने चौंकाने वाले खुलासे किए। ये तथाकथित दलाल लाखों रुपए कमाने का दाबा किया। उन्होंने कहा कि थाना में एफआईआर दर्ज कराने से लेकर अस्पताल से इंजुरी रिपोर्ट उपलब्ध कराने का काम करते थे। अब वर्तमान समय में इन तथाकथित दलालों की हालत ये है कि इनके रोजाना हो रहे अवैद्य आमदनी पर वर्तमान थानेदार ने अंकुश लगा दिया है जिससे ये चिन्हित दलाल सड़क पर आ गए हैं और इन दलालों के सामने अब भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

जमीनी विवाद के एक झूठा एफआईआर थानेदार द्वारा दर्ज नहीं करने पर अवैद्य रूप से मुकदमे दर्ज कराने वाले लोगों की जब थानेदार के पास नहीं गली दाल तो उन्होंने एकजुट होकर थानेदार सहित कुछ लोगों के दामन में दाग लगाने की कोशिश शुरु कर दिए। ऐसे चिन्हित स्वार्थी तथाकथित समाज के ठेकेदार लोग थानेदार को बदनाम करने से लेकर उनके यहां से तबादले कराने तक के लिए एड़ी चोटी एक किए हुए हैं ये तथाकथित समाज के ठेकेदार लोग कभी डीआईजी, कभी एसपी, कभी एमएलए तो कभी मंत्री तक के दरवाजे शहर में और क्षेत्र में पुलिस पर अपनी पकड़ बनाने के लिए थानेदार के तबादले को लेकर उनका दरवाजा खटखटा रहे हैं। ये तथाकथित दलालों और समाज के ठेकेदारों ने देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी तक को बदनाम करके रख दिया है राजनीतिक पार्टी के आड़ में अपनी झूठी साख बचाने के लिए ऐसे चिन्हित तकरीबन सोलह लोग एक जुट होकर थानेदार के तबादले की मांग कर रहे हैं इन सभी सोलह लोगों के पिछले इतिहास को देखा जाय तो कोई समाज में गंदगी फैलाने के लिए बीयर बार चला चुके हैं और अब गैस की ब्लैक मार्केटिंग तक कर रहे हैं तो कोई अभी भी केश में से नाम हटवाने के नाम पर भोले भाले लोगों से वसुली कर रहे हैं तो कोई चुनावी मैदान में उतरकर हार का मुंह तक देख चुके हैं इसमें शामिल कई लोग ऐसे भी हैं जो पर्दे के पीछे से समाज में एक दूसरे को आपस में लड़वा कर अपनी जीविका तक चलाते हैं ये लोग अगर समाज के तथाकथित धनाढ लोगों के साथ छोटी सी भी कोई परेशानी होती है तो सड़क से लेकर अधिकारी मंत्री संत्री तक सभी के पास जा-जा कर अपनी झूठी दुखड़ा सुनाने लगते हैं।

बहरहाल आजकल बाजार में एक चर्चाएं आम हो गई है लोगों में अब ये चर्चा है कि तथाकथित ये दलाल लोग अब अपनी बेइज्जती खुद करवा रहे हैं आम लोग थानेदार के कार्यशैली से बहुत खुश हैं तो समाज के झूठे ठेकेदार थानेदार के तबादले को अपनी चुनौती बना बैठे हैं अब देखना ये है कि एक ईमानदार छवि के अधिकारी को ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन करने का फल मिलता है या फिर इन गलत मानसिकता वाले लोगों का सिक्का यूं ही चलता रहेगा।

डेढ फिट पर पाइप डलवाकर मानको की धज्जिया उडा रहे ठेकेदार व जे ई

● मामला ग्राम पंचायत शंकर पुर ब्लाक ईसानगर का है।

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी जिले में जल निगम विभाग के ठेकेदार पाइप लाइन खुदाई में बड़ा घोटाला कर रहे वर्क आर्डर 1 मीटर अंदर पाइप डालने का लेकिन ठेकेदार डाल रहे डेढ़ फीट पर पाइप। मौजूदा जेई अमन कुमार और मुन्सी गुड्डू खड़े होकर पाइप लाइन कम पर डलवाने का कार्य किया है फ़ोन से बातचीत हुई तो अमन जेई और ठेकेदार ने बताया है की जितना मानक ऊपर से दिया गया है उतना हो रहा है।

अमन ने यह भी कहा है एक 10 के अन्दर पाइप डाली जाती है। जेई को मानक पता है फिर भी सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। जेई से बात हुई तो उन्होंने आस्वसन दिया है यदि पाइप ऊपर है तो दोबारा खुदाई कार्य होगा अब आगे देखना है की ब्लाक के जेई कार्रवाई करते हैं या ठेकेदारों के हौसले बुलंद रहते हैं। जिला प्रशासन और जल निगम विभाग ध्यान दें और करे कार्यवाई तभी हो सकता है सुधार।

संक्षिप्त ख़बरें

खिड़की तोड़कर बैंक में घुसा चोर, पुलिस ने मौके पर दबोचा

बस्ती। जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बड़ौदा-यूपी बैंक महराजगंज बस्ती की शाखा का खिड़की काटकर अंदर घुसे चोर को गार्ड की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाने पर ले जाकर पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही थी। बड़ौदा-यूपी बैंक महाराजगंज बस्ती शाखा में रात करीब दस बजे एक चोर खिड़की में लगे लोहे के छड़ को काटकर अंदर घुस गया था। ड्यूटी पर मौजूद गार्ड जगदीश वर्मा कुछ शक हुआ तो वह सतर्क हो गया और इसकी जानकारी उसने आसपास के लोगों तथा पुलिस को दे दिया। लोगों ने हो हल्ला मचाया तो मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर महराजगंज चौकी पुलिस के अलवा कप्तानगंज पुलिस (Kaptanganj Police) मौके पर पहुंची। मौके पर बैंक की लोहे की खिड़की कटी हुई मिली लेकिन दरवाजा बंद होने के चलते पुलिस और लोग असहाय दिखे।थाना प्रभारी कप्तानगंज थाना प्रभारी कप्तानगंज दीपक दुबे फोर्स के साथ अंदर घुसे और चोर को पकड़कर थाने पर लेकर चले गये। पकड़ा गया चोर रामतोल हरैया थाना क्षेत्र खेमराजपुर का निवासी है। जानकारी के मुताबिक यह अक्सर बैंक आया करता था।

कार्यो की गुणवत्ता को लेकर भाजपा नेता ने जताई आपत्ति, किया ये काम

अम्बेडकरनगर। कार्यों में हो रहे अनियमितता को लेकर भाजपा नेता ने विरोध दर्ज कराते हुए कार्य को रुकवाकर पुनः माप कराकर कार्य पूर्ण करवाने की मांग की। प्रसिद्ध मंदिर बाबा झारखंड में हो रहे विकास कार्यो को देखने पंहुचे भाजपा मंडल अध्यक्ष मालीपुर शुभम पांडेय रुद्र ने मानक के अनुरूप न होने का आरोप लगाते हुए कार्य को रुकवा दिया। उन्होंने जेई और ठेकेदार से पूरी माप लेकर पुनः कार्य करने की बात कही। शुभम पाण्डेय रुद्र ने बताया कि भाजपा सरकार से जिस तरह सभी मंदिरों का विकास कार्य हो रहा है। बाबा झारखंड में भी 78 लाख रुपए का आवंटन हुआ है। 350 मीटर के लगभग पत्थर बाकी पूरे फील्ड में इंटरलॉकिंग 6 पत्थर के कुर्शी और एक बड़ा सा पंडाल और पानी निकासी के लिए नाली साथ मे एक बड़ा सा गेट बनना प्रस्तावित है।इस अवसर पर बरौली के पूर्व प्रधान प्रदीप मिश्र, अनंत मिश्र, भोला यादव , उत्कर्ष पाण्डेय आदि ग्राम वासी भी मौजूद रहे।

कृषि विज्ञान केंद्र पर मक्का की उन्नत खेती विषयक पर होगा प्रशिक्षण

अम्बेडकरनगर। आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र पातीं में सिमेट योजनांतर्गत किसानों को उपलब्ध कराए गए मक्का की नवीन प्रजातियों पी. जे. एच. एम.-1,कलिंग राज एवं आई. ऐम. सच. 224 का प्रक्षेत्र परीक्षण विकासखंड- कटेहरी एवं भीटी में कराया गया है। शनिवार को एक्रीसेट, हैदराबाद के प्रधान वैज्ञानिक डा.पी.एच. जैदी ने कृषि विज्ञान केंद्र पाती, अंबेडकर नगर के अध्यक्ष एवं वैज्ञानिक डॉ. राम जीत, उद्यान वैज्ञानिक डा. शशांक शेखर सिंह, डॉ. राम गोपाल यादव एवं डॉ. जे.पी. राम के साथ प्रक्षेत्र भ्रमण कर नवीन प्रजातियां का अवलोकन कर किसानों को सलाह दिया कि खरीफ मक्का की बुआई मेंड बनाकर लाइन में करें। लगाई गई मक्का की प्रजातियों के विषय में किसानों से जानकारी प्राप्त किया। डा .जैदी ने किसानों को अवगत कराया कि सिमेट द्वारा मक्का की उन्नत खेती विषयक प्रशिक्षण कृषि विज्ञान विज्ञान केंद्र ,पाती, अंबेडकर नगर में कराया जाएगा।

3 नवंबर को बरही में धूमधाम से मनाया जाएगा चित्रगुप्त पूजा

पूर्वाहन 10 बजे से पूजा और संध्या 7 बजे से होंगे सामूहिक प्रीति भोज

बरही- प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगमी 3 नवंबर को न्यू कॉलोनी के सूर्य मंदिर परिसर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाया जायेगा. उक्त निर्णय शुक्रवार की देर संध्या न्यू कॉलोनी निवासी चित्रांश चंदन कुमार कर्ण के आवास पर संपन्न हुए बैठक में बरही चित्रांश परिवार के सदस्यो ने लिया. बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष मनोज घोष और संचालन सचिव आशुतोष कुमार सिन्हा ने किया. जिसमे सर्वसम्मति से पूर्वाहन 10 बजे से पूजा और संध्या 7 बजे से सामूहिक प्रीति भोज आयोजित करने का निर्णय लिया गया. साथ ही पूजा में सभी चित्रांशो से समय उपस्थिति एवं सहयोग की अपेक्षा की गई. बैठक में बरही चित्रांश परिवार के वरिष्ठ संरक्षक उपेंद्र प्रसाद, राजेंद्र रुखरियार, शैलेंद्र सिन्हा, विनय कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा सहित कुणाल कटरियार, चंदन सिन्हा, लक्की कुमार सिन्हा, विक्की सिन्हा, प्रभात कुमार सिन्हा आदि कई चित्रांश मौजूद थे।

बस्ती मंडल में धान खरीद घोटाले में साढ़े छह करोड़ रूपया फसा केंद्र प्रभारियों पर जारी हुई आरसी होगी कुर्की

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती मंडल के तीनों जिलों में धान खरीद घोटाले में आरोपियों से वसूली अभी नही हो पाई है। जिसमें क्रय केंद्र प्रभारियों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के बाद भी साढ़े छह करोड़ की वसूली पूरी नहीं हो पा रही है। धान खरीद वर्ष 2023- 24 में सिद्धार्थनगर में सर्वाधिक तीन करोड़ 17 लाख रुपये धान क्रय केंद्रों पर बकाया है। बस्ती में एक करोड़ 84 लाख रुपये अभी क्रय केंद्र प्रभारियों से जमा होने हैं। मिलरों पर भी एक करोड़ 17 लाख बकाया है, जबकि संतकबीर नगर में करीब 30 लाख जमा होने हैं। अब विभाग आरसी जारी कर वसूली की प्रक्रिया में जुटा है। इसके बाद कुर्की की कार्रवाई हो सकती है।बस्ती जिले में छह केंद्र प्रभारियों पर मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिनमें रामगढ़ खास के धान क्रय केंद्र प्रभारी 16 लाख 46 हजार 800 रुपये जमा कर दिया है। क्रय विक्रय केंद्र बढ़?यालाल सिंह केंद्र प्रभारी 55 लाख 49 हजार, बी-पैक्स ठाकुरपुर पर 37 लाख 13 हजार, बी पैक्स शंकरपुर पर 14 लाख 35 हजार, बी-पैक्स पचवस हियारूपुर पर 27 लाख 25 हजार, डीसीएफ भैसहा केंद्र प्रभारी पर नौ लाख 80 हजार, साधन सहकारी संघ चिलमा परसन पर 15 लाख 28 हजार बकाया चल रहा है। इन सभी को बकाया धन जमा करने के लिए 15 अक्टूबर तक का समय विभाग से दिया गया था, लेकिन छह केंद्र प्रभारियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। जिले के एक राइस मिल पर भी एक करोड़ 17 लाख रुपये बकाया है।

यह हो चुके हैं निलंबित

क्षेत्रीय प्रबंधक पीसीएफ चंद्रशेखर, बस्ती व सिद्धार्थनगर के जिला प्रबंधक अमित चौधरी, लेखाकार आशीष और संतकबीर नगर के प्रभारी जिला प्रबंधक-लेखाकार मुनेश्वर प्रसाद निलंबित चल रहे हैं। सहायक निबंधक सहकारिता आशीष श्रीवास्तव के अनुसार एक केंद्र प्रभारी ने पैसा जमा कर दिया है, अन्य छह के विरुद्ध आरसी जारी की गई है।

एम्बुलेंस फर्जीवाड़े की जांच किस शासन को भेजा गया

● सब गोलमाल है भाई गोलमाल आखिर जांच की रिपोर्ट किस शासन में धूल-फांक रही है

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। एम्बुलेंस बिना मरीजों के चक्कर लग रही थी मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद कई महीनो तक जनपद अंबेडकर नगर में जांच चली मीडिया कर्मियों ने जांच के बारे में जब जानकारी अधिकारियों से लिया तो जांच अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह जांच शासन तक पहुंचा दिया गया । गौरतलाप है की जांच तीन बार हुई अधिकारियों की माने तो फर्जीवाड़ा हुआ था लेकिन जांच रिपोर्ट देने में कतरा रहे है थे जब इसकी शिकायत किया गया तो निस्तारण लिखा गया यह जांच गोपनीय है दिया नहीं जा सकता जांच आख्या की रिपोर्ट लगाने वाले मुख्य चिकित्सा अधिकारी हैं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ऐसा क्यों लिखा कि यह जांच गोपनीय है जबकि एंबुलेंस सेवा जनहित के लिए चलाई जा रही हैं आखिर उसे जांच रिपोर्ट में क्या था जो गोपनीय बताया गया जो कि मीडिया में प्रेस विज्ञप नहीं दिया गया जिस तरीके मीडिया को गुमराह किया गया यह सवालों के घेरे में हमेशा मुख्य चिकित्सा अधिकारी बने हुए हैं।

जन सूचना के माध्यम से जब महानिदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम अनुप्रवण एवं मूल्यांकन परिवार कल्याण महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ से अवगत कराया गया

दिनांक 14/06/2022 से 102 एम्बुलेंस सेवा अवधि में ट्रिपो में हुई वृद्धि के दृष्टगत समस्त ट्रिपो का सत्यापन कराते हुए आख्या परिवार कल्याण महानिदेशक एवं मिशन मुख्यालय को उपलब्ध करवाने के निर्देशित दिए गए हैं और यह भी लिखा गया जांच रिपोर्ट एवं कार्यवाही की छायाप्रति की मांग की गई उक्त पत्र में उल्लेखित मिशन मुख्यालय के पत्र स0-1749-50 दिनांक 14/06/2022 के अवलोक में सम्बंधित किसी भी जनपद से परिवार कल्याण महानिदेशालय स्तर पर कोई सुचना उपलब्ध नहीं कराई गई

एम्बुलेंस फर्जीवाड़े की जांच किस शासन को भेजा गया

जन सूचना मे आई रिपोर्ट यह साबित करता है जांच शासन तक पहुंचाई ही नहीं गई तो कार्यवाही कैसे होगी सब गोलमाल है भाई सब गोलमाल आखिर जांच की रिपोर्ट किस शासन में धूल- फांक रही है साहेब कहीं ऐसा तो जीवीके जीवनदायिनी कम्पनी का भरा सूटकेस मिल तो नहीं गया आखिर एम्बुलेंस फर्जीवाड़े का जांच की फाइल इस दफ्तर में धूल खाक गई बहुत सवाल खड़े हो गए इसीलिए तो बताया गया कि जांच गोपनीय है वाह साहेब वाह अगर बेवकूफ बनाना सीखना है तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीखना फिलहाल देखना यह जिले के जिम्मेदार अधिकारी शासन से कब तक कार्रवाई करवा पाते हैं किसी चुनौती से कम नहीं।

प्रार्थना सभा की आड़ मे धर्मांतरण करने वाला मुख्य आरोपी गया जेल

स्वतंत्र प्रभात

मिल्कीपुर अयोध्या। धर्मांतरण कराने वाले आरोपी अरूण कुमार को पलिस ने जेल भेज दिया जबकि ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा आयोजित कराने वाले शिव मिलन को पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है। शिव मिलन घर में ताला बंद कर परिवार सहित फरार हो गया है । कुमारगंज थाना क्षेत्र के तिंदौली पूरे पासिन गांव में शुक्रवार को आयोजित की गई ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए अयोध्या जिले के अलावां काफी संख्या मे सुल्तानपुर, अमेठी जनपद के कई महिलाएं व पुरूष आए थे। जिसमें सभी को पैसे का लालच देकर ईसाई धर्म स्वीकार करने के लिए कहां जा रहा था । ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी इसके बाद पहुंची पुलिस ने घर के अंदर से कई महिलाओं, बच्चों तथा मुख्य आरोपी अरुण कुमार को मौके से गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दबाव मे आनन फानन में अरुण कुमार व शिव मिलन के बिरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया तथा अरूण कुमार को जेल भेज दिया। शनिवार को पुलिस आयोजन कर्ता शिव मिलन के घर आठ बार दबिश दी लेकिन उसके घर में ताला ही बंद मिला पुलिस कई लोगों से उसके बारे में पूछताछ कर रही है।

तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी रितुराज पाण्डेय को बचाने में जी - जान से लगे डी पी आरो

● पन्द्रह लाख रुपये के अपने विभाग का भ्रष्टाचार छिपाने में जिला पंचायत राज अधिकारी को लगे पाँच साल

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। जनपद के पंचायत राज विभाग में भ्रष्टाचार का आलम इस कदर बढ़ गया है कि जिला पंचायत राज अधिकारी को अपने विभाग के पन्द्रह लाख रुपये के घोटाले को छिपाने व तत्कालीन बीडीओ व ग्राम पंचायत अधिकारी रितुराज पाण्डेय को बचाने में पाँच साल गुजर गए । भ्रष्टाचार छिपाने में जिला पंचायत राज अधिकारी एण्ड कम्पनी सफल भी रही परन्तु समाजसेवी धर्मेन्द्र की शिकायत ने भ्रष्टाचारियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया । धर्मेन्द्र कुमार पुत्र राम उजागिर निवासी पकड़ी सोयम विकास खण्ड - रुधौली ने जिला पंचायत राज अधिकारी बस्ती को दिनांक 29-02-2024 को शिकायती पत्र भेजकर ग्राम पंचायत अधिकारी रितुराज पाण्डेय के द्वारा की गयी वित्तीय अनियमितता की शिकायत किया था । जिला पंचायत राज अधिकारी ने मामले की जाँच करवाया तो वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई जिसमें सेक्रेटरी रितुराज पाण्डेय द्वारा विकास खण्ड राधौली से स्थानान्तरण के बाद ग्राम पंचायत मझौआ कला के फस्ट खाते से 595280 रुपये , ग्राम पंचायत भरौली से 389718 रुपये व ग्राम पंचायत पैंडा से 519924 रुपये कुल योग रुपये 1504922 का आहरण रुधौली विकास की ग्राम पंचायतों से किया गया है । वित्तीय अनियमितता की पुष्टि होने के बाद विभाग द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है यदि जाँच व कार्यवाही सही दिशा में आगे बढ़ी तो ग्राम पंचायत अधिकारी रितुराज पाण्डेय की मुश्किलें बढ़ना तय हैं । फिरहाल जिन भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे होना चाहिए वह जिला पंचायत राज अधिकारी से दुरभि संधि करके खुलेआम अपने लाइसेंसी असलहे की बदौलत लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ मीडिया को धमकाने का कार्य कर रहा है ।

चकबंदी लेखपाल निलंबित, बीडीओ भाटपाररानी को प्रतिकूल प्रविष्टि

●एमडीएम निधि से अतिरिक्त पैसा निकालने पर प्रधानाध्यापक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भाटपाररानी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

डीएम एवं एसपी ने की जन समस्याओं की सुनवाई

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में शनिवार को भाटपाररानी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान उन्होंने जन समस्याओं को निस्तारण में कोताही बरतने पर चकबंदी लेखपाल को निलंबित, बीडीओ भाटपाररानी को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं एक प्रधानाध्यपक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। लोगों को अकारण न दौड़ाया जाए। कोताही मिलेगी तो उत्तरदायित्व तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्राम मधउर निवासी बृजनन्दन पुत्र रामप्रीत ने जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने चकबंदी लेखपाल अमरनाथ गुप्ता से कई बार नियमानुसार इंतखाप की दरखूवास्त दी, किंतु, लेखपाल ने नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने चकबंदी विभाग के सीओ से शिकायत की, जिसपर उन्होंने लेखपाल को तत्काल इंतखाप देने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद भी लेखपाल ने तीन बार दौड़ाया और बाद में अहस्ताक्षरित इंतखाप दिया। उन्होंने जब लेखपाल से हस्ताक्षरित इंतखाप की मांग की तो वो टालमटोल करने लगा। बृजनन्दन ने डीएम से हस्ताक्षरित इंतखाप दिलाने की गुहार लगाई। डीएम ने प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया और तुरंत प्रकरण की जांच कराई। प्रथमदृष्टया आरोप सही पाया गया, जिस पर उत्तरदायित्व तय करते हुए डीएम ने चकबंदी लेखपाल अमरनाथ गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया। साथ ही बृजनन्दन को हस्ताक्षरित इंतखाप उपलब्ध कराया गया।

प्राथमिक विद्यालय पिपरा दक्षिण पट्टी के प्रधानाध्यापक रामेंद्र कुमार गौतम द्वारा ग्राम प्रधान से धोखे से हस्ताक्षर कराकर मध्याह्न भोजन निधि से एक लाख रुपये अतिरिक्त धन का आहरण कर लिया गया। ग्राम प्रधान के द्वारा जिलाधिकारी से शिकायत की गई, जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने बीएसए को संबंधित प्रधानाध्यापक के विरुद्ध निलंबन की कारवाई एवं प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। ग्राम करौदा निवासी संतोष कुमार सिंह ने चकमार्ग पर अतिक्रमण से जुड़े प्रकरण के संबन्ध में प्रार्थनापत्र दिया। प्रकरण के निस्तारण के संबन्ध में डीएम ने बीडीओ भाटपाररानी को पूर्व में भी निर्देशित किया था। किंतु, बीडीओ द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई न करने तथा इसके संबन्ध में उच्चाधिकारियों को सूचित न करने पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई और बीडीओ भाटपाररानी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया।

कृति शाही पुत्री विनय कुमार शाही ने अपने शिकायती पत्र में कहा कि पात्र गृहस्थी राशनकार्ड के लिए उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया है, जो अभी तक नहीं मिला है। डीएम ने डीएसओ को प्रकरण जांचने के लिए कहा, जिसके कुछ मिनट बाद ही पात्र गृहस्थी राशनकार्ड की प्रिंट निकालकर डीएम ने उसे सौंपा। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारी, थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ितों को न्याय मिले। पुलिस अधिकारीगण प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

समाधान दिवस में 124 प्रकरण आये, जिसमें से 10 प्रकरण का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों को 7 दिन के भीतर गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। आज आए प्रकरणों में राजस्व विभाग के 88, पुलिस के 11, विकास विभाग से 8, शिक्षा विभाग से 2, स्वास्थ्य विभाग से 2 एवं अन्य विभागों से 13 प्रकरण शामिल है। इस दौरान सीएमओ डॉ राजेश झा, एसडीएम भाटपाररानी रत्नेश तिवारी, सीओ दीपक शुक्ला, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, डीसी मनरेगा आलोक पांडेय, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार, डीएसओ संजय पांडेय, नायब तहसीलदार अभिजीत प्रताप सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

चोरी की घटना को दो घंटे में पुलिस ने किया पर्दाफाश, आरोपियों को भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। महरुआ थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव से साइकिल चोरी की घटना को दो घंटे में पुलिस ने पर्दाफाश किया है। महरुआ थाना क्षेत्र के भिखारी पुर गांव निवासी पीड़ित नितेश कुमार पुत्र सभाजीत की साइकिल अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लेने के मामले में महरुआ थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह के सख्त दिशा निर्देश पर उपनिरीक्षक अर्जुन अपने हमराही हेड कांस्टेबल सचिन सिंह के साथ पावर हाउस हीडी पकड़िया मार्ग पर गस्त कर रहे थे। तभी अचानक चक रोड पर दो संदिग्ध व्यक्ति साइकिल से आते दिखाई पड़े। पुलिस को देख भागने के प्रयास में थे तभी उन्हें रोक कर पूछताछ करने पर सही जवाब न मिलने पर शक गहरा जाने के कारण दोनों व्यक्ति को साइकिल सहित महरुआ थाने पर लाया गया। कड़ाई से पूछताछ की गई तो दोनों ने साइकिल चोरी करने का जुर्म कबूल करते हुए जुर्म स्वीकार किया। जिसकी पहचान अर्जुन निषाद पुत्र भिखारी निषाद निवासी ग्राम महरुआ उम्र लगभग 20 वर्ष व दूसरा जसवंत कुमार धुरिया पुत्र विदेशी धुरिया उम्र 40 वर्ष निवासी सिलावट के रूप में हुई है। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

परिषदीय स्कूलों के विकास हेतु जारी रहेगा हर संभव सहयोग- अरविन्द पाल

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। शुक्रवार को बनकटी ब्लाक सभागार में सत्र 2023-24 में विकास खण्ड बनकटी के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 8 में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं में से 39 बच्चों ने राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उनका तथा विद्यालय के अध्यापकों का प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अभय सिंह यादव के संयोजन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बस्ती मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक संजय कुमार शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जिन छात्रों को सफलता मिली है निश्चित रूप से उसमें उनके गुरूजनों का प्रयास रहा है। कहा कि शिक्षक इसी प्रकार से रचनात्मक पहल कर छात्रों को बेहतर शिक्षा के साथ ही उन्हें सृजनात्मक अवसरों से जोड़े। एक ब्लॉक में 39 बच्चों का उत्तीर्ण होना अपने आप में एक मिसाल है। इससे अन्य शिक्षकों को प्रेरणा लेनी चाहिये।

विशिष्ट अतिथि इं0 अरविन्द पाल ने परिषदीय विद्यालयों का भरपूर सहयोग करने का आश्वासन देते हुए संविलियन विद्यालय बनकटी, प्राथमिक विद्यालय पंखों बारी, प्राथमिक विद्यालय बासापार, प्राथमिक विद्यालय कैथोरा, प्राथमिक विद्यालय बसौढी के प्रधानाध्यापक को विद्यालय के लिए एक-एक लोहे की अलमारी अपने सहयोग से प्रदान किया । संचालन अतुल कृष्णराज ने किया। एआरपी बंसराज गुप्ता ने छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत उत्तीर्ण छात्राओं को मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 12000 प्रतिवर्ष चार वर्ष तक मिलेगा इस प्रकार से एक बच्चे को 48000 प्राप्त होगा । इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रघुनाथ सिंह, शिक्षाविद डॉक्टर अनिल मौर्य, मिथिलेश श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक बच्चे को एक सम्मान पत्र, एक मेडल, एक कापी और ज्योमेट्री बाक्स द्वारा तथा शिक्षकों को एक सम्मान पत्र और एक मेडल द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सुदर्शन प्रसाद त्रिपाठी रामचन्द्र शुक्ल, प्रधान संघ के अध्यक्ष रवि चन्द्र पांण्डेय, खंड विकास अधिकारी भवानी प्रसाद शुक्ला, कृष्णकांत तिवारी, कृष्ण कुमार, अशोक कुमार मौर्य, चंद्रशेखर शर्मा, मोहम्मद इकबाल, दुर्गेश राव, राकेश मिश्रा, दीपक कुमार पाण्डेय, राधेश्याम गुप्ता ने आदि ने संबोधित किया।

कार्यक्रम संयोजक प्राथमिक शिक्षक संघ के बनकटी के ब्लाक अध्यक्ष अभय सिंह यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि छात्रों को बेहतर शिक्षा के साथ ही राष्ट्रीय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कराने की दिशा में शिक्षकों का प्रयास सराहनीय है। राष्ट्रीय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 39 विद्यालयों में संविलियन विद्यालय अहरा, दीक्षापार, अरइल, आमचांदी, घुकसा, अमरडोभा, रामपुर रेवटी, एकडंगी, बनकटी, देवमी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गूमानारी, पड़री, मनिकौरा खुर्द व खरका के छात्र शामिल रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशा त्रिपाठी, संध्या त्रिपाठी, दीपक चौरसिया, नवीन चौधरी, जयप्रकाश शुक्ला, कविंद्र चौधरी, ध्रुव नारायण दुबे, मारकण्डेय मिश्रा, निवेदिता तिवारी, नीलम, चंद्रशेखर गुप्ता, आदित्यनाथ त्रिपाठी, सुनीता, भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष विवेकानन्द शुक्ला, राघवेन्द्र उपाध्याय, राकेश उपाध्याय, अजीत चौधरी, सत्येन्द्र यादव, मोहम्मद कामरान, अब्बू, माज, मुकेश, सोनू यादव, मोहम्मद कुशक, दान बहादुर यादव, विवेक तिवारी, मो. इश्तियाक, आदित्य पांण्डेय, मंजेश राजभर, रवि प्रताप सिंह, मारूफ खान के साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक मौजूद रहे।

नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन बरही से 2 एवं बरकट्ठा से 2 प्रपत्र बिके

स्वतंत्र प्रभात

बरही- झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नामांकन प्रपत्र खरीदने और भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। नामांकन प्रपत्र बिक्री के दूसरे दिन बरही विधानसभा से दो और बरकट्ठा विधानसभा से भी दो फॉर्म बिके। बरही से फॉर्म खरीदने वालों में जेएलकेएम के कृष्ण कुमार यादव पिता बंशी यादव और निर्दलीय अर्जुन प्रसाद केशरी पिता स्व. जगदीश प्रसाद केशरी शामिल हैं। वहीं बरकट्ठा से निर्दलीय संतोष नायक पिता लेखराज नायक और कुमकुम देवी पति यमुना साव ने नामांकन पत्र खरीदा है। इससे पहले शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन बरही विधानसभा से दो और बरकट्ठा विधानसभा से तीन फॉर्म बिक चुके थे, जिससे प्रत्याशियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का संकेत मिल रहा है।

हत्याकांड के खुलासे में दिलचस्पी नही दिखा रही मुण्डेरवां पुलिस, गला काटकर हुई थी हत्या

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। मुण्डेरवां थाना क्षेत्र के रामपुर रेवटी निवासी सन्तोष गुप्ता पुत्र भाष्कर गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर भाई की हत्या का खुलासा करने की मांग किया है। रामपुर रेवटी गांव के हरिकान्त गुप्ता की 03 मई की रात में गला काटकर हत्या कर दी गई थी। सन्तोष गुप्ता का कहना है उनके भाई घर के बाहर तख्त पर सोये थे। उठकर कब और कहां चले गये ये कोई नही जानता।रात करीब 1.00 बजे घर के बाहर कुछ दूरी पर सो रहे पिता को उन्होने जगाया। पिता ने देखा तो वे पागल समझकर भगाने लगे, बाद में हरिकान्त की बेटी (14) आई और उसने कहा बाबा भगाओ नही ये हमारे पापा हैं। वे खून से लतपथ थे, गला कटा हुआ था। दोनो हाथ बंधे हुये थे। सन्तोष गुप्ता का कहना है कि अभी हम लोग सोच ही रहे थे कि क्या किया जाये इतनी रात में, बगल के रहने वाले राकेश सिंह व विमल सिंह पुत्र रामचरन सिंह बगैर किसी के बुलाये रात में 1 बजे हमारे घर आ गये। विमल सिंह बुरी तरह कांप रहे थे, 20 हजार रूपया दिये और खुद ही वाहन की व्यवस्था की। हरिकान्त को मुण्डेरवां थाने पर ले गये, वहां बोला गया पहले इलाज कराओं।कोई पुलिसकर्मी साथ नही आया। उन्हे जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने भी बगैर पुलिस के इलाज करना शुरू कर दिया। करीब एक घण्टे बाद उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस 6 महीना बाद भी इस मामले में खाली हाथ है। पुलिस ने संदिग्धों के घर की कोई जांच नही की। मामले की लीपापोती करती रही। जबकि 15.8.24 को पुलिस ने सुमन सिंह (विमल सिंह की भाभी) के घर की तलाशी लिया तो घर पूरी तरह धुला हुआ पाया गया जबकि महीनों से घर में कांई मौजूद ही नही था। 29 सितम्बर को काफी बरसात होने पर सुमन सिंह के घर के सामने गड्ढे में गद्दा और तकिया पानी के ऊपर तैरता हुआ मिला, पुलिस को सूचना दी गई तो इसे बरामद कर जांच के दायरे में लिया गया। गद्दा तकिया खून से सना हुआ था। सुमन सिंह अकेले रहती हैं उनके पति पवन सिंह बाहर रहते हैं।सन्तोष गुप्ता का कहना है कि इस मामले में पुलिस को तहरीर भी संदिग्धों नही ने ही दिया था। ऐसे अनेक तथ्य है जिनकी मदद से हत्या मामले का खुलासा हो जायेगा। लेकिन पुलिस जानबूझकर तथ्यों पर परदा डाल रही है और अभियुक्त आजाद घूम रहे हैं। सन्तोष गुप्ता का कहना है कि भाई हरिकान्त गुप्ता की हत्या में राकेश सिंह, विमल सिंह, सुमन सिंह, अमृत सिंह, लल्ला सिंह, सोनू सिंह, बुलेट सिंह, राजेश पुत्र सुखराज, सुबराती पुत्र गुलाम अली तथा जितेन्द्र सिंह शामिल हैं या तो इन्हे घटना की पूरी जानकारी है। कड़ाई से पूछताछ करने पर हत्याकांड का खुलासा हो जायेगा। सन्तोष गुप्ता का ये भी कहना है कि पुलिस ने मामले के खुलासे में दिलचस्पी नही दिखाई तो साफ जाहिर है कि उच्च स्तरीय दबाव और पैसों की लालच में इंसाफ का गला घोंटा जा रहा है और अभियुक्तों को संरक्षण दिया जा रहा है।

संक्षिप्त ख़बरें

शांति पूर्ण कार्य होने पर रामलीला और सभी सहयोगियों को किया गया सम्मानित

मेले का विहंगम दृश्य ..

निगोहां- निगोहां बाल दशहरा मेला सम्पन्न होने के बाद मेले के सभी रामलीला के किरदारों व सहयोगियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि कस्बे में लगने वाला अत्याधिक भीड़भाड़ वाला बाल दशहरा मेला 12 अक्टूबर को शान्तिपूर्ण सम्पन्न होने के बाद मेला प्रबन्धक संजीव शुक्ला ने अपने सभी सहयोगियों व रामलीला कलाकारों को शनिवार को मेला मैदान में पुरस्कृत किया।इस अवसर पर संजीव शुक्ला ने डीसीपी साउथ केशवकुमार मिश्रा एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा सहित निगोहा थाना प्रभारी अनुज तिवारी सहित ब अन्य पुलिस बल को शान्तिपूर्ण ढंग से मेले को कराने के लिए धन्यवाद दिया।वही रावण निर्माण के कारीगरों व रामलीला के किरदारों सहित मेले में लगे सहयोगियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ शिवमोहन गुप्ता कृष्ण मोहन तिवारी निशु मिश्रा दीपू बाजपेयी मोहम्मद ताहिर दुर्गेश सोनी कल्लू गुप्ता उस्मान रामेश्वर व रामदेव आदि मौजूद रहे।

बाइक सवार युवकों को अज्ञात वैन ने मारी टक्कर, एक की मौत,एक गंभीर घायल

माल, लखनऊ। माल - जेहटा मार्ग पर जगदीश पुर गांव के निकट अज्ञात वैन ने दो बाइक सवारों को मारी जोरदार टक्टर एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल। आपको बता दें माल - जेहटा मार्ग पर जगदीश पुर गांव के निकट स्थित मंदिर के पास उस समय अचानक अफरा तफरी मच मच गई जब काकराबाद निवासी बाईस वर्षीय सचिन अपने रिश्तेदार करन के साथ बाइक पर सवार होकर करवा देने जा रहे थे,तभी सामने से अज्ञात वैन ने जोरदार टक्कर मार दी,टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों दूर सड़क पर झिटक कर जा गिरे, वैन बाइक चालक सचिन को रौंदते हुए निकल गई।जिसमें सचिन की मौके पर ही मौत हो गई।व पीछे बैठा रिश्तेदार करन गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा साथ ही घायल करन को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया।

यहां ग्रामींणों की नहीं जानवरों की होती पंचायत

माल, लखनऊ। यह तस्वीर देख रहे हैं, यह कोई सार्वजनिक चारागाह या जानवरों को बांधने का बाड़ा नहीं, यह ग्राम पंचायत पकरा बाजार गांव का पंचायत भवन है। आपको बता दें कि शासन द्वारा लाखों रुपये की लागत से प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत भवन का निर्माण ग्राम समाज की बैठकों आदि के लिये कराया गया था। किन्तु प्रशासनिक शिथिलता की बजह से शासन की इस मनसा पर ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है। शासन की मंशा के विपरीत इन भवनों पर संबन्धित अधिकारियों की मिली भगत से ग्रामीणों का कब्जा होने लगा है। इन भवनों का उपयोग लोग अपने मवेशी बांधने के लिये करने लगे है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पकरा बाजार गांव में सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर पंचायत भवन का निर्माण तो करा दिया, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से पकरा बाजार गांव की पंचायत भवन उपेक्षा का शिकार हैं। भवन में जानवर बांधे जा रहे हैं। सरकार की मंशा के अनुरूप पंचायत भवन में खुली बैठकर व अन्य सरकारी बैठकों का आयोजन होना है। लेकिन, यहां तो इस भवन में मवेशी ड़ेरा डाले हुए हैं।

फाटक तोड़कर मकान के बग्गर में जा घुसी कार, वृद्धा गंभीर रूप से घायल

हरदोई के पाली थाना क्षेत्र में एक बेकाबू कार का हादसा देखने को मिला जहाँ एक बेकाबू कार ने मकान के फाटक को तोड़कर बग्गर में घुस गई और वहां एक वृद्धा को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हादसे के बाद घायल वृद्धा को परिजनों ने तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है।

लड़कियां रोटी रहीं फ़िर भी नहीं पसीजा लखनऊ प्रशासन

स्वतंत्र प्रभात

अलीगंज। स्थित श्री राम औद्योगिकअनाथालय से 9 लड़कियां बाथरूम की जाली काटकर भागी थी। जिनमें से 2 लड़कियों को पुरनिया चौराहे पर पकड़ा गया उस समय वो बस का इंतज़ार कर रहीं थी। मामला आगे बढ़ा तो लखनऊ के डीएम सूर्यपाल गंगवार ने इस पर कड़ा एक्शन लिया और अनाथालय को खाली कराने के लिए निर्देशित किया उस वक्त अनाथालय में 37 लड़कियां मौजूद थी।इस फैसले का काफ़ी विरोध हुआ। विरोध अनाथालय की शेष लड़कियां ही कर रहीं थी। कल शाम पांच बजे जब प्रोबेशन बिभाग के 4 से 5 अधिकारी तीन छोटी मझोली गाडियां लेकर संस्था में आए और लड़कियों को गाड़ी में बैठने के लिए कहने लगे। इसको सुनते ही जो लड़की जहां थी वहीं से रोने चिल्लाने लगी कि हम कहीं नहीं जाएंगे, यहीं रहेंगे। कुछ देर के बाद प्रोवेशन के कर्मचारियों ने पुलिस को सम्पर्क किया।

लड़कियां अनाथालय से न जाने का भरसक प्रयास किया रोई, गिड़गिड़ाई लेकिन प्रशाशन ने उनकी एक न सुनी। जबरन महिला पुलिस बल के साथ उन्हें गाड़ियों में भरकर रातों रात सरकारी संरक्षण गृह में भेज दिया गया। वहीं अनाथालय के संचालक ओम प्रकाश पाठक का कहना है कि जैसे ही प्रशासन लड़कियों को सरकारी संरक्षण गृह जाने के लिए बोले तुरंत ही लड़कियां चिल्ला चिल्लाकर कर रोने लगी फ़िर महिला सिपाही को बुलाया गया जिन्होंने आकर आनन -फानन में मारपीट कर गाड़ी में जबरदस्ती भर कर राजकीय बाल गृह बालिका पारा ले गई। सवाल उठता है कि लंबे समय से बेहतरीन और बिना किसी दाग के चल रहे श्री राम औद्योगिक अनाथालय पर शासन द्वारा जल्दबाजी में इतनी शख्ती क्यों की गई?

नगर पंचायत बक्शी का तालाब में ट्यूलिप इंटर्नशिप मे 51 छात्र-छात्राओं का चयन

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर नगर पंचायत बख्शी का तालाब के सभागार कक्ष में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शहरी शिक्षण इंटर्नशिप कार्यक्रम (ट्यूलिप) इन्टर्नशिप कार्यक्रम के तहत के विद्यार्थियों की चयन प्रक्रिया आयोजित की गयी। निकाय के ब्रांड एंबेसडर डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इंटर्नशिप छात्र-छात्राये पठन-पाठन के साथ में आज के परिवेश में समाज से जुड़ने का एक अच्छा साधन है । शहरी शिक्षक इंटर्नशिप कार्यक्रम से प्रमुख रूप से युवाओं को जोड़कर शहर की महत्वपूर्ण चुनौतियां को हल करने के लिए नई ऊर्जा और विचारों के संचार से लाभान्वित करने के लिए यह प्रशिक्षण बहुत जरूरी है, इसमे युवाओं को सम्मिलित होने और उन्हें सीखने का एक अच्छा मौका मिलेगा। ट्यूलिप इनटर्नशिप के 51 विद्यार्थी को क्षेत्र में को साफ सुथरा रखने के लिए प्रशिक्षि किया गया तथा उन्हें ऑडियो वीडियो माध्यम से विभिन्न प्रकार के चलचित्र भी दिखाए गए। नगर की अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने अभ्यर्थियों से निकाय को सुंदर बनाने के लिए सुझाव भी मांगे गए तथा बताया कि ट्यूलिप इन्टर्नशिप के विद्याथियों को शीघ्र ऑफर लेटर जारी किया जाएगा। यह प्रशिक्षण अभी 60 दिन का है इसे और आगे बढ़ाया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष गनेश रावत ने सभी अभ्यर्थियों को इंटर्नशिप की उपयोगिता पर चर्चा की और उन्होंने बताया कि इस प्रकार के इंटर्नशिप से छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा और उन्हें सीखने को मिलेगा। इस अवसर पर ब्रांड एंबेसडर योगेश कुमार शुक्ला, विकास प्रताप सिंह, योगेंद्र कुमार एवं आशीष सिंह सहित नगर पंचायत के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

हज़रत सैय्यद शाह मजा कलंदर का 362वें तीन दिवसीय उर्स के दूसरे दिन महफिले समा तथा अन्य हुए कार्यक्रम

● - हमे अपने किरदार को अच्छा बनाना होगा- सैय्यद गयास मियां सज्जादानशीन

स्वतंत्र प्रभात

लहरपुर, सीतापुर स्थानीय दरगाह कलंदरिया में हजरत सैय्यद शाह मजा कलंदर के तीन दिवसीय 362 वें वार्षिक उर्स के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए जिसमे सांय काल घर पर तथा दरगाह शरीफ पर फातेहा खास का आयोजन किया गया इसके पूर्व प्रातः कुरान ख्वानी तथा सूफियाना कव्वाली भी हुई इस अवसर पर सज्जादानशीन सैय्यद गयास मियां ने कहा कि सबसे पहले हमें अपने किरदार चरित्र को अच्छा बनाना होगा जिससे दूसरे लोग कुछ सीख सकें और अच्छा संदेश भी पहुंच सके,बुजुर्गों की शिक्षाओं पर पूरी तरह से अमल करना चाहिए।इन सभी कार्यक्रमों में सज्जादा नशीन सैय्यद गयास मियां के अलावा हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी, सैय्यद नसर अहमद मियां,सुन्नी सेंट्रल बोर्ड वक्फ के चेयरमैन जुफर फारूकी,बड़े मखदूम साहब की दरगाह कमेटी के सदस्य साद फारूकी सादी मियां,सैय्यद नवेद असलम हाशमी सलमी मियां,सैय्यद फरजान मियां, काजिम हुसैन, सईद अहमद,सैय्यद फरहान मियां, ताहिर किरमानी,सैय्यद फरमान मियां, तय्यब मियां, क़ारी इस्लाम अहमद आरफी, सैयद खुर्शीद अहमद किरमानी, हाजी सोहराब अली क़ादरी, वरिष्ठ अधिवक्ता लहरपुर जेड आर रहमानी, नफीस अहमद, आमिर अंसारी आदि उपास्थित थे।

एस0एम0एस0 लखनऊ में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एस0 एम0 एस0 लखनऊ द्वारा नये सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु वार्षिक कार्यक्रम आगमन -2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ समस्त शैक्षणिक गैरशैक्षणिक एवं निदेशकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपरान्ह 2:30 बजे संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव शरद सिंह द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र एवं छात्राओं ने सोलो एवं ग्रुप डांस-सिंगिग-रैम्पवॉक एवं मिमिक्री आदि रंगारंग कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रो0 सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक छात्र-छात्राओं का परिचय एवं उनकी कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करना है। जिससे सभी छात्र आपसी सामंजस्य से शिक्षा एवं कैरियर में उच्च कीर्तिमान स्थापित करें। इस मौके पर संस्थान के निदेशक इंचार्ज प्रो0 (डॉ0) आशीष भटनागर- महानिदेशक (तकनीकी) प्रो0 (डॉ0 भरतराज सिंह-निदेशक (प्रशासन) डॉ0 जगदीश सिंह-एसोसियेट डायरेक्टर डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह रजिस्ट्रार एस0एन0 शुक्ला, अधिष्ठाता-छात्र कल्याण डॉ0 पी0के0 सिंह, अधिष्ठाता इंजीनियरिंग डॉ0 हेमन्त सिंह के साथ-साथ सभी शिक्षकगण-शिक्षणेत्तर एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मिस्टर एवं मिस फ्रेशर की ट्राफी एवं क्राउन क्रमशः बी0टेक-प्रथम वर्ष के छात्र प्रशान्त शुक्ला एवं रोशनी को दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 पी0के0 सिंह ने समस्त टीम एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

राष्ट्र निर्माण में एक शिक्षक की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है-मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरपाल सिंह

● - मोहम्मद हनीफ ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम किया रोशन

स्वतंत्र प्रभात

लहरपुर सीतापुर राष्ट्र निर्माण में एक शिक्षक की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है एक अच्छा शिक्षक अपने विद्यार्थियों की कुशलता को परख कर उन्हें एक डॉक्टर इंजीनियर आईएएस पीसीएस के साथ-साथ एक सच्चा पक्का हिंदुस्तानी नागरिक बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है उक्त विचार मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर हरपाल सिंह ने यू जी सी नेट परीक्षा में अपने विषय रैंक में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मोहम्मद हनीफ को सम्मानित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने बताया प्रत्येक छात्र को मन लगाकर दृढ़ निश्चय के साथ लक्ष्य बनाकर एकाग्रता के साथ पढ़ाई करना चाहिए सफलता आपको अवश्य मिलेगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी, रफी गौरी, डॉक्टर अब्दुल सलाम, मोहम्मद अफान,पंडित हरिशंकर तिवारी मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रदर्शन आज संपन्न हुआ

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। राजधानी लखनऊ जनपद के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के वेतन भुगतान की कार्यवाही लेखाधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा कार्यभार ग्रहण करते ही शुरू कर दी गई है। यह घोषणा जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि सह-जिला विद्यालय निरीक्षक जयशंकर श्रीवास्तव ने जिला संगठन द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर आयोजित प्रदर्शन के अवसर पर कही तथा जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से लिखित सूचना भी दी। संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष/प्रवक्ता एवं संरक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं जिलामंत्री महेश चंद ने कहा कि वेतन भुगतान की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है किंतु यदि 60 स्थानांतरित शिक्षक /शिक्षिकाओं तथा उनके कार्यरत 35 विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का वेतन भुगतान तीन दिवसों में नहीं होता है तो 24 अक्टूबर से जिला संगठन के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता प्रतिदिन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर सायं 3-00 बजे से 5-00 बजे तक प्रदर्शन करेंगे।धरने में प्रमुख रूप से प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0 मिश्र, महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, प्रदेशीय मंत्री डा0 आर0के0 त्रिवेदी, जिला मंत्री महेश चंद, कोषाध्यक्ष आर0पी0 सिंह, आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक, संघर्ष समिति संयोजक इनायतुल्लाह खान, अनुराग मिश्र, मंजू चौधरी, अनीता शर्मा, डा0 एस0के0 मणि शुक्ल, पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, विनीता श्रीवास्तव, डा0 अनिल तिवारी, राजेश कुमार द्विवेदी, पुष्पेंद्र कुमार, प्रधानाचार्यगण डा0 जी0के0 मिश्र, डा0 आर0के0 सिंह, अजीत सिंह, डा0 दिव्या श्रीवास्तव, डॉ0 एन0के0 मणि त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित थे।

नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी एवं ब्रांड एंबेसडर ने किया वार्ड का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



सीतापुर दिनांक 19 अक्टूबर 2024 नगर पंचायत बख्शी का तालाब के वार्ड संख्या 13 नवीकोट नन्दना में अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा एवं ब्रांड एंबेसडर डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह तथा सभासद दिलीप यादव द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने बताया कि नवीकोट नन्दना को आत्मनिर्भर वार्ड/ मॉडल वार्ड चयनित किया गया है वार्ड में ही गीले कचरे को निस्तारित करने हेतु कम्पोस्टर लगाया जायेगा व सूखे कचरे को निस्तारित करने हेतु मिनी एम0आर0एफ0 प्लांट लगाया जायेगा तथा उचित स्थान पर डस्टबिन लगाये जायेंगे।नगरके ब्रांड एंबेसडर डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नगर पंचायत का वार्ड 13 नेशनल हाईवे-24 से लगा हुआ है और यहां के लोग नगर को साफ-सुथरा रखने में मदद करते हैं इस वार्ड में कई छोटे बड़े पार्क बनाने का भी प्रस्ताव है । नेशनल हाईवे से लगा हुआ भुईयां देवी मंदिर इसी वार्ड में है वहां पर पार्क बनाने का प्रस्ताव है। निरीक्षण के दौरान वार्ड के सभासद दिलीप सिंह यादव समाजसेवी शिव बहादुर सिंह चौहान, प्रशान्त सिंह, नरोत्तम सिंह, राम नरेश यादव सहित नगर के सुपरवाइजर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनपद योग प्रतियोगिता का आयोजन

● - ...जिले भर से कई स्कूलों ने लिया हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात

निगोहां। शनिवार को निगोहां स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में जनपद योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें जिले भर के कई स्कूल कॉलेज के छात्रों को एक मंच पर एकत्र किया, जहाँ शारीरिक अनुशासन और मानसिक संतुलन का शानदार प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम मॉडर्न पब्लिक स्कूल निगोहां और लखनऊ योग खेल संघ द्वारा आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में निगोहां क्षेत्र के संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज, एसबीएन इंटर कॉलेज, व लखनऊ के भोनवाल पब्लिक स्कूल, सिद्धांत पब्लिक स्कूल, रेड रोज पब्लिक स्कूल, व पुलिस मॉडर्न स्कूल के साथ मॉडर्न पब्लिक स्कूल, निगोहां और मॉडर्न पब्लिक स्कूल, बछरावां जैसे प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भोनवाल पब्लिक स्कूल, लखनऊ का रहा व द्वितीय स्थान - मॉडर्न पब्लिक स्कूल रायबरेली बछरावां, तृतीय स्थान मॉडर्न पब्लिक स्कूल निगोहां, जबकि चौथे स्थान पर संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज व एसबीएन इंटर कॉलेज, निगोहां रहा जिन्हें पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मॉडर्न पब्लिक स्कूल के निदेशक पृथ्वीराज के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और योग के शारीरिक और मानसिक लाभों पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "मॉडर्न पब्लिक स्कूल हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है, और यह प्रतियोगिता हमारे समर्पण का एक और प्रमाण है।" प्रतियोगिता में विशेषज्ञ जजों ने मुद्राओं, संतुलन, श्वास नियंत्रण और प्रस्तुति के आधार पर प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अपने शानदार प्रदर्शन से जजों और दर्शकों को प्रभावित किया, जिससे विद्यालय की उत्कृष्टता को प्रदर्शित किया गया। इसके बाद प्रधानाचार्या सीमा शर्मा ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और योग के जीवन में महत्व को रेखांकित किया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान पृथ्वी राज ने कहा, "मॉडर्न पब्लिक स्कूल न केवल शैक्षिक बल्कि खेल और सह-शैक्षिक गतिविधियों में भी अग्रणी है। हम अपने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ मंच प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं।

गत वर्षो के भांति इस बार भी हुआ झंडी मेले का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई कोथावा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हरैया गोमती तट से 2 किलो मीटर बसे गांव ब्रह्मदेव के स्थान पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन भव्य तरीके से किया गया। जिसमें बच्चे, महिलाएं व बुजुर्गो में आस्था कि झलक दिखी। मेले में घरेलू वस्तुएं की बिक्री ज्यादातर हुई साथ ही यहां पर पड़ोस से ही गोमती नदी निकली हुई है पिछड़ा इलाका है। उसको देखते हुए सुबह से 24 घंटे तक चलने वाले मेले में गांव व आसपास से भी भक्तगण आकर अपनी आस्था की मनोकामना पूरी होने के लिए ब्रह्मदेव स्थान पर झंडा बांधते रहे जिसकी मनोकामना सिद्ध हो जाती है। वह मनोकामना पूर्ण होने पर इस स्थान पर झंडी बांधता है। पौराणिक मान्यता है कि इस स्थान पर पूर्व में एक ब्राह्मण रहते थे। जो आग लग जाने के कारण उनकी यहां पर मृत्यु हो गई थी। उसके बाद में वह ब्राह्मण इस स्थान के आसपास आने जाने वाले लोगों को परेशानियों में डालने लगे थे। इस पर लगभग 70 वर्षीय रामावतार ने बताया की यह सब पूर्व में होने के बाद हम लोगों ने एक बैठक कर विचार विमर्श किया। और आगे की रास्ता चुन्नी।

जिस पर सहमति बनी कि ब्रह्म स्थान पर हर वर्ष मेले का आयोजन किया जाएगा और पूजा आरती की जाएगी। जिससे ब्रह्मदेव सभी की रक्षा करेंगे और हम लोगों का कल्याण होगा। इसलिए यहां पर हर वर्ष इसी तिथि में मेले का आयोजन कराया जाता है। पूजा पाठ होता है यह मेला 24 घंटा से अधिक चलता है दूर-दूर के लोग अपनी मनोकामनाएं सिद्ध होने की कामना करके आते हैं। लगभग 4000 श्रद्धालु दर्शन और अपने मनोकामनाएं सिद्ध करने के लिए यहां आते जाते रहते हैं। यहां की व्यवस्था मेला कमेटी ही स्वयं देखीती है ।और ग्राम प्रधान का पूरा सहयोग रहता है।

पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में चुप्पी तोड़ हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई। समाधान अभियान एवं इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान से चुप्पी तोड़ हल्ला बोल कार्यक्रम के अंतर्गत बाल मित्र केंद्र कोतवाली देहात पर आत्मरक्षा एवं साइबर सेफ्टी कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन उपस्थित रहे, उन्होंने बच्चों को सुरक्षा के नियम बताने के साथ-साथ पिंक पेटिका के बारे में भी बताया, मौके पर आत्मरक्षा का प्रशिक्षण आर्यन शिखर तिवारी एवं अनुभव सिंह चौहान ने दिया। मौके पर अंतरराष्ट्रीय पारा बैडमिंटन खिलाड़ी रूचि त्रिवेदी मौजूद रही। जिनको मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने सम्मानित किया। मौके पर डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चों एवं एसवीदीएम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कोतवाली देहात के थानाप्रभारी वीरेंद्र कुमार ने पूर्ण सहयोग दिया। संस्था की ओर से डायरेक्ट सौम्या द्विवेदी ने बच्चों को बाल मित्र केंद्र एवं चुप्पी तोड़ हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत सुरक्षित रहने के नियमों के बारे में बताया तथा साथ ही साथ मौके पर संस्था की ओर से सूरज शुक्ला, वैभव शुक्ला, मृदुल अवस्थी, दीपांशु शुक्ला एवं सीता वर्मा ने पूर्ण सहयोग दिया।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा सण्डीला के पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

सण्डीला हरदोई। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा सण्डीला के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर उपजिला अधिकारी संडीला को ज्ञापन दिया है, दिए गए ज्ञापन में बताया गया है लेखपाल राजस्व विभाग के फील्ड कर्मचारी हैं, आम जनमानस से सीधा संवाद होता है। आम जनमानस के भूमि के विवाद काफी हैं। समस्या का निराकरण करने हेतु एक पक्ष प्रभावित होता है। जिससे वह रंजिश मानता है। वह क्षेत्र की राजनीति में घसीटने का प्रयास करता है, गलत तरीके से एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़वाने का प्रयास करता है। यह लोग जबरदस्ती हाथ व वाहन व कक्ष में पैसा रखकर पकड़वाने का प्रयास करते हैं। ज्यादातर दलाल टाइप के लोग गलत तरीके से फंसाने की धमकी देते हैं। ऐसे माहौल में कार्य करना मुश्किल होता है। प्रभावी जांच के बाद ही राजस्व कर्मियों पर कार्यवाई की जाए। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, मंत्री मोहम्मद सलमान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम, कुलदीप कुमार वर्मा, सुशील मौर्य, आदित्य, अनूप शुक्ला, राहुल सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

गन्ना सहकारी समिति बघौली के अध्यक्ष निर्वाचित हुए देवसेन अवस्थी

स्वतंत्र प्रभात

बेनीगंज/हरदोई- जिले में संपन्न हुए गन्ना सहकारी समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के बघौली गन्ना मील के अध्यक्ष पद पर देवसेन अवस्थी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल और बधाइयों का सिलसिला जारी हो गया। देवसेन अवस्थी भाजपा बेनीगंज मंडल के अध्यक्ष वर्तमान में है निर्विरोध अध्यक्ष घोषित होने पर बेनीगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश अंजाना, उमेश चंद्र पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला,रोहित वैश्य समेत सभी ने जोरदार फूलमालाओं से स्वागत किया निर्विरोध अध्यक्ष घोषित होने के बाद देवसेन अवस्थी ने कहा पार्टी ने जिस उम्मीद के साथ मुझ पर भरोसा जताकर प्रत्याशी बनाया था। में जनता और गन्ना किसानो की समस्याओं को हर स्तर पर हल करने का हमेशा प्रयास करूंगा। निर्विरोध जीत के लिए क्षेत्रीय विधायक पूर्व मंत्री राम पाल वर्मा को और पार्टी नेतृत्व को बधाई दी है।

टोडरपुर में पराली प्रबंधन गोष्ठी- किसानों को दी गई जागरूकता

टोडरपुर, हरदोई में सीड स्टोर पर पराली प्रबंधन गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्याम बाबू त्रिवेदी ने की। इस गोष्ठी में डीडी एजी साहब ने किसानों से प्रमाणित बीज बोने और पराली में आग न लगाने की अपील की। जिला विकास अधिकारी ने किसानों से अपने बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया, जबकि उपायुक्त मनरेगा साहब ने खेत में मेडबंदी और सहफसली कृषि करने के लिए किसानों को संबोधित किया। कृषि वैज्ञानिकों ने भी अपने विचार साझा किए। इस मेले का आयोजन एडीओ एजी/प्रभारी और विभाग के कर्मचारियों ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

कचहरी गेट पर दुद्धी को जिला बनाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने किया प्रदर्शन व नारेबाजी

दुद्धी सोनभद्र को जिला बनाने की मांग को लेकर जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे कचहरी गेट के मुख्य द्वार पर जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि दुद्धी तहसील का बॉर्डर सोनभद्र जनपद मुख्यालय से 150 किलोमीटर की दूरी पर है। तीन प्रांत से घिरा हुआ है यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य पिछड़ा, नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। दुद्धी को जिला बनाये जाने की मांग पिछले काफी वर्षों से किया जा रहा है। कहा कि चुनाव के दौरान प्रदेश व केंद्र के मंत्रियों व नेताओं ने दुद्धी को जिला बनाने का वादा किया था। इसलिए चुनावी वादा पूरा करते हुए दुद्धी को जिला बनाया जाए और विकास कराया जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमचंद यादव, प्रभुसिंह कुशवाहा, वरुणोद जौहरी, शिवाकांत तिवारी, राकेश कुमार अग्रहरी, पीयूष अग्रहरि, कृष्णा कुमार, अमरावती देवी, श्रीकांत सहित काफी संख्या में अधिवक्ता गण व मोर्चा के पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

ओबरा क्लब नंबर 1 में डांडिया का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

ओबरा/सोनभद्र। ऑफिसर्स क्लब नंबर 1 ओबरा में डंडियारास फेस्टिवल का आयोजन किया गया जिसमें महिला पुरुष एवं बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वनिता मंडल की अध्यक्षा डॉ. नूतन अग्रवाल , उपाध्यक्षा नीलिमा गुप्ता माधुरी गुप्ता, ऋतु सिंघल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन्दना के साथ किया गया।तत्पश्चात रंगारंग कार्यक्रम से डंडियारास की शोभा में चार चाँद लग गये।कार्यक्रम के दौरान वनिता मंडल की अध्यक्षा एवं सी.जी यम सहित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सचिव मधूलिका राय, शशिभा सिंह, शिप्रा श्रीवास्तव, आशा जायसवाल, मीनाक्षी जायसवाल, मान्डवी तथा पल्लवी गुप्ता की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन शिप्रा श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

गोदहिया मजरे खैरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई गाली गलौज व मारपीट मुकदमा दर्ज

महराजगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के गोदहिया मजरे खैरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ घर में घुसकर गाली गलौज करने व मारपीट करने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कोतवाली पुलिस को वादी रामदेव सोनकर पुत्र राम प्रसाद निवासी गोदहिया मजरे खैरा थाना महराजगंज ने कहा है कि 19/ 10/ 2024 को गांव के ही दबंग प्रतिपक्षीगण पुरानी रंजिश को लेकर अनिल सोनकर पुत्र स्वर्गीय सुदामा सोनकर कलौ पत्नी स्वर्गीय सुदामा लाली पत्नी अनिल निवासी पता उपरोक्त ने गाली गलौज कर मारपीट की तथा घर के अंदर घुसकर भद्दी-भद्दी गालियां दी मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है चोटहिल की तहरीर पर दो महिलाओं सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है विवेचना कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

मदन सरोज राष्ट्रीय कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

बछरावां में बैठकर किया गया संगठन का विस्तार

रायबरेली। क्षेत्र के बछरावां कस्बा स्थित गीतांजलि होटल में राष्ट्रीय कल्याण मंच की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष अनोद रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से हाईकोर्ट के अधिवक्ता मदन सरोज को प्रदेश अध्यक्ष, नवल कुमार गौतम को रायबरेली जिला महासचिव, आशीष कुमार को रायबरेली जिला सचिव मनोनीत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अनोद रावत ने कहाकि किसी भी कार्यकर्ता का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशभर में अभियान चलाकर राष्ट्रीय कल्याण मंच का विस्तार किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत बछरावां कस्बा स्थित गीतांजलि होटल में बैठक कर संगठन का विस्तार किया गया है। मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष मदन सरोज ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उस जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ निभाना करेंगे। उन्होंने कहा कि लगातार अभियान चलाकर यूपी में संगठन का विस्तार किया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रमेश रावत, लखनऊ जिलाध्यक्ष संतप्रकाश, ओम प्रकाश रावत, श्रवण कुमार, अजय रावत, मोहित विक्रम, अनिल कुमार आदि लोगों उपस्थित रहे।

थानाक्षेत्र जगदीशपुर में हुई विमलेश तिवारी की हत्या से संबंधित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

● अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा, 02 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, मृतक का मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 01 अदद हथौड़ा (आलाकत्ल) बरामद

स्वतंत्र प्रभात

जगदीशपुर अमेठी। दिनांक 11.10.2024 में थानाक्षेत्र जगदीशपुर जनपद अमेठी अन्तर्गत सिधियावां ग्राम के पास जनता धर्मकांटा पर विमलेश तिवारी पुत्र भोलानाथ तिवारी निवासी गहरी मई थाना पीपरपुर जनपद अमेठी को सोते समय एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा हथौड़े से हमला कर घायल कर दिया गया था जिसके संबंध में धर्मकांटा के मालिक सानू की तहरीर पर थाना जगदीशपुर पर सुसंगत धाराओं में बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था, घायल विमलेश तिवारी की इलाज के दौरान मृत्यु के उपरांत विवेचना के क्रम में उक्त अभियोग में धारा 109(1) बीएनएस को विलोपित कर धारा 103(1) बीएनएस की बढोत्तरी की गई थी । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमों का गठन कर आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये थे। गठित टीमों द्वारा लगातार अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव थाना जगदीशपुर मय हमराही, थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक मय हमराही एवं उपनिरीक्षक अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम जनपद अमेठी मय हमराही क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि समय करीब 11¬30 बजे रात्रि में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थानाक्षेत्र जगदीशपुर जनपद अमेठी में हुई विमलेश तिवारी की हत्या से संबंधित अभियुक्त इस समय थानाक्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक अन्तर्गत पूरे पंछी मोड़ ग्राम टाण्डा के पास जंगल में पुनः अपराध करने की फिराक में छिपा है। उक्त सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर घेरा बंदी कर अभियुक्त को पकड़ने का प्रयास किया गया तभी अभियुक्त द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर करने पर अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा, मौके से अभियुक्त को समय करीब 11:50 बजे रात्रि में 01 अदद तमंचा, 02 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, घटना में प्रयुक्त 01 अदद हथौड़ा, मृतक विमलेश तिवारी का 01 अदद मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी है। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम राजबहादुर कोरी पुत्र रामदास कोरी निवासी मेढ़ौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी बताया। उक्त अभियुक्त थाना जगदीशपुर में पंजीकृत प्रकाश में आया वांछित अभियुक्त है। जिसे पुलिस हिरासत में लेकर इलाज हेतु मौके से सीएचसी जगदीशपुर भेजा गया । पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के सम्बन्ध में

अभियुक्त के विरुद्ध थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 10/11.10.2024 की रात्रि करीब 10.30 बजे लखनऊ सुलतानपुर हाईवे पर जनता धर्मकाटे में चोरी की नीयत से अन्दर गया था लेकिन वहां पर लोग जाग रहे थे उस समय मैं वापस लौट आया। पुनः करीब 02 घण्टे बाद अन्दर गया तो 02 व्यक्ति बाहर व 01 व्यक्ति कमरे अन्दर सो रहा था। कमरे के अन्दर सोये व्यक्ति पर बरामद इसी हथौड़े से जान से मारने की नीयत से मारकर मरणासन्न कर दिया था। कमरे में रखे स्लाइडर व अलमारी को खोलकर चेक किया तो कुछ मिला नही तथा घायल व्यक्ति के जेब में रखे 50 रूपये व उसका मोबाइल फोन लेकर भाग गया था। पहचान छुपाने के लिए घटना के समय मैंनें एक मास्क लगा लिया था। बरामद हथौड़े के बारे में पूछने पर बताया कि जब मैं चोरी करने जाता हूं तो इसको अपने साथ ले जाता हूं यदि कोई व्यक्ति सोता हुआ मिलता है तो इसी हथौड़े से उसको मारकर गम्भीर रूप से घायल कर देता हूं या उसकी हत्या कर देता हूं।

अधिकताओं के महासम्मेलन को पूर्ण समर्थन

● राकेश शरण मिश्र (संयुक्त अधिकता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने मेरठ में अधिवक्ता सम्मेलन का किया पूर्ण समर्थन)

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र। विगत दिनों अधिकताओं के मौलिक अधिकारों के विरोध में उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के विरोध में प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में भयंकर आक्रोश व्याप्त है जिसको लेकर मेरठ बार एसोसिएशन के तत्वाधान में अधिवक्ताओं का महासम्मेलन आज 18 अक्टूबर को मेरठ बार एसोसिएशन के महात्मा गांधी सभागार में आयोजित किया गया और सम्मेलन में अधिकताओं के हितों को लेकर प्रदेश भर के जिला बार एसोसिएशन एवम तहसीलदार बार एसोसिएशन के आमंत्रित अध्यक्ष और मंत्री सहित प्रदेश भर के अधिकता संघों के पदाधिकारीयो ने पहुंच कर सम्मेलन में अपना पूर्ण विश्वास जताते हुए सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मुद्दे पर संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने बयान जारी करते हुए अधिवक्ताओं के महासम्मेलन का पूर्ण समर्थन करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि संयुक्त महासंघ लगातार अधिवक्ता हितों के लिए संघर्ष करता रहा है आगे भी करता रहेगा। और अधिवक्ता हितों के लिए आगे जब भी कोई आंदोलन होगा उसका पूर्ण समर्थन संयुक्त अधिवक्ता महासंघ करता रहेगा। उन्होंने कहा कि आज अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों पर कुठाराघात किया जा रहा है जबकि अधिकताओं को जो मूलभूत सुख सुविधा बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से और सरकार से मिलनी चाहिए वह ना तो बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश से मिल रही है और ना ही प्रदेश सरकार द्वारा ही मिल रही है। श्री मिश्र ने कहा है कि अधिवक्ता स्वयं की मेहनत के बल पर अपने पास आए हुए मुवक्किलो का काम करके जो फीस पाता है उसी से अपने घर परिवार का गुजारा करता है।उसे ना तो मेडिकल की कोई सुविधा मिलती है और ना ही वकालत छोड़ने पर या वृद्ध होने पर सरकार या बार काउंसिल द्वारा कोई पेंशन ही मिलता है।

उन्होंने मांग किया की प्रदेश सरकार को अधिकताओं के तमाम मांगों को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेकर के अधिकता सुरक्षा अधिनियम सहित अन्य सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का काम करना चाहिए क्योंकि अधिकताओं ने आजादी की लड़ाई से लेकर के आज तक देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है उसके बाद भी जब किसी अधिवक्ता के ऊपर किसी प्रकार का कोई संकट आता है तो उसका कोई साथ नहीं देता है। इसलिए प्रदेश सरकार से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द अधिवक्ताओं की सभी लंबित मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का काम करे अन्यथा आने वाले दिनों में प्रदेश व्यापी आंदोलन को रोकना सरकार के लिए मुश्किल काम होगा।

जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

● तहसील गौरीगंज में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। शासन के निर्देशानुसार जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तहसील गौरीगंज में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 29 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 का निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 16 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर

भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

डॉ बृजेश कुमार सिंह "महादेव" की पुस्तक "स्वर्णिम सोनभद्र" का हुआ विमोचन

● सोनभद्र के बारे में जानने के लिए उपयोगी साबित होगी ॠस्वर्णिम सोनभद्र

सीडीओ, एडी बेसिक व डायट प्राचार्य ने संयुक्त रूप से किया विमोचन

डॉ बृजेश की अब तक एक दर्जन से अधिक पुस्तकों का हो चुका है प्रकाशन

उरमौरा स्थित डायट परिसर में हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र। जिला मुख्यालय पर उरमौरा स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सोनभद्र परिसर में शनिवार को डॉ बृजेश कुमार सिंह "महादेव" शिक्षक पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय पल्हारी नगवां, सोनभद्र द्वारा लिखित पुस्तक "स्वर्णिम सोनभद्र" का विमोचन किया गया। इस पुस्तक से सोनभद्र के बारे में जानने में काफी सहूलियत मिलेगी।डॉ बृजेश कुमार सिंह

÷महादेव÷ की पुस्तक ÷स्वर्णिम सोनभद्र÷ का विमोचन सुश्री जागृति अवस्थी मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र, श्रीमती शेषबाला वर्मा मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) विंध्याचल मंडल, मृदुल आनंद पाण्डेय डायट प्राचार्य/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र, राकेश कुमार तिवारी मंडलीय समन्वयक एमडीएम विंध्याचल मंडल, ओम प्रकाश त्रिपाठी राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक, डॉ अरमा देवी, डॉ ऋचा ओझा, राजेश मौर्य डायट प्रवक्ता, देवेंद्र गंगवार जिलामंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

सभी लोगों ने इस पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि सोनभद्र के बारे में जानने के लिए यह पुस्तक बहुत ही उपयोगी साबित होगी।बता दें कि भरहरी सोनभद्र निवासी डॉ बृजेश महादेव की एक दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। आप एशियन एजुकेशन अवार्ड, नेशनल बिल्डर्स अवार्ड व राज्य आईसीटी के साथ दर्जनों सम्मान पत्र प्राप्त किए हैं। आप जनपद के नवाचारी शिक्षक के साथ अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त स्काउट मास्टर भी हैं और पत्रिकाओं का सम्पादन भी करते हैं।डॉ बृजेश महादेव ने बताया कि सोनभद्र जनपद पर यह मेरी पहली पुस्तक है जो जनपद के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व प्राकृतिक पहलुओं को समेटे हुए है। इस पुस्तक के माध्यम से जनपद सोनभद्र को जानने का अवसर मिलेगा। इस उपलब्धि के लिए लेखक डॉ बृजेश महादेव वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ को सभी शुभचिन्तकों ने बधाइयां दी है। विमोचन के अवसर पर डायट प्रवक्तागण सर्वश्री नीरज शर्मा, जयेन्द्र शंकर मिश्रा, सबनम, अवधेश कुमार, हरिवंश सिंह, हीरालाल प्रजापति, राज कुमार, सौरभ सिंह, जिज्ञासा यादव, सुनिल कुमार मौर्य, शंकर सिंह, मनोज कुमार सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी द्वय सर्वश्री अशोक कुमार सिंह, बृजेश कुमार सिंह, धन्नजय सिंह, विश्वजीत कुमार व एआरपी द्वय सर्वश्री हृदेश कुमार सिंह, विमल कुमार, डीसी सर्वश्री अवधेश कुमार भारती, जय किशोर वर्मा सहित सैकड़ों शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रही।

मुंशीगंज पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 05 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। मेला घूमने जाते समय विवेक वर्मा पुत्र भुल्लर प्रसाद वर्मा निवासी ग्राम कटरा महारानी थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को बाबा नरपति स्कूल के पास विपक्षीगण शुभम यादव पुत्र सूरज प्रसाद, अभिषेक यादव उर्फ राजकरन पुत्र बुद्धू उर्फ राजेश यादव निवासीगण कटरा महारानी थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी, रोहित पाल उर्फ किशनपाल पुत्र राम किशोर पाल निवासी टेरी थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी, मुकेश चौहान पुत्र लवकुश पुत्र रामनरायन चौहान निवासी सरायखेमा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी, सुशील यादव उर्फ गोलू पुत्र हनुमान प्रसाद यादव निवसी जमादार का पुरवा मजरे कुड़वा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी द्वारा विवेक को लाठी, डण्डे व लात घूसे से मार-पीट कर घायल कर दिया गया था उपचार के दौरान विवेक वर्मा की मृत्यु हो गयी थी। जिसके संबंध में मृतक विवेक के पिता भुल्लर प्रसाद वर्मा की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में बीएनएस बनाम उपरोक्त 05 नफर पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना में शामिल अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित कर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए थे। दिनांक 19.10.2024 को शिवाकान्त त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना मुंशीगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुकदमा उपरोक्त में वांछित 05 अभियुक्तों शुभम यादव पुत्र सूरज प्रसाद, अभिषेक यादव उर्फ राजकरन पुत्र बुद्धू उर्फ राजेश यादव निवासीगण कटरा महारानी थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी, रोहित पाल उर्फ

किशनपाल पुत्र राम किशोर पाल निवासी टेरी थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी, मुकेश चौहान पुत्र लवकुश पुत्र रामनरायन चौहान निवासी सरायखेमा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी, सुशील यादव उर्फ गोलू पुत्र हनुमान प्रसाद यादव निवासी जमादार का पुरवा मजरे कुड़वा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को दीनापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के संबंध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

दुद्धी तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस पर 37 मामले आए, तीन मामलों का हुआ निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र दुद्धी तहसील सभागार में शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार ज्ञानेंद्र यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।इस दौरान विभिन्न समस्याओं से युक्त कुल 37 जनशिकायती प्रार्थना पत्र आए। जिसमें दो मामलों मौके पर व एक मामले का टीम भेजकर निस्तारण किया गया।शेष मामलों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश संबंधितों को दिए गए। तहसीलदार ज्ञानेंद्र यादव ने कहा कि फरियादियों के शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही संबंधित विभाग के अधिकारी ना करे अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें।इस मौके तहसीलदार ज्ञानेंद्र यादव, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल, सीओ पिपरी अमित कुमार,बीडीओ म्योरपुर हेमंत सिंह, सहित अन्य

विभागों के तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

एसडीएम बनकर फोन पर गाली गलौज और धमकाने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के भीरा गोविंदपुर गांव निवासी एक व्यक्ति को किसी अज्ञात व्यक्ति ने एसडीएम डलमऊ बनकर फोन पर गाली गलौज करते हुए धमकी दी। कहा कि विवाद किया तो मैं गांञ्चञ्च मार दूंगा उसकी..(अश्लील गाली) सिपाही भेजकर सुधार देने की बात कही। जिसका ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। हालांकि स्वतंत्र प्रभात वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। पीड़ित ने तहसील समाधान दिवस और पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में कब्जेदारी को लेकर उसका एक विवाद चल रहा है। गत 16 अक्टूबर की शाम को प्रतिपक्षी श्यामलाल के पक्ष में एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके फोन पर गाली गलौज करते हुए धमकी दी। गांव निवासी धीरज कुमार ने बताया कि उसने गांव के ही एक व्यक्ति से घर खरीद कर उसका निर्माण कार्य शुरू कराया था। आरोपी श्यामलाल उस पर बेजा अड़ंगा लगाकर काम रुकवा रहे हैं। बताया कि एसडीएम के निर्देश पर उसने निर्माण कार्य पर रोक भी दिया। इसके बावजूद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि सोलह अक्टूबर की शाम करीब 4:30 बजे उसके फोन नं 9670654497 पर फोन नं. 7236975820 से डलमऊ एसडीएम होने की बात कह कर फोन किया गया। जिस पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने अश्लील गाली गलौज करते हुए उसे हड़काया। सिपाही भेजकर सुधार देने की धमकी दी। पीड़ित और फर्जी एसडीएम के बीच बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल है।

साहब! नायब तहसीलदार के पास चार प्रभार होने से वादकारियों को न्याय मिलने में होगी मुश्किल

● 58 शिकायतों में महज़ 2 शिकायतों का हुआ निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें अधिवक्ताओं ने प्रार्थना पत्र देकर प्रभारी तहसीलदार को विवादित वादों के अंतिम आदेश पारित करने से बचने की सलाह दिए जाने की मांग की है। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश त्रिवेदी, आरएन सिंह, शिवशंकर पांडेय, ज्ञानेंद्र, आरपी सिंह, शिवप्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से दिए गए अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि तहसील में तहसीदार, तहसीदार न्यायिक व नायब तहसीदार सरेनी के पद रिक्त चल रहे हैं। तैनात नायब तहसीलदार खीरों शंभू शरण पांडेय को न्यायिक व प्रशासनिक प्रभार सौंपते हुए प्रभारी तहसीलदार बनाया गया है। नायब तहसीलदार के चारों न्यायालयों का प्रभारी बन जाने से वादकारियों को नैसर्गिक न्याय नहीं मिलने में असुविधा होगी। अधिवक्ताओं ने बताया कि वादकारियों को नियमानुसार एसडीएम न्यायालय से अपने वादों को स्थानांतरित किए जाने की सुविधा प्राप्त है। लेकिन विशेष परिस्थितियों में वादों की स्थानांतरण होने पर हर न्यायालय में प्रभारी तहसीलदार शंभूशरण पांडेय को ही सुनवाई करनी पड़ेगी। कहा इससे वादकारियों की न्याय मिलने में दिक्कत आ रही है। कई पत्रावलियों में इसी कारण वादकारियों को न्याय से वंचित होना पड़ा। वकीलों ने इसे जटिल समस्या बताकर समाधान की मांग की है। सरेनी थाना क्षेत्र के मलके गांव निवासिनी गुड़िया त्रिवेदी ने तीन लोगों पर उसके भतीजे आकाश त्रिवेदी के शैक्षिक अभिलेख हड़पने और उनका दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई। झाबर हरदो पट्टी ग्राम प्रधान आरती सिंह ने हल्का लेखपाल के बीमार होने के कारण चक मार्गों की पैमाइश में देरी होने से आ रही समस्या से अवगत कराया। कहा कि उनके स्थान पर कानूनगो को हल्के का प्रभार सौंप दिया जाए। इस तरह एसडीएम नवदीप शुक्ला की अध्यक्षता में कुल 58 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें महज दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर प्रभारी तहसीलदार शंभू शरण पांडेय, सीओ अनिल कुमार सिंह, बीडीओ खीरों डॉ. अंजू रानी वर्मा, एसडीओ सूर्य प्रताप सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कथा व्यास ने छठवें दिन गोवर्धन लीला एवं महा रास की कथाऔं का किया व्याख्यान

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज/रायबरेली- क्षेत्र के पहाड़पुर खेड़ा अटौरा गांव में आनंद मिश्रा द्वारा हो रही संकल्पित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन शनिवार को वृंदावन धाम से आए कथा व्यास भागवतोपासक वागीश रामचंद्र दास जी महाराज ने छठवें दिन प्रमुख रूप से गोवर्धन लीला एवं महा रास जैसी कथाओं का किया व्याख्यान। कथा व्यास ने बताया कि, भगवान ने अपने बाएं हाथ की उंगली पर गोवर्धन को धारण किया और वृंदावन वासियों की रक्षा किया। जब इंद्र ने यह देखा तो इंद्र ने आकर के भगवान कृष्ण से क्षमा मांगी और भगवान ने उसको क्षमा कर दिया। इसके पश्चात भगवान महा रास करते हैं शरद पूर्णिमा के दिन और अंत में भगवान ने कंस का वध किया। बताते चलें कि, कथा व्यास के साथ सहयोग कर रहे आचार्य पंडित अरुण कुमार त्रिपाठी, आचार्य अमरेश हसनपुर, आचार्य आकाश मिश्रा पाराकाला, आचार्य श्रवण कुमार मिश्रा, साउंड ऑपरेटर रागेंद्र सिंह, रामू त्यागी, ऑर्गन वादक बी.यल. बवाली, ढोलक वादक इंद्रपाल दरियावगंज,विदित हो कि, पहाड़पुर खेड़ा अटौरा गांव में हो रही संकल्पित श्रीमद् भागवत कथा के बारे में आनंद मिश्रा ने बताया कि, हर दूसरे महीने अलग-अलग स्थानो पर उनके द्वारा संकल्पित श्रीमद् भागवत कथा का

आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर रजनीश पाल यजमान, रामकुमार पाल (प्रधान) जंग बहादुर यादव, शिव मोहन सिंह, समर बहादुर सिंह, मोनू अवस्थी, अंजनी पांडेय, सुशील पांडेय, हर्षित सिंह, महेश भारती, सचिन वर्मा, दिनेश पाल, अवकाश सिंह, राम केवल पाल, सतीश पाल, राजेंद्र पाल, आदि श्रोतागण उपस्थित रहे।

महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में हुआ संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज/रायबरेली कस्बे के हैदरगढ़ रोड पर स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज महराजगंज में अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज, हरिद्वार द्वारा संचालित संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन कक्षा 5 से कक्षा 12 के बच्चों के लिए परीक्षा प्रभारी कविराज शिव कुमार सिंह ÷शिव÷ अवधि के मूर्धन्य कवि एवं आयुर्वेदाचार्य, समाज सेवी गायत्री परिवार के संरक्षक द्वारा किया गया। कॉलेज में परीक्षा का सफल संचालन विद्वान भौतिक शास्त्र अध्यापक आदर्श शुक्ला तथा विदुषी नीरू वाजपेई ने देखरेख में किया गया। सम्मानित अध्यापक ज्योति सिंह, गर्विता सिंह, ज्योति जयसवाल, जय सिंह, दिलीप गुप्ता एवं नेहा सिंह ने परीक्षा में अपना मूल्यवान योगदान किया। प्रधानाचार्य कमलब वाजपेई ने बताया कि बच्चों ने बहुत ही उत्साह से परीक्षा में भाग लिया तथा सभी अत्यंत हर्षित थे कि उन्हें अपनी भारतीय संस्कृति संस्कार रीति रिवाज तथा देश के सभी प्रांतो के विषय में अमूल्य जानकारी प्राप्त हुई ऐसे आयोजनों से शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। जिससे हमारी नई पीढ़ी में देश के प्रति समर्पण की भावना का विकाश होता है। आयोजन को सहयोग हेतु हार्दिक धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य राजीव

मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, सुरेंद्र प्रजापति, मंजू सिंह, सरिता मिश्रा, अनुपम सिंह, लक्ष्मी सिंह, राजकिशोर पाल, आदर्श शुक्ला, अभिषेक त्रिपाठी, शालिनी सिंह, जय सिंह, ज्योति जायसवाल, ज्योति सिंह, फातिमा, साधना सिंह, रुचि सिंह, गर्विता सिंह, दिलीप गुप्ता, आलोक यादव, सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

डांट से क्षुब्ध छात्रा का शव रेलवे लाइन के किनारे मिला

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। कल दिनांक 18/10/2024 को स्टेशन अधीक्षक चौबेपुर पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा सूचना दी गई की एक अज्ञात महिला का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ है उक्त सूचना पर थाना चौबेपुर की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को शिनाख्त कराने व पंचायत नामा की कार्यवाही प्रारंभ की गई। इसी दौरान ग्राम महाराजपुर थाना चौबेपुर के निवासी छेदू पुत्र स्व सैयदुद्दीन उपस्थित घटनास्थल पर आए जिनके द्वारा मृतका को पहचान कर बताया गया की मेरे पुत्र की बेटी उम्र 17 वर्ष है जो सुबह कोचिंग जाती थी। शव के पंचायत नामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

बाद पोस्टमार्टम मृतका के मां से वार्ता की गई तो उसके द्वारा बताया गया कि 17/10/24 को उनकी पुत्री कोचिंग से वापस आई थी और घर का सारा काम किया इसके बाद मृतका के भाई ने अपनी मां से कहा की बहन ने गांव के निवासी निहाल से 4000 रुपया उधार लिया है इस बात को लेकर मृतका की मां ने मृतका को डांटा फटकारा और कहा की तुम्हारी शिकायत तुम्हारे पापा से करूंगी इस बात से नाराज होकर मृतका अपने दादी के घर के लिए चल दी घर वालो ने यह सोचा की वो दादी के घर गई है और कोई खोजबीन नहीं की सुबह रेलवे ट्रैक पर शव मिलने पर घरवाले उपस्थित हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका के शरीर पर हार्ड एंड ब्लंट ऑब्जेक्ट की इंजरी है, मृतका की रिब्स, बैकबोन ,थाई बोन ,ब्रेन मैटर दोनो आंखे छत-विछत है शरीर पर जगह जगह रगड़ के निशान है, प्रथम दृष्टया घर से नाराजगी/ डर के कारण मृतका द्वारा स्वयं घटना करना प्रतीत हो रहा है फिर भी सभी तथ्यों की जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी ।

अपराध नियंत्रण में हो पुलिस व आमजन में बेहतर समन्वय - वन्दना सिंह

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर/महोबा। आप सभी को बताते चलें कि जनपद में तैनात जनलोकप्रिय ,कर्तव्यनिष्ठ, न्यायप्रिय व संवेदनशील नवनियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने फरियादियों और पुलिस के बीच मधुर संवाद हो इसके लिए कवायद शुरू कर दी है। शुक्रवार को हुई एक भेंटवार्ता के दौरान फरियादियों और पुलिस के बीच भरोसा बढ़ाने की बात कही साथ ही थानों में निष्पक्षता के साथ शासन की मंशा अनुरूप कार्य कराने की प्राथमिकता बताया।अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महोबा जिले में आमजन की शिकायतों का शीघ्र समाधान करने तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए समुचित एवं बेहतर कार्य करते हुए निरंतर कानून व्यवस्था शांतिपूर्ण बनाए रखना, महिला विरुद्ध अपराध की रोकथाम, अवैध कारोबार पर पूर्णतया अंकुश लगाना व यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखना एवं पुलिस के प्रति आमजन में विश्वास बनाए रखना मेरी प्राथमिकताओं में रहेगा। इसी क्रम में बता दे कि अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह की कार्यशैली किसी भी व्यक्ति से छुपी नही है।इससे पहले वह औरैया और रायबरेली व अन्य जनपदों में तैनाती के दौरान आम जनमानस को अपनी अच्छी पुलिसिंग दे चुकी है,उनकी गिनती एक ईमानदार छवि की कर्तव्यनिष्ठ और बेहतर कार्यकुशलता वाले अफसरों में की जाती है।

संक्षिप्त ख़बरें

फैक्ट्री में काम के समय मशीन में फंसने से मजदूर की मौत

कानपुर। आज सुबह दादानगर स्थिति एक फैक्ट्री में एक कर्मचारी के काम करते समय संतुलन बिगड़ने से मशीन की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आज फैक्ट्री नं. एच 23 साइड 1 दादा नगर,फैक्ट्री एरिया थाना गोविंद नगर कानपुर नगर सुबह करीब 4:00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि उक्त फैक्ट्री में में काम करने वाला कर्मचारी नागेंद्र कुमार पुत्र मुन्ना लाल निवासी ग्राम बिजहरा थाना डेरापुर कानपुर देहात उम्र 24 वर्ष मशीन पर काम करते हुए संतुलन बिगड़ने के कारण मशीन की चपेट में आ गया है जिस कारण उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी जिसकी जानकारी होने पर फील्ड यूनिट को बुलवाया गया है परिजनों को सूचना दी गई है जो मौके पर आ गये है शव को मशीन के अंदर से निकलवा कर पंचायत नामा व अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।तदोपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। मौके पर पूर्ण कुशलता है पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

चकेरी पुलिस ने धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा में दो को पकड़ा।

कानपुर। चकेरी थाना पुलिस ने धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि प्रभारी निरीक्षक चकेरी के नेतृत्व में थाना चकेरी में पंजीकृत मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्तों महेन्द्र कटियार पुत्र रामपाल कटियार निवासी मंगला विहार द्वितीय थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र 40 वर्ष, अजय कनौजिया पुत्र रामप्रसाद कनौजिया निवासी मंगला विहार प्रथम न्यू पीएसी लाईन थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र 50 वर्ष को आज दिनांक 18.10.2024 को समय 12.05 बजे मुखबिर खास की सूचना पर उपरोक्त अभियुक्तों को छोटी पुलिया मंगला विहार के पास चौकी क्षेत्र कोयला नगर थाना चकेरी कानपुर नगर को अनिल कुमार पाण्डेय मय हमराह उ.नि. अजय कुमार सिंह चौकी प्रभारी कोयला नगर व हे.का. चन्द्र पाल द्वारा मय हमराह व मुखबिर खास की सूचना पर नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मृत्यु पति घायल

कानपुर। दिनांक 19. 10.2024 को समय दोपहर एक बजे दुर्गा मोड़ थाना सजेती क्षेत्र हाईवे पर मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति की मोटरसाइकिल में अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई जिससे दंपति कमलेश कुमारी पत्नी मुन्नालाल उम्र 56 वर्ष निवासी करगांव थाना दिवार जनपद हमीरपुर एवं मुन्नालाल गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर तत्काल पहुंचकर पुलिस द्वारा दोनों को सरकारी अस्पताल हमीरपुर एंबुलेंस द्वारा भेजा गया जहां महिला कमलेश कुमारी की मृत्यु हो गई एवं मुन्नालाल का इलाज चल रहा है मृतिका के पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है, लॉ एंड ऑर्डर की समस्या नहीं है।

एसएनके पान मसाला फैक्ट्री में डीजीजीआई का छापा, टैक्स चोरी की हुई थी शिकायत, कागजात खंगाले

कानपुर। कानपुर की एसएनके पान मसाला फैक्ट्री में टैक्स चोरी की शिकायत मिलने पर डीजीजीआई की टीम ने छापा मारा है। पनकी स्थित एसएनके की तीन फैक्ट्रियों और एसएनके के मालिक के घर पर छापा मारा है। डीजीजीआई ने फैक्ट्री तथा घर में रखे सभी कागजात खंगाले हैं।

घंटाघर से मूलगंज तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

कानपुर। टीआई पूर्वी जोन (द्वितीय) राज कुमार मिश्र, के नेतृत्व में सेक्टर प्रभारी बड़ा चौराहा, मूलगंज, थाना स्थानीय के साथ मिलकर मय क्रेन कोतवाली से लेकर मूलगंज तक तथा मेस्टन रोड ,मूलगंज से घंटाघर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया। इस अभियान के दौरान अवैध अतिक्रमण हटाने व सभी संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी प्रवर्तनात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस प्रशासन द्वारा इस कार्रवाई से क्षेत्र में यातायात सुगम हुआ और स्थानीय जनता को राहत मिली। इस प्रकार के अभियानों से सड़कों पर अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में प्रशासन का सराहनीय प्रयास जारी है। अभियान के दौरान यातायात निरीक्षक द्वारा सभी दुकानदारों और राहगीरों से अपील की है कि वे आगे से अतिक्रमण न करें और यातायात व्यवस्था में सहयोग करें।

चकेरी पुलिस ने चोरी की 2 मोटरसाइकिल सहित किया गिरफ्तार

कानपुर। प्रभारी निरीक्षक चकेरी के कुशल नेतृत्व में चोरी का माल खरीदने में धारा 303 (2) / 317(2) संहिता से सम्बन्धित अभियुक्त शुभम कनौजिया उर्फ ऋतिक पुत्र राजू कनौजिया निवासी ग्राम ऐमा थाना महाराजपुर कानपुर नगर उम्र करीब 22 वर्ष को कल 18 अक्टूबर को मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त शुभम कनौजिया उर्फ ऋतिक उपरोक्त को 80 फुटा रोड तिराहे चकेरी थाना चकेरी कानपुर नगर से थाना चकेरी पुलिस बल ,उ.नि. दिवेश चन्द्र मिश्रा मय हमराह उ.नि. सलमान खान, कां. बन्टी कुमार, कां. अरूण विशन द्वारा मय हमराह व मुखबिर खास की सूचना पर नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों से बरामद माल दो चोरी की मोटर साइकिल होंडा साइन व एक पेशन प्रो प्राप्त हुई है।

मेट्रो से मकानों के क्षतिग्रस्त होने पर विधायक का प्रदर्शन

कानपुर। हरबंस मोहाल वार्ड 76 में मेट्रो के खिलाफ सपा विधायक अमिताभ बाजपेई एवं क्षेत्र के पार्षद रजत बाजपेई एवं क्षेत्र की जनता ने किया धरना प्रदर्शन, प्रदर्शन मेट्रो कार्य के दौरान जर्जर हुए जमीन दोष मकान, जल आपूर्ति की समस्या, सीवर की पाइपों में सीमेंट भर जाने को लेकर किया गया, विधायक एवं क्षेत्र के पार्षद ने पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा लिखा जाए इसके लिए कलेक्टर गंज एसीपी को अपनी मांगों को लेकर दिया ज्ञापन और कहा मेट्रो सुधार के नाम पर केवल करता है खानापूर्ति, गरीब आम जनता की हो मदद।

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस पर दिए कड़े निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील नर्वल में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायत निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। जिस भी विभाग द्वारा शिकायत निस्तारण में यदि गलत आख्या लगाई गई तो संबंधित विभाग के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी नर्वल तथा तहसीलदार नर्वल को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात मे जिन गरीब लोगों के कच्चे मकान गिरे है उन लोगों को दैवी आपदा योजनान्तर्गत सत्यापन कराते हुए उनको नियमानुसार सहायता दिए जाने की कार्यवाही की जाए। हाथीपुर गांव में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार नर्वल को निर्देशित किया गया कि अभियान चलाकर हाथीपुर गांव की सरकारी जमीन पर हुए अवैध कब्जे की गहनता से जांच की जाए यदि सरकारी भूमि पर कब्जा मिलता है तो विगत 5 वर्षो में जितने लेखपाल हाथीपुर गांव में तैनात रहे हो उन सब के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए।साथ ही जिला स्तर से भी हाथीपुर गांव में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की जांच हेतु अपर नगर मजिस्ट्रेट की टीम गठित कर क्रॉस जांच करने के भी निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र न बनाए जाने की अधिक शिकायते प्राप्त होने के कारण खण्ड विकास अधिकारी नर्वल को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय के अन्दर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाए।

उम्मीदवारों को एकल खिड़की व एप से मिलेंगी समस्त सुविधाएं

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि 213-सीसामऊ विधान सभा उप निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के प्रयोजनार्थ निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों आदि को विभिन्न अनुमतियां, स्वीकृतियां प्राप्त करने के लिये एक ही स्थान से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा प्रदान करने हेतु अपर नगर मजिस्ट्रेट-द्वितीय न्यायालय कक्ष कानपुर नगर में एकल खिड़की/सुविधा एप के माध्यम से अनुमति प्राप्त करने हेतु टीम का गठन करते हुए विभिन्न विभागीय अधिकारियों की तैनाती कर दी गयी है, जिसमें अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने वाले विभागों के अधिकारी अग्निशमन विभाग से दीपक शर्मा, सम्भागीय परिवहन विभाग से आलोक कुमार, पुलिस विभाग से अभिषेक पाण्डेय, विद्युत सुरक्षा विभाग से आलोक शुक्ला, लोक निर्माण विभाग से राकेश यादव, नगर निगम विभाग से रवि शंकर व अनुमति प्रदान करने हेतु अधिकृत आर0ओ0 ए0सी0एम0-तृतीय है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त नामित समस्त अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से कार्य करना आरम्भ करेंगे ताकि किसी भी अभ्यर्थी एवं राजनैतिक दल को अनुमति/स्वीकृति प्राप्त करने में कठिनाई उत्पन्न न हो।

सोहरामऊ पुलिस का मिशन शक्ति एवं ऑपरेशन भरोसा व ऑपरेशन बचपन

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। सोहरामऊ मिशन शक्ति अभियान फेस 05 के तहत महिलाओं और बेटियों को अपनी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक कराने के लिए पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थानों द्वारा निरन्तर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सोहरामऊ पुलिस ने स्त्रियों एवं महिलाओं में न सिर्फ अपने अधिकारों को लेकर सजगता का प्रसार किया बल्कि उनके द्वारा विधिक एवं प्रशासनिक सहयोग से अपनी समस्याओं के निराकरण की प्रवृत्ति का विकास भी रेखांकित किया जा रहा है। एक तरफपूर्व से संचालित एंटी रोमियो स्क्वाड व शक्ति मोबाइल को और अधिक सक्रिय किया गया। वहीं महिलाओं की समस्याओं शिकायतों के प्रभावी अनुश्रवण हेतु थाना स्तर पर स्थापित महिला हेल्पडेस्क एवं महिला बीट अधिकारी (शक्ति दीदी) द्वारा समग्र उपायों का प्रयोग करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ साथ उनकी समस्याओं का निस्तारण भी कराया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सोहरामऊ उप निरीक्षक मोहम्मद असलम हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार कास्टेबल राजेंद्र सिंह महिला कांस्टेबल ज्योति कुमारी व महिला कांस्टेबल तरुण रानी द्वारा ग्राम दतौली थाना सोहरामऊ व महिला बीट अधिकारियों मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम गोमापुर थाना सोहरामऊ महिला बीट अधिकारियों मिशन शक्ति टीम जिसमें महिला कांस्टेबल आरती गौतम महिला कांस्टेबल नीतू द्वारा भ्रमणशील रहते हुए, ग्राम गोमापुर में ग्रामीण महिलाओं, बालिकाओं, स्कूली छात्राओं को महिला सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही। विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में जानकारी दी गई तथा विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर्स वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, पुलिस सहायता नंबर 112, चाइल्डलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1076 आदि के विषय मे जानकारी दी गयी तथा पूर्ण जानकारी से संबन्धित टेंपलेट वितरित किये गये।

महंगाई के बावजूद बाजारों में उमड़ी भीड़, जमकर हो रही खरीददारी

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। करवा चौथ के पावन पर्व को लेकर शुक्लागंज की बाजारों में गुलजार का माहौल रहा। सुबह से लेकर शाम तक महिलाओं की भीड़ ने दुकानों का रुख किया। महंगाई के बावजूद लोग पर्व की परंपराओं को निभाने के लिए आवश्यक सामान खरीदने में जुटे रहे। बता दे कि फेरलेन, पोनी रोड, ऋषि नगर, आनंद नगर, नेहरू नगर, गोपीनाथपुरम, भातू फार्म बाजार में मिट्टी के करवे, चूरा, गट्टा, खील, लइया और खिलौनों की बिक्री जोरों पर रही। इस साल मिट्टी का करवा 25 से 50 रुपये में बिक रहा था, जबकि चूरा की कीमत 70 से 80 रुपये, गट्टा 120 रुपये और लइया 70 से 80 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मिल रहा था। खील 140 रुपये और खिलौने 110 से 120 रुपये प्रति किलो बिक रहे थे। करवाचौथ की पूजा के लिए थाली, लोटा, छलनी के सेट भी बाजार में उपलब्ध थे, जिनकी कीमत 200 से 350 रुपये प्रति सेट थी। महिलाएं अपने बजट के अनुसार सामान खरीदने में लगी रहीं और दुकानदारों ने इस मौके पर जमकर मुनाफा कमाया। महंगाई की चुनौती के बावजूद, करवा चौथ की खरीदारी ने पर्व की रौनक को बरकरार रखा और दुकानदारों के चेहरे पर मुस्कान लाने में सफल रही।

बेटी को छोड़कर घर लौट रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मजदूर को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना सूचना पर पहुँची पुलिस में पहचान करने के बाद जानकारी परिजनों को दी। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है इसके साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार कानपुर के गोरा बाजार निवासी उमेश कुमार (40) पुत्र महेश कुमार शुक्रवार की देर रात अपनी बेटी को लखनऊ छोड़ने गए थे। वापस बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे इसी दौरान दही थाना क्षेत्र के इंडरगो कंपनी के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पहचान होने के बाद सूचना परिजनों को भी अस्पताल पहुंचे परिजन रो रो कर बेहाल होते रहे। उन्नाव शहर के शाहगंज पुराना अस्पताल के पास निवास कर रहे थे मृतक के तीन बेटी और एक बेटा है। पुलिस में परिजनों की सहमति के बाद शनिवार को शव का पंचायत नया भरने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की है। पुलिस की टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की तलाश कर रही जिससे अज्ञात वाहन की तलाश की जा सके।

विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

बांगरमऊ, उन्नाव। विराट दंगल प्रतियोगिता का आयोजन निकट बाईपास बोधेश्वर मंदिर पर 18 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक हुआ। इस दंगल प्रतियोगिता को दंगल संयोजक बिन्दा पाल पहलवान, लखापुर, उन्नाव द्वारा आयोजित करवाया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि सरोज कुमार सैनी उर्फ रंगा भैया उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त काफी संख्या में जनमानस उपस्थित रहा। इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न जनपदों के अलावा नेपाल के पहलवानों ने अपनी कुश्ती के दावं पेच दिखा कर लोगो का मन मोह लिया। विजेता पहलवानों के साथ साथ सभी पहलवानों को सम्मानित भी किया गया।

22 अक्टूबर को आयोजित होगा विशाल धरना प्रदर्शन

● - अधिक संख्या में शिक्षकों के शामिल होने के लिए विद्यालयों का भ्रमण

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। शिक्षा निदेशक, कार्यालय, लखनऊ पर 22 अक्टूबर को आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन मे अधिक संख्या में शिक्षक साथियों के शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चन्देल गुट) के जिला मंत्री राम शंकर के नेतृत्व में प्रदेशीय मंत्री रमाशंकर मिश्र (मुन्ना), संरक्षण समिति के सदस्य वीरेंद्र विक्रम सिंह, संयोजक क्षेत्रीय समिति सफीपुर प्रशान्त पाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य जंग बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष देशराज ने महात्मा गांधी इ.का. सफीपुर, जवाहर लाल नेहरू इ.का.फत्तेहपुर चौरासी, सीपीटीएन इ. का. ऊगू,ज्वाला देवी इ. का. ऊगू, सुभाष इ. का. बांगरमऊ, डीसीकेएमइका गंजमुरादाबाद आदि समेत अनेकों विद्यालयों में शिक्षक साथियों व शिक्षिका बहनों से मुलाकात कर अपने अस्तित्व एवं अर्जित उपलब्धियों को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिए विशाल धरना प्रदर्शन मे पहुंचकर सफल बनाने की अपील की। भ्रमण के दौरान सभी विद्यालयों के शिक्षक साथियो, शिक्षिका बहनो ने धरना प्रदर्शन मे शामिल होकर अपने अधिकारो के लिए संघर्ष करने का वचन दिया। जिला मंत्री राम शंकर ने सभी शिक्षक साथियों, शिक्षिका बहनों का विशाल धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आश्वस्त करने पर आभार व्यक्त किया। जानकारी मीडिया प्रभारी रमेश चन्द्र गुप्ता के द्वारा दी गयी।

समाधान दिवस पर डीएम, एसपी व विधायक ने सुनी समस्यायें

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु तहसील हसनगंज में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विधायक मोहान बृजेश रावत की उपस्थिति में जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी दीपक भूकर द्वारा जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील हसनगंज में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 111, पुलिस विभाग की 39, विकास विभाग की 37, पूर्ति विभाग की 21, विद्युत विभाग की 25 अन्य विभागों की 42 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 275 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 17 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने बताया कि इस बार प्रदेश में आईजीआरएस के निस्तारण में जनपद उन्नाव टॉप 10 में रहा है, इसके लिए सभी अधिकारी गण बधाई के पात्र हैं। कहा कि निस्तारण के समय आख्या में दिन, समय व तारीख अवश्य लिखी जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकतर शिकायते राजस्व विभाग की होती हैं जिनका निस्तारण राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा मत्स्य तालाब व आवास आवंटन सहित अच्छा काम करने वाले लेखपालों को प्रमाण/प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ डा0 सत्य प्रकाश, उप निदेशक कृषि मुकुल तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 नीलम सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी बीके दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम अजीत कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा अरविंद कुमार सिंह, परियोजना निदेशक तेजवंत सिह, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी महावीर सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आकांक्षा दुबे, उप जिलाधिकारी हसनगंज, क्षेत्राधिकारी हसनगंज, तहसीलदार हसनगंज सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

जहरीले कीड़े के काटने से किशोरी की मौत पर मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बे में एक किशोरी घर पर सो रही थी। इसी दौरान उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के साथ ही जांच पड़ताल की है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज कस्बे के रहने वाले रामबाबू की 17 वर्षीय बेटी लाडली अपने घर के कमरे में सो रही थी इसी दौरान उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया अचानक वह चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर घर में पहुंचे परिजनों से पास के अस्पताल में ले गए यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लेकिन परिजनों का मन नहीं माना। वह उसे पास के गांव सहरावा में ले गए। जहां झाड़ फूंक कराने का प्रयास किया वहां भी झाड़ फूंक करने वाले पुजारी ने उसे मृत बता दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता रामबाबू ने बताया कि उसके छह बेटियां थी। लाडली सबसे बड़ी बेटी थी वह कबाड़ का काम करके परिवार का भरण पोषण करता है। उधर पुलिस ने सूचना के बाद लाडली के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो सकेगा।

संक्षिप्त ख़बरें

लूट की योजना बना रहे चार शातिर चोर गिरफ्तार

शाहजहांपुर / जनपद में बन्डा थाना पुलिस ने गैरजनपदीय गिरोह के चार शातिर चोरों को लूट की योजना बनाते समय धर दबोचा. गिरफ्तार किए गए शातिर अभियुक्तों के पास से अवैध तमंचा कारतूस सहित चोरी में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण भी बरामद किए गए हैं। दरअसल पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में जिले की एकमात्र बन्डा थाने की महिला प्रभारी निरीक्षक सोनी शुक्ला ने मुखबिर की सूचना पर चाँदूपुर तिराहे से लूट करने की फिराक खड़े चार शातिर चोरों से जब पूछ तांछ कर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से अवैध व चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए शातिर चोरों ने पुलिसिया पूंछ तांछ में अन्य घटनाओं में भी शामिल होने की बात कुबूल की है,फिलहाल पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए गैरजनपदीय शातिर चोरों को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

ARTO द्वारा 68 वाहनों के चालान सहित 48 वाहन सीज कर 29.65 लाख शुल्क वसूला गया

शाहजहांपुर /जनपद में अक्टूबर माह के दौरान बीते एक सप्ताह में ARTO शांतिभूषण पाण्डे द्वारा की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई के दौरान 68 वाहनों के चालान काटे गए जबकि 48 वाहन सीज कर विभिन्न थानों में खड़े करवाए गए। वहीं ओवरलोड वाहनों से 29.45 लाख का जुर्माना बसूल किया गया है। जिले भर में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में की गई कार्यवाही से वाहन स्वामियों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं ऋ्रह्ल शांतिभूषण पाण्डे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की गई है और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

पीलीभीत गैंगस्टर आशु शर्मा की जमानत लेने पर न्यायालय में गैंगस्टर हाजिर न होने पर जमानत कर्ताओं की संपत्ति को उपनिरीक्षक देवेंद्र राणा ने किया गया कुर्क

गैंगस्टर आशु शर्मा की जमानत लेने पर न्यायालय में गैंगस्टर हाजिर न होने पर जमानतकर्ता की संपत्ति को किया गया कुर्क।

पीलीभीत जनपद मैं गैंगस्टर आशु शर्मा की जमानत लेने वाले बुद्धसेन पुत्र रामचरण और होरीलाल पुत्र रामचरण निवासी ग्राम आसपुर थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत की अचल संपत्ति को एडीजे 5 (स्पेशल जज) के निर्देश पर मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह राणा के द्वारा कुर्क किया गया है। आपको बता दे जमानत करता बुद्धसेन और होरीलाल ने गैंगस्टर आरोपित आशु शर्मा की जमानत ली थी मगर गैंगस्टर आरोपी आशु शर्मा न्यायालय में हाजिर नहीं हुई जिस पर न्यायालय के द्वारा दोनों जमानतियों के कुर्की वारंट जारी किए गए। तुर्की वारंट मिलते ही उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह राणा ने थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम आसपुर पहुंचकर बुद्ध सेन और होरी लाल की अचल संपत्ति को कुर्क कर ग्राम प्रधान कमलेश के सुपुर्द कर दिया है।

बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय में भाजपा की सदस्यता बैठक आयोजित

मितौली खीरी। विकासखंड मितौली स्थित बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय फत्तेपुर में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान की बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि नें श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल के आदमकद चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने सदयस्ता अभियान की बैठक को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी देश में एक ऐसी पार्टी है जो आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति चिंतन करती है देश और प्रदेश के कल्याण हेतु भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़े बैठक में मंडल अध्यक्ष उपाध्यक्ष मंत्री शक्ति केंद्र प्रभारी बूथ अध्यक्ष को जिम्मेदारी देते हुए कहा जो सदस्यता अभियान का लक्ष्य दिया गया है।उसे शीघ्र पूरा करने के लिए जुड़ जाए अपना मंडल अपना जिला देश में प्रथम स्थान पर रहे इसमें जिले के साथ-साथ अपने मंडल का नाम ऊंचा हो। जहाँ समस्त देव तुल्य कार्यकर्ताओं से कहा फिक्र अपने क्षेत्र में जाएं और सौ -सौ सदस्य बना कर सीघ्र नमो ऐप पर डालें जिस अभियान के अवसर पर मितौली सर्वेश सिंह, मैगलगंज श्याम किशोर उर्फ पग्गू तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्त, रजनीश मिश्र, महिला मोर्चा मंचिता सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक शुक्ल, कमलाकांत दिक्षित, महामंत्री अशोक कुमार गौतम, मन्नालाल साहित्य सम्मानित कार्यकर्ता व महिलाएं मौजूद रहे।

दबंगों की दबंगई जारी, जमीन पर अवैध कब्जे की तैयारी

● रतनापुर गांव की जमीन पर दबंग करना चाहते अवैध कब्जा, जिम्मेदार बेखबर

ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी सहित अन्य उच्चधिकारियों को दी लिखित सूचना, प्रशासन की चुप्पी संदिग्ध!

स्वतंत्र प्रभात

रतनापुर-खीरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अवैध कब्जे पर किए गए निर्माण को बुलडोजर चलाकर गिरवा रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ भूमाफिया नीरज अवस्थी की जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। निर्माण बाउंड्री गिरा कर अवैध करना चाहते हैं कब्जा इसी तरह एक मामला रतना क्षेत्र का सामने आया है। गाटा सं0 124 रकवा 0.316हे0 जिसको प्रार्थी ने जरिये बैनामा क्रय किया था। पीड़ित ने अपनी क्रय की गयी भूमि पर नीव निर्माण हेतु भरी है। विपक्षीगण केशव पुत्र श्रीपाल व सोमवती पत्नी केशवराम्, नरेश भार्गव पुत्र रोशन लाल, नरेश की पत्नी व भागल पुत्र श्रीपाल, नेता पुत्र श्रीपाल आदि लोगो ने गाटा सं0 125/0.243 हे0 जो नवीन परती के रूप में दर्ज है। कब्जाकर रह रहे है और अवैध रूप से निर्माण कर रहा है। पीड़ित की नवीन परती की भूमि से लगी हुई है। उक्त लोग अब पीड़ित की नीव तोड़कर छप्पर आदि डालना चाहते है. जिसके लिए उन्होने दिनांक 12.05.2024 को समय शाम 06 बजे लगभग एक साथ आकर पीड़ित की नीव तोड़ने लगें। भू-माफियाओं पर कब होगी कार्यवाही। योगी की कार्यशैली पर उठ रहा सवाल कब्जाधारियों पर क्यों नहीं लगा पा रहे लगाम।? जानकारी के मुताबिक एक बार जमीन पर भूमि क्रयता को जमीन पर मालिकाना हक देकर अधिकारियों द्वारा कराया गया था। लेकिन भूमाफिया फिर करना चाहते हैं कब्जा। नहीं दिख रहा योगी आदित्यनाथ का डर कब्जाधारियों पर बुलडोजर भी चल रहे फिर भी भू-माफिया बेखौफ। अब देखना है कब होगी कार्यवाही या शासन प्रशासन की चुप्पी से हो सकता है बड़ा हादसा। तब कौन होगा जिम्मेदार।

प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा, कर्मयोग पर गोष्ठी व सड़क सुरक्षा की बैठक संपन्न

● कर्मयोग के ज्ञान से रख सकेंगे मानसिक नियंत्रण, सुनिश्चित हो सकेगी सड़क सुरक्षा व समग्र सुरक्षा-एल. वेंकटेश्वर लू

प्रमुख सचिव ने दिलाया सड़क सुरक्षा का संकल्प, बोले, यातायात के नियमों का कड़ाई से करे पालन

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। शनिवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार प्रमुख सचिव परिवहन, अध्यक्ष उप्र राज्य परिवहन निगम और महानिदेशक उपाम, एसआईआरडी एल. वेंकटेश्वर लू जनपद खीरी पहुंचे, जहां सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रमुख सचिव ने जिला ग्राम्य विकास संस्थान भंसडिया में सड़क सुरक्षा और मिशन कर्मयोग विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शिरकत की। बैठक एवं गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव (परिवहन) एल. वेंकटेश्वर लू ने सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, आरटीओ संजय कुमार तिवारी, संदीप कुमार पंकज, राज्य ग्राम विकास संस्थान से सहायक निदेशक एसके सिंह व सलाहकार हेमेंद्र शर्मा संग दीप प्रज्ज्वलन कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि एल. वेंकटेश्वर लू ने कर्मयोग, सड़क सुरक्षा पर विस्तार से बताते हुए इनके अंर्तसम्बंधों को भी बताया। सभी को प्रमाणिकता के साथ अपने कार्य को लगन और निष्ठा के साथ करना चाहिए। गीता में कर्मयोग के बारे में बताया गया है। कर्मयोग से व्यक्ति में वैचारिक शुद्धता, त्याग की भावना, राष्ट्रभक्ति एवं देशभक्ति विकसित होती है, जिससे व्यक्ति समाज सेवा से जुड़ता है। कर्मयोग से ही मानसिक नियंत्रण रख सकेंगे एवं सड़क सुरक्षा व समग्र सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। बच्चों को सही शिक्षा एवं संस्कार दिया जाना चाहिए। अधिकारी, कर्मचारी व सभी व्यक्तियों को अपने कर्म को ठीक ढंग से करना चाहिए। सही ज्ञान के साथ सही आचरण करने से सुख का मार्ग प्रशस्त होगा। संसार में अन्याय कर कोई भी सुखी नहीं हुआ है। सम्यक ज्ञान, कर्म, दृष्टि, सत्यनिष्ठा व श्रद्धा के साथ जीवन मे आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के मन, वचन, कर्म एवं वाणी में एकाकार होना चाहिए। शास्त्रों में सटीक जीवन के बारे में बताया गया है। शास्त्रों का अध्ययन करना चाहिए एवं उसके अनुसार अपना आचरण करने का प्रयास करना चाहिए। सड़क सुरक्षा के बारे में कहा कि यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। जो भी कार्य करें, सावधानी के साथ करें। शराब का सेवन करके वाहन नहीं चलाना चाहिए।

मन पर नियंत्रण न होना ही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण- रामकृष्ण गोस्वामी

मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान दिल्ली के अध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी ने कहा कि मन पर नियंत्रण न होना ही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। उन्होंने गीता शिक्षा पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गीता शासन, प्रशासन व अनुशासन का केन्द्र बिंदु है एवं न्याय धर्म की आत्मा है। उन्होंने कहा कि गीता के कर्मयोग का ज्ञान सबको होना चाहिए।

यातायात नियमों के पालन से बचा सकते है जिदगियां- सीडीओ

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सड़क पर जाने से पहले अपने और अपने परिवार की चिंता अवश्य करनी चाहिए। महिलाए पुरुषों को हेलमेट पहनने के लिए कहें। हेलमेट लेने के साथ-साथ उसे पहनने का संकल्प लें। यातायात नियमों का पालन कर हादसों पर अंकुश लगाने में सहयोग करे। ओवरस्पीडिंग का कोई लाभ तो नही मिलता बल्कि खतरा जरूर बढ़ जाता है। हेलमेट को अपनी आदत व दिनचर्या में शामिल करे।

घायल को अस्पताल पहुंचाना नैतिक दायित्व- एडीएम

एडीएम संजय सिंह ने गुड सेमेरिटन की भूमिका को रेखांकित किया। घायल व्यक्ति को जितनी जल्दी अस्पताल ले जाएंगे, उसके बचने की संभावना भी उतनी ही बढ़ जाती है। इसलिए घायल व्यक्ति को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंच कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका अदा करें। हेलमेट, सीटबेल्ट लगाने पर जोर देते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन करने की बात कही। कार्यक्रम की शुरुआत में एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी ने कार्यक्रम की आवश्यकता, प्रासंगिकता बताई। वही कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्रा ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन जनार्दन बाबू मिश्र ने किया। कार्यक्रम में पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम सदर अश्विनी सिंह, ईई पीडब्लूडी अनिल कुमार यादव, डीसीओ वेदप्रकाश, पीटीओ कौशलेंद्र यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

साहब बहुत बढ़िया है हमारा परिवार उजड़ने से बच गया..

● समझौते के बाद पति पत्नी ने की अधिकारियों की प्रशंसा....

स्वतंत्र प्रभात

संपूर्ण समाधान दिवस में 32 शिकायतें आयी तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया साथ ही दो परिवार को अधिकारियों ने उजड़ने से बचाया, फरियादियों ने की प्रशंसा।

निघासन-खीरी तहसील सभागार में चल रहे संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 32 शिकायतें आई तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया जिसमें राजस्व विभाग की तेरह,पुलिस विभाग की तेरह,विकास विभाग की तीन,समाज कल्याण,शिक्षा व बाल विकास पुष्टाहार विभाग से एक-एक शिकायतें आयी इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस में दो शिकायतें ऐसी रही जिनका निस्तारण एसडीएम राजीव निगम व महक शर्मा ने बड़ी सूझबूझ के साथ किया जिससे दो परिवार उजड़ने से बचे।

संचालित हो रहे हैं संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान महिला शिल्पी पुत्री दयाशंकर पत्नी मेलाराम ने आपबीती एसडीएम राजीव निगम व सीओ महक शर्मा के समक्ष रखी शिल्पी ने बताया कि उसके पति मेलाराम से उसकी कुछ कहासुनी हो गई थी जिससे उसने कुछ लोगों के बहकावे में आकर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा निघासन कोतवाली में पंजीकृत करवा दिया था लेकिन मामला जब सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम राजीव निगम के समक्ष पहुंचा तो एसडीएम राजीव निगम और महक शर्मा सीओ ने पति पत्नी को समझाया कुछ देर के बाद दोनों ने आपस में माफी मांगी और संतुष्ट हुए शिल्पी ने कहा कि उक्त बबात पर अब मेरा आपसी सुलह समझौता हो गया है मेरे पति ने अब कार की मांग नहीं की है अब हम संतुष्ट है साहब बहुत बढ़िया हैं कुछ ऐसा ही प्रकरण पूनम पुत्री रंगीलाल पत्नी संदीप निवासी जगनपुरवा का रहा जिसको एसडीएम राजीव निगम व सीओ महक शर्मा ने समझाया कुछ देर बाद आपसी सुलह कर लिया साथ ही संतुष्ट हुए परिवार ने एसडीएम राजीव निगम व सीओ महक शर्मा की जमकर की प्रशंसा वहां पर उपस्थित अन्य फरियादियों ने भी अधिकारियों की भूरि-भूरि प्रशंसा इस दौरान तहसीलदार भीमचंद,नयाब तहसीलदार हरिराम,बीडीओ जयेश कुमार सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

समाजवादी युवजन सभा की संगठन समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी समाजवादी युवजन सभा की संगठन समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कार्यालय लोहिया भवन पर हुआ जिसकी अध्यक्षता युवजन सभा के जिला अध्यक्ष उमेश गिरी ने की, युवजन सभा के जिला प्रभारी कपिल मिश्रा जी ने सभी विधानसभा अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्षो को संबोधित करते हुए कहा अपने संगठन को मजबूत बनाना है और हर ब्लॉक हर विधानसभा में प्रत्येक महीने में समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाए जिस से संगठन मजबूत हो सके और समाजवादी पार्टी के विचारों को जनता के बीच ले जाये! बैठक को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल, जिला महासचिव सुधीर यादव, जिला सचिव कलीम अहमद, विधानसभा श्रीनगर अध्यक्ष मनमोहन वर्मा ने संबोधित किया तथा सभी विधानसभा के अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष संगठन व जिला कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे!

पीलीभीत पुरनपुर राहुल नगर मजदूर बस्ती मे कटान पीड़ितों के धरना प्रदर्शन को आज अनिश्चितकालीन क्रमिक भुख हड़ताल मे बदल दिया गया

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत। आज भुख हड़ताल मे गौरी शंकर, उमेश प्रसाद, रामदयाल, माधो, राजेन्द्र कुमार, श्रीराम, जलील, विंध्याचल, झगड़ू, राजदेव, और बासुदेव को माला पहनाकर भुख हड़ताल मे बैठाया गया।अनशन स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव कॉमरेड देवाशीष राय ने कहा कि नदी पर ठोकर बांध बनाने, कटान पीड़ितों को जमीन के बदले जमीन देने, बर्बाद फसलों की मुआवजा देने के मांग के साथ पीछले पांच अक्टूबर से चलाए गए धरना को आज से भुख हड़ताल में तब्दील किया गया, हमारा ये आंदोलन बचाव कार्य पुरा होने तक जारी रहेगा। अबकी बार हम सरकार की झूठा आश्वासन पर बिस्वास नहीं कर सकते , आंदोलन और तेज किया जाएगा।

सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला प्रभारी एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड अफरोज आलम ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों मजदूरों के अधिकार को छीन लेने की कोशिश करती रहती है और लगातार जाति सम्प्रदाय को आपस मे लड़ाकर असली मुद्दों से भटकाना चाहती है, ताकि लोग रोजगार, आवास, जमीन,शिक्षा, दबा जैसी जरूरत की मांग न कर सके। इस लिए भाजपा सरकार पूरे टांस शारदा क्षेत्र को सुनियोजित योजना के साथ उजाड़ देना चाहती है। आप सभी किसान मजदूर साथियों को भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक जुट होकर आंदोलन को मजबूत करना होगा, आपका आंदोलन के ताकत से सरकार को तटबंध बनाने के लिए बाध्य किया जाएगा। यह आन्दोल को जरूरत पड़े तो पूरनपुर तहसील मुख्यालयऔर पीलीभीत जिला मुख्यालय तक जोरदार प्रदर्शन के लिए भाकपा माले के सभी नेता, कार्यकर्ता साथ खड़े रहेंगे। सभा को भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य कॉमरेड न

गरीबों को राशन कोटे पर गेहूं में परोसा जा रहा था कांकड़ और मिट्टी

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर/जनपद में भारतीय खाद्य निगम खाद्य भंडार निगम रौसर कोठी से उचित दर विक्रेता कोटेदारों के पास भेजे गए गेहू में मिट्टी और कंकड़ की मात्रा पाए जाने के बाद जनपद में खलबली मच गई है राशन कोटे पर पहुंचे गेहूं में कंकड़ और मिट्टी निकलने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एक सप्ताह पूर्व जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए गोदाम का निरीक्षण किया था राशन कोटे पर भी डीएम ने खुद निरीक्षण कर मिट्टी और कंकड़ होने की पुष्टि की थी इसके बाद भंडार गृह में तैनात 6 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी द्वारा शासन को भेजी गई थी मामला गरीबों को निशुल्क वितरित होने वाले राशन से जुड़ा था इसलिए जिलाधिकारी द्वारा शासन को इसकी रिपोर्ट भेजी गई इसके बाद शनिवार को शासन से फूड कमिश्नर कामता प्रसाद, जॉइंट कमिश्नर अचित पार्थ, अपनी टीम के साथ सीधे भंडार गृह जांच करने पहुंचे और करीब 2 घंटे जांच करने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इस मामले की गंभीरता पूर्वक जांच करने के लिए टीम भेजी गई है जांच में जो भी तत्व सामने आए हैं उनकी रिपोर्ट बनाकर शासन को सौंपी जाएगी।

भाजपा विधायक ने गेहूं में मिट्टी और कंकड़ मिलने की डीएम से की थी शिकायत

ददरौल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक अरविंद सिंह ने लगातार कोटेदारों की शिकायत के बाद जिला अधिकारी शाहजहांपुर को एक पत्र भेजकर राशन कोटे पर भेजे जाने वाले गेहूं में कंकड़ और मिट्टी मिलने की शिकायत जिलाधिकारी से की थी और शिकायत में भाजपा विधायक द्वारा कोटेदारों द्वारा उपलब्ध कराए गए कुछ वीडियो भी जिला अधिकारी को सौंपे पर गए थे जिसमें स्पष्ट हो रहा था कि गेहूं में भारी मात्रा मिट्टी की मिलाई गई है जिसका संज्ञान लेकर जिला अधिकारी ने जांच कर 6 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था।

जिला कारागार में रखा जाएगा करवा चौथ का व्रत

● महिलाओं को व्रत की सामग्री वस्त्र उपलब्ध कराएगा जेल प्रशासन

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर/जेल में इस वर्ष करवा चौथ का व्रत बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसमें जेल में बंद महिला बंदी कई दिनों से तैयारी कर रही है उनके सजने संभरने के लिए जेल प्रशासन द्वारा सभी श्रृंगार सामग्री उपलब्ध कराई गई है साथी साथ उन्हें नई-नई साड़ियां एवं सूट पहनने वाली महिलाओं के लिए सूट उपलब्ध कराए गए हैं ताकि वह अपना करवा चौथ का व्रत घर की तरह मान सके और उन्हें जेल में रहते हुए किसी प्रकार की कोई कमी महसूस ना हो पाए। जेल में महिलाएं कई दिनों से अपने श्रृंगार करने की तैयारी कर रही है तथा उन्हें मेहंदी लगाने के लिए भी प्रशिक्षित किया गया है जिससे कि वह आपस में ही एक दूसरे को मेहंदी सजा सकें।

इस वर्ष कारागार में निरूद्ध 24 महिला बंदी करवा चौथ का व्रत रखेंगे जिनमें से अधिकांश के पति भी कारागार में निरूद्ध हैं, उन्हें उनके पतियों से मिलवाया जाएगा साथ ही उनका करवा चौथ का व्रत भी परंपरागत रूप से पति की पूजा करके ही मनवाया जाएगा। यदि किसी महिला का पति जो की कारागार में निरुद्ध नहीं है,और वह कारागार पर उपस्थित होकर अपनी पत्नी से मिलना चाहता है या उसकी पत्नी योग के कारागार में निरुद्ध है अपने पति को बुलाकर कारागार पर मिलना चाहेगी तो भी उसे मिलवाया जाएगा और उसका व्रत संबंधी पूजा आदि कराई जाएगी। करवा चौथ के लिए आवश्यक पूजा सामग्री जैसे - करवा,सींकें, चूड़ा, घी, बतासे, कलेंडर, मेंहदी, लिपिस्टिक, नेल पॉलिश, महावर, काजल, सिंदूर,विन्दी, चूड़ी चावल आदि की व्यवस्था स्वयंसेवी संगठन के सौजन्य से कराई जा रही है ताकि सभी महिला बंदी पूर्ण साज सज्जा के साथ करवा चौथ का व्रत मान सकें।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जनपद में छापामार कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर/सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वद्व/ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिलाधिकारी धर्मेन्द प्रताप सिंह के आदेश के अनुपालन में उपजिलाधिकारी, जलालाबाद एवं सहायक आयुक्त खाद्य-द्वद्व चन्द्रशेखर मिश्र के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं तहसीलदार, जलालाबाद के संयुक्त नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जनपद के जलालाबाद तहसील क्षेत्र में छापामार कार्यवाही करते हुए गॉव फरीदापुर के गौरव सिंह पुत्र जयसिंह के खाद्य प्रतिष्ठान पर बिक्री करते हुए पाये जाने पर खोया के कुल 04 नमूने नियमानुसार संग्रहित किये गये। जो सुरेन्द्र पुत्र बैजनाथ सिंह, धनपाल पुत्र गौरी लाल, जुडैल सिंह पुत्र नन्हे सिंह, व श्याम लाल पुत्र मुंशी से खोया का एक एक नमूना लिया गया। तथा मौके पर भण्डारित लगभग एक कुन्तल संदिग्ध खोया जो प्रथम दृश्ट्या खराब प्रतीत हो रहा था, को नष्ट कराया गया। इन नमूनों को जाँच हेतु प्रयोगशाला को भेजा गया। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा खोया मण्डी दिवियापुर, खोया मण्डी टापर एवं फरीदापुर पर मौजूद खोया विक्रेताओं को त्यौहारों के मददेनजर जागरूक किया गया। खाद्य पदार्थ मिलावट पर छापामार कार्यवाही दीपावली तक जारी रहेगी।

मिशन शक्ति के तहत स्कूली छात्राओ को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह के दिशानिर्देश मे मिशन शक्ति अभियान के तहत गोला के निकटवर्ती गांव बहेरा के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण मे कक्षा ऐक से पांच तक की छात्राओ व ग्रामीण की बालिकाओ व महिलाओ को मिशन शक्ति अभियान के चलते जागरूक किया गया। और उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाये गये अभियान अभियान के तहत महिलाओ को स्वावलंबन के चलते चलाये गये महिला हेल्प नंबरो के बारे मे भी जानकारी दी गई । इस अवसर पल अपराध निरीक्षक रवीन्द्र कुमार पांडेय थाना व मय हमराही महिला उप निरीक्षक अपूर्वा शर्मा एवं सर्वेश मौर्या व महिला आरक्षी रजनी शर्मा व अंकिता के साथ ग्राम बहेड़ा प्राथमिक विद्यालय में मिशन शक्ति के बारे में सभी बच्चों को बताया गया वह सुरक्षा संबंधी उपाय बताया गये।

लाइन मैंन के विरुद्ध लामबंद हुए पत्रकार दिया ज्ञापन

● लाइन मैंने पर अवैध वसूली करने का आरोप।

स्वतंत्र प्रभात

बेहजम खीरी जिले के अंतर्गत पावर हाउस मितौली में आज ऐप्जा पत्रकार संगठन ने मितौली पावर के फीडर कस्ता के लाइन मैंन शिवम के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया दर्जनों पत्रकार इकट्ठा हुए और शांति प्रिय ढंग से तहसीलदार मितौली को ज्ञापन सौंपा। लाइन मैंन शिवम का स्थानांतरण और दंडात्मक कार्यवाही करने की बात की गई साथ में तहसील अध्यक्ष ऐप्जा विष्णु प्रताप सिंह ने कहा पत्रकारों से अभद्रता करने वालों के विरुद्ध संगठन हर संभव लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। इस मौके पर सुरेश शुक्ला, जेपी मिश्रा,पत्रकार पंकज गौतम,पत्रकार कमलेश पाल,अंकित दीक्षित,प्रदीप मिश्रा, सौरभ सिंह आदि पत्रकार मौजूद रहें।

संक्षिप्त ख़बरें

राष्ट्रिय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

मीरजापुर। शनिवार को राष्ट्रिय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर एक रक्तदाता जागरूकता रैली का आयोजन जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन के अध्यक्षता में तथा प्राधनाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉक्टर विश्वजीत दास के निर्देशन में जिलाधिकारी कार्यालय से शुरू किया गया जिलाधिकारी ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया रैली अयोजन रक्त केन्द्र मंडलीय चिकित्सालय संबद्ध मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महविद्यालय तथा श्री साई परिवार सेवा संगठन मिर्जापुर द्वारा किया गया सहयोगी संस्था राउंड टेबल मिर्जापुर, एनसीसी 101 बटालियन, केबी कोलेज मिर्जापुर,बिनानी पीजी कॉलेज, घनश्याम मैनेजमेंट कोलेज, स्वरूप गुप्ता, शिव शुक्ला, आकाश सिंह पटेल, अतुल गुप्ता का विशेष सहयोग रहा रैली जिलाधिकारी कार्यालय से शुरू हो कर संकट मोचन, घंटाघर, पेहटी चौराहा, गिरधर चौराहा, वासली गंज चौराहा, जिला चिकित्सालय में संपन्न हुआ, सीएमएस जिला चिकित्सालय डॉक्टर एस के श्रीवास्तव ने सभी का धन्यवाद किया रैली के दौरान जगह जगह पर पुष्प वर्षा भी किया गया रैली का नेतृत्व जन सम्पर्क आधिकारी राम कुमार गुप्ता तथा श्री साई परिवार सेवा संगठन के अध्यक्ष शुभम् गुप्ता ने किया रैली में मौके सुमित अग्रवाल , संजय चंद, अजय उपाध्याय, अंकित उपाध्याय, कुलदीप, अतुल गुप्ता, कृष्णा शर्मा,आनंद देवा, प्रदीप गुप्ता, ऋषि, राम करन, संतोष पटेल, अमित शास्त्री, प्रोफेसर रत्नेश , लव कुश गुप्ता प्रोफेसर सुभाष पांडे, गोवर्धन दास सीए विकाश मिश्रा, नीतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

मंडलायुक्त व अपर आयुक्त प्रशासन ने नरथुआ तालाब जमीन का स्थलीय निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण व पार्क के रूप में खींचा विकास का खाका

नरथुआ तालाब भूमि को अविलंब समतल,फेंसिंग, वृक्षारोपण कर पार्क के रूप में हो विकसित-मंडलायुक्त

भदोही – मंडलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी एवं अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम ने औराई चौराहे के समीप नरथुआ ग्राम में स्थित तालाब व शिव मन्दिर के सौंदर्यीकरण व पार्क के रूप में विकास का खाका खींचा। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, उप जिलाधिकारी औराई बरखा सिंह, खंड विकास अधिकारी बृजेश नारायण त्रिपाठी सहित राजस्व टीम उपस्थित रही। मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि अविलंब सड़क के किनारे की भूमि को समतल कराकर, फेंसिंग कराते हुए वृक्षारोपण कर खाली जगह को पार्क के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। वाकिंग ट्रैक बनाने के साथ ही सीटिंग चेयर लगाने का निर्देश दिया। खंड विकास अधिकारी औराई द्वारा मंडलायुक्त को अवगत कराया कि इस जमीन पर पूर्व में अतिक्रमण के रूप आवासित 63 लोगों को पट्टे की जमीन दे दिया गया है तथा उनको पीएम आवास सर्वे सूची में सम्मिलित भी कर लिया गया है।

उदय मेहता ने हजारीबाग सदर विधानसभा से खरीदा नामांकन फॉर्म, जेएलकेएम से लड़ेंगे चुनाव

हजारीबाग– हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी उदय मेहता ने विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन फॉर्म ले लिया है। उदय मेहता ने इस मौके पर कहा कि वह क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के उद्देश्य से चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। उनका लक्ष्य हजारीबाग सदर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करना और क्षेत्र में प्रगति लाना है। उन्होंने कहा कि जयराम महतो का नेतृत्व झारखंड में विकास और प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कहा कि जयराम महतो के नेतृत्व में झारखंड में विकास की धारा को बहाना है।

भदोही जनपद के तीनो तहसील में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

●कुल आये 131मामलों में से 20 का हुआ त्वरित समाधान

मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने औराई में सुनी फरियाद

स्वतंत्र प्रभात

भदोही। जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील औराई में मंडलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी, जिलाधिकारी विशाल सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. मीनाक्षी कात्यायन, अपर आयुक्त प्रशासन डॉ. विश्राम, उप जिलाधिकारी औराई बरखा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संतोष कुमार चक, पुलिस क्षेत्राधिकारी औराई और तहसील ज्ञानपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व कुँवर वीरेंद्र मौर्य, एएसपी डॉ0 तेजवीर सिंह, उप जिलाधिकारी अरूण गिरि एवं तहसील भदोही में अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह, उप जिलाधिकारी भान सिंह व अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फ़रियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुनकर निस्तारण किया गया। भदोही जनपद के तीनों तहसील में कुल 131 मामले आये जहां पर कुल 20 मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया। सभी तहसीलों में जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में लगायें गये विभिन्न कैम्पो- बाल विकास पुष्ठाहार विभाग, आयुष्मान गोल्डेन कार्ड, परिवार नियोजन, समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के उन्नयन हेतु विविध योजना मिशन शक्ति, राजस्व विभाग हेल्प डेस्क, जागरूकता हेतु लगाये गये। तहसील औराई में लगाये गये कैम्प का जिलाधिकारी ने निरीक्षण करते हुयें उनके द्वारा लाभार्थियों को दी जाने वाली योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। औराई में कुल 68 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। जिसमें मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर 9 शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हुए शेष शिकायतों का ससमय व प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। औराई तहसील पहुंचे मंडलायुक्त ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण कराना सुनिश्चित कराये। उन्होंने जनपद में शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु सभी को प्रोत्साहित किया। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी और कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। मंडलायुक्त ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, एआरकोऑपरेटिव, प्रभागीय वनाधिकारी सहित बिना बताए अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी, खंड विकास अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी औराई, जिला दिव्यांगजन अधिकारी द्वारा बाद में उपस्थित होकर मंडलायुक्त को बताया कि जनपद में ही रहकर अन्य प्रशासकीय कार्य संपादित करा रहे थे। कागज में मृत घोषित लगभग 90 वर्षीय अंध बुजुर्ग महिला ने अपने परिजनों के साथ अपने जिंदा होने का प्रत्यक्ष प्रमाण उपस्थित होकर अपने पेंशन को सुचारू रूप से प्राप्त करने की फरियाद लगाई। जिस पर मंडलायुक्त ने मृतक प्रमाण पत्र बनाने वाले कार्मिक पर एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त व अपर आयुक्त प्रशासन ने औराई उप जिलाधिकारी व तहसीलदार न्यायालय के 10 सबसे पुराने फाइलों को निकलवा कर अवलोकन किया। उप जिलाधिकारी कोर्ट के फाइलों के अवलोकन के दौरान कुछ फाइलों में विसंगति पाए जाने पर पूर्व में रिटायर्ड एक उप जिलाधिकारी पर व एक लेखपाल पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। तहसीलदार न्यायालय में फाइलों के डिसीजन के बावजूद भी फाइनल निर्णय ऑनलाइन अपलोड न करने पर मंडलायुक्त ने कड़ी फटकार लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी न्यायालय मजिस्टेटों को निर्देश दिया कि पुराने व लम्बित वादों का अवलोकन कर गम्भीरता पूर्वक निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसी तरह तहसील भदोही में कुल 35 प्रार्थना पत्रों में से 5 प्रार्थना पत्रो को मौके पर ही निस्तारण किया गया। तथा तहसील ज्ञानपुर में कुल 28 शिकायतो में से 6 का त्वरित निस्तारण किया गया।औराई स्थित नरथुआ तालाब का स्थली भ्रमण कर मंडलायुक्त ने तालाब की बाउंड्री करते हुए सौंदर्यीकरण कराने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 14 जोड़ो ने लिए फेरे

स्वतंत्र प्रभात

भदोही/सुरियावा शनिवार को शासन द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सुरियावा खंड विकास कार्यालय के सभागार में 14 जोड़ों ने फेरे लेकर साथ जीने मरने की कसमें खाई इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सुरियावा अनिता गौतम तथा प्रमुख प्रतिनिधि नितेश त्रिपाठी संतोष उपाध्याय ब्लॉक प्रमुख सुरियावां द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब पात्र व्यक्ति की शादी के लिए खंड विकास कार्यालय में प्रार्थना पत्र देखकर रजिस्ट्रेशन कराकर शादी कराया जाता है जिसमें शासन द्वारा प्रत्येक जोड़े के खाते में 35000 नगद अनुदानित रकम एवं 10000 सामूहिक विवाह के समय समान एव 6 000अन्य खर्च के लिए निश्चित रकम दिया जाता है शासन की मंशा है कि कोई भी प्रदेश का पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित नहीं रहे मुख्यमंत्री स्वामी विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को खंड विकास कार्यालय के सभागार में सुरियावां खंड विकास कार्यालय से 3जोड़े व अभोली से 3 जोड़ो तथा ज्ञानपुर विकासखंड से 7 जोड़ा नगर पंचायत सुरियावा से 1द्वारा इसका लाभ उठाया गया इस मौके पर खंडविकाश कार्यालय ज्ञानपुर से खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार पांडेय सुरियावां सुधाकर दुबे एवं खंड विकास कार्यालय अभोली से खंड विकास अधिकारी मिर्जा असलम बेग तथा ब्लॉककर्मी समाज कल्याण विभाग से दिनेश पाठक काशीनाथ प्रवीण तथा तीनों विकास खंड कार्यालय के कर्मचारी गड़ सहीत एवंनवदंपति के परिजन परिजन सहित लोग उपस्थित रहे तथा सुरक्षा की दृष्टि से थाना सुरियावां से महिला एवं पुरुष कांस्टेबल मौजूद रहे।

अपर जिला जज ने विधिक साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के कार्ययोजना के तहत माननीय जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनमोल पाल के आदेशानुसार ग्राम कोलहड, ब्लाक सिटी के प्राथमिक विद्यालय कोलहण परिसर में आयोजित विधिक साक्षरता, सहायता जागरूकता शिविर शुभारम्भ अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव डीएलएसए विनय आर्या ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापूर्ण कर किये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या ने उपस्थित ग्रामीण महिलाओं पुरुषों को सम्बोधित करते हुए बताया कि न्याय तक आपकी पहुँच होनी चाहिए, आपकी समस्यओं के निदान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमेशा तत्पर्य है और नालसा एवं सालसा की योजनाओं, महिलाओं के हित में उनके अधिकार के सन्दर्भ में विस्तार से जानकारी दिए उन्होने बताया कि यदि किसी ग्रामीण को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए नालसा हेल्प लाईन नं0 15100 तथा ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वेवसाइट www.nalsa.gov.in/lsams की जानकारी विस्तार से दिए। उन्होने जागो ग्राहक, जागो उपभोक्ता फोरम, आपदा पीड़ित विधिक योजना 2010, बच्चो को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और संरक्षण योजना 2015, मानसिक रूप् से बीमार, विकलांग व्यक्तियों के विधिक सेवाए योजना 2015, नशा पीड़ितो को विधिक सेवाऐ एवं नशा उन्मूलन योजना 2015, एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016 एवं अन्य योजनाओं के सन्दर्भ में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए।

खण्ड शिक्षा अधिकारी रविन्द्र शुक्ला, सहायक विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह, कानूनगों जे0बी0सिंह, को0 देहात थानाध्यक्ष संदीप कुमार राय ने उपस्थित ग्रामीण जनों को शिक्षा के अधिकारी, राजस्व, देवी आपदाओं, ग्रामीण योजनाओं, महिला उत्पीड़न, यातायात, गुड टच, बैड टच आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। विद्यालय प्रधानाचार्या ममता सिंह, ग्राम प्रधान ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय के बालिकाओं द्वारा स्वागतगीत, एवं अतिथियों का स्वागत किया। जागरूकता शिविर में दीपक कुमार श्रीवास्तव, गनर अंगद यादव, ध्रुव तिवारी, पीएलवी जय प्रकाश सरोज, आकाश प्रिय, कल्पना यादव, रूपा गुप्ता, विद्यालय के अध्यापिकाए एवं समस्त स्टाफ उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये और सहयोग प्रदान किए।

आशा संगिनी को टीबी मुक्त भारत का दिया गया प्रशिक्षण

सीखड़, मीरजापुर । शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र सीखड़ (मगरहा) पर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत विकास खण्ड में कार्यरत आशा ,आशा संगनी को अपने-अपने कार्य क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा टीबी मरीजों को खोज कर इलाज पर लाने हेतु क्षय विभाग द्वारा किया गया प्रशिक्षित। उपरोक्त प्रशिक्षण में क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा आशा व आशा संगनी को निर्देशित किया गया कि सभी लोग क्षेत्रीय भ्रमण के समय हर घर के व्यक्तियों को टीबी के संपूर्ण लक्षणों एवं सरकारी स्तर से वर्तमान में उपलब्ध समस्त निः शुल्क सुविधाओं के विषय में पूरी जानकारी दें जिससे कि अज्ञात टीबी रोगी को खोज कर इलाज पर लाया जा सके सभी अपने क्षेत्र के सम्मानित जनों को टीबी मरीजों के हित में निः क्षय मित्र एवं टीबी चैंपियन बनाने का प्रयास करें जिससे कि माननीय प्रधानमंत्री जी के 2025 तक टीबी समाप्ति के लक्ष्य को पूरा होना संभव किया जा सके। आयोजन के दौरान डॉ सुरेन्द्र नाथ ,एस टीएस प्रदीप कुमार, एसटी एल एस आषुतोष तिवारी सहित क्षेत्र की सभी आशा आशा संगिनी उपस्थित रही।

चित्रकूट के असिस्टेंट कमीश्नर ने टोल कर्मी की डंडे से की पिटाई

●भदोही के लालानगर टोल प्लाजा की वारदात

प्रयागराज के पशुपालन विभाग के चालक की करतूत कैमरे में कैद

स्वतंत्र प्रभात

सरकार जहां कानून व्यवस्था को सही बनाने के लिए जीरो टोलरेन्स की बात करती है वही सरकार के ही कुछ नुमाइंदे अपने करतूतों से सरकार की किरकिरी करने से बाज नहीं आते है। ऐसा मामला आये दिन अक्सर देखने को मिलता है जहां अपने रौब को दिखाने के लिए साहब नियम क़ानून को ताक पर रख देते है। बताते चले कि ऐसा ही मामला भदोही जनपद के लालानगर टोल प्लाजा पर शनिवार को देखने को मिला जहां पर खुद को चित्रकूट में तैनात असिस्टेंट कॉमिश्नर बताने वाले शख्स राम सुन्दर यादव ने लालानगर टोल प्लाजा पर तैनात कर्मी की डंडे से पिटाई कर दी। जिसका फूटेज सीसीटीवी में कैद है। यह मामला शनिवार को सुबह 10 बजकर 20 मिनट का है। लालानगर टोल प्लाजा पर तैनात टोल कर्मी आशीष ने बताया कि खुद को चित्रकूट का असिस्टेंट कॉमिश्नर बताने वाले शख्स अपनी गाड़ी (UP 70 FE 2468) शनिवार की सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर आये और बूम उठाने के लिए कहने लगे टोल कर्मी ने जब कार्ड मांगा और फिर बूम उठा दिया। बूम उठने के बाद गाड़ी आगे जाकर रुकी और टोल कर्मी कार्ड वापस देने गया। इसी बीच राम सुन्दर यादव ने टोल कर्मी को गाली देते हुए गाड़ी में रखे डंडे से पिटाई करना शुरू कर दिया। अन्य टोल कर्मियों के बीच बचाव के बाद वह शख्स अपनी गाड़ी से वाराणसी के तरफ चला गया। इस वारदात की शिकायत टोल प्लाजा के मैनेजर ने गोपीगंज कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। शनिवार को ही दोपहर में लालानगर टोल प्लाजा पर करीब एक बजे एक और घटना चर्चा का विषय बना हुआ है जहां पर प्रयागराज जनपद के पशुपालन विभाग में तैनात वाहन चालक श्याम मिलन यादव ने अपने वाहन (P 70 AG 0125) से वाराणसी के तरफ जा रहा थे। चालक ने मनमानी की हदे पार करते हुए गाड़ियों को रोकने वाले बूम को दबंग अंदाज में खुद अपने ही हाथ से उठाकर गाड़ी निकाल ली। इसका भी पूरा नजारा सीसी टीवी फूटेज में कैद हो गया। इस तरह के मामलों को जो भी सुन रहा है वह सरकार के ऐसे नुमाइंदो के करतूतों को सुनकर दांतो तले अंगुलिया दबा रहा है। इस तरह की घटना की पुरे क्षेत्र में चर्चा है।

छानबे क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिश्रपुर के ग्राम प्रधान की प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार बहाल

स्वतंत्र प्रभात



जिगना, मीरजापुर। छानबे क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिश्रपुर के ग्राम प्रधान श्री मती सीता देवी पत्नी हिंछनारायन की प्रशासनिक तथा वित्तीय अधिकार जिला अधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर बहाल कर दिया है । मिर्जापुर उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन के क्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने क्षेत्र के मिश्रपुर गाँव की प्रधान सीता देवी के प्रशासनिक व वित्तीय अधिकार बहाल कर दिया है। बीते 30 सितम्बर को जारी स्वयं के आदेश को निरस्त कर दिया है। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने कथित तौर पर गबन-घोटाले के आरोप में प्रधान के समस्त अधिकारों को सीज करते हुए ग्राम निधि व अन्य खातों के संचालन पर रोक लगाते हुए तीन सदस्यीय टीम के गठन का आदेश जारी किया था। जिलाधिकारी के निर्देश को लेकर प्रधान समर्थकों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

रिटायर्ड जवान का मिला शव, हैलेट में था सिक्योरिटी इंचार्ज

कानपुर। रिटायर्ड जवान का मिला रक्तरंजित शव, रावतपुर हैलेट अस्पताल में सिक्योरिटी इंचार्ज के पद पर थे तैनात, परिजनों ने जताया है हत्या की आशंका, रावतपुर स्टेशन रेलवे ट्रैक के किनारे, नाले में मिला था शव, मृतक का नाम सर्वेश सिंह,निवासी छिबरामऊ, उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है, वह नाइट ड्यूटी करने के बाद अपने निवास छिबरामऊ के लिए ट्रेन से निकले थे, जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आगे की जांच की जा रही है।

अपर जिलाधिकारी ने अभियोजन कार्यों, कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक

●बिना पंजीकृत डॉक्टर के पर्चे पर लिखे बिना कोई भी मेडिकल स्टोर दवा ना दें- एडीएम

एडीएम ने अभियोजन व कानून व्यवस्था संबंधी बैठक कर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए

अपराधियों को सजा दिलाने हेतु न्यायालय में मुकदमों की पैरवी करने के लिए एएसपी ने अभियोजन अधिकारियों को दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

भदोही :-अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों, कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। अभियोजन कार्यों से जुड़े मामलों की अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य ने कलेक्ट्रेट सभागार में विस्तार से समीक्षा की। बैठक में एडीएम ने संयुक्त निदेशक अभियोजन राजपाल कैथल सहित समस्त सहायक अभियोजन अधिकारी व अपर शासकीय अधिवक्ता को अभियोजक को संबंधित मामलों के निष्पादन में तीव्र प्रगति लाने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी कहा की पीड़ितों को न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है साथ ही एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्यवाही करें। हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सके।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए सभी संबंधित पक्षों में समन्वय का होना आवश्यक है। इसलिए जरूरी है कि सभी पक्ष आवश्यक कागजात या प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए ससमय संपर्क करें। अपर जिलाधिकारी ने बैठक में महिला अपराधों व पाक्सों एक्ट से संबंधित मुकदमों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने आपराधिक मामलों में लिप्त अपराधियों को सजा दिलाने को न्यायालयों में मुकदमों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने के लिए अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिए। अभियोजन कार्यों व कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन की समीक्षा बैठक में अवैध असलहा, आबकारी अधिनियम, संवेदनशील धाराएं, गैगेस्टर, मादक पदार्थों की तस्करी आदि बिन्दुओं पर विशेष बल दिया गया।

मंडी सचिव से मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। औषधि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि बिना पंजीकृत डॉक्टर के पर्चे पर लिखे बिना कोई भी मेडिकल स्टोर दवा ना दें। जन स्वास्थ्य के दृष्टिगत प्रतिबंधित दवाओं के विक्री पाए जाने पर संबंधित मेडिकल स्टोर पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एसीएमओ को इसे सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। साथ ही आबकारी, वाणिज्य कर, बाट माप विभागों द्वारा किए प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अरुण गिरी, संयुक्त अभियोजन अधिकारी,अपर शासकीय अधिवक्ता, पुलिस उपाधीक्षक चमन सिंह चावड़ा, एआरटीओ राम सिंह, डीआईओएस अंशुमान, जिला प्रोवेशन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया, सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

किसान कल्याण समिति द्वारा नवकुंडी मां के दरबार में महा यज्ञ का हुआ शुभारंभ



इमिलियाचट्टी, मीरजापुर । जरगो बांध पर स्थित पर्वत श्रृंखला पर बना नवकुंडी मां की प्राचीन मंदिर पर किसान कल्याण समिति द्वारा विशाल महा यज्ञ एवं भंडारण का हुआ शुभारंभ यह महा यज्ञ शनिवार को 10 बजे शुभारम्भ किया गया,24 घंटे बाद रविवार को प्रातः 10 बजे समापन किया जाएगा। यह यज्ञ किसानों के द्वारा किया जा रहा है, किसान कल्याण समिति जरगो कमांड अपने स्थापना वर्ष 1980 ई से सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता और आवश्यक के मध्य समझौता वादी आधार पर किसानो के लिए 44 वर्षों से कार्य कर रही है वही सिंचाई के लिए किसानों को 100हखेतों की सिंचाई होती है,वही जरगो बांध पर स्थित पर्वत श्रृंखला पर मां के दरबार में प्रत्येक गांव के किसान महा यज्ञ में शामिल हो रहे हैं।

बाइक सवार ने अधेड़ को मारा टक्कर मौके पर मौत

स्वतंत्र प्रभात

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के चक कोटार नहर के पास शुक्रवार कि देर शाम तेज़ गति से आ रहे बाइक सवार ने सड़क पर जा रहे अधेड़ को जोरदार धक्का मार दिया जिससे अधेड़ नहर में गिर पड़ा और अधेड़ के सिर हाँथ पैर में गंभीर रूप से चोट लग गई मौके पर पहुचे ग्रामीणों ने आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया।परिजनों कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सूचना मिलने पर मौके पर पहुचे ग्राम प्रधान के बेटे सूरज कुशवाहा ने अधेड़ कि परिजनों को ढांढस दिया है अधेड के परिजनो में कोहराम मच गया है मृतक को तीन पुत्र व दो पुत्रिया है मृतक की पत्नी कलुई का रो रोकर बुरा हाल है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार ने बताया कि बाइक के धक्के से गंभीर रूप से घायल अधेड़ के परिजनों द्वारा उपचार के लिए मृत अवस्था में लेकर आये थे मृत घोषित कर दिया गया है मृतक कि मौत कि सूचना मेमो के माध्यम से पुलिस को भेज दिया गया है।

संक्षिप्त ख़बरें

अतिक्रमण विरोधी अभियान को भेदभाव तरीके से चलाने का आरोप

प्रयागराज – नगर निगम प्रयागराज के अतिक्रमण विरोधी अभियान आज चुन्नीलाल मार्ग ट्रेफिक चौराहे को भेदभाव तरीके से चलाया गया और अपने चेहतों को गोमती लगवाने की छूट दी गई तो गरीबों को ढूढ़ कर जबरन ध्वस्त किया गया।,फुटपाथ पर कार खडी कर जरूरी काम से गए कार चालको से भी जबरन वसूली की गई। नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी प्रवर्तन दल के अमानवीय व्यवहार के विरोध मे फुटपाथी दुकानदारों ने ट्रैफिक पुलिस लाइन चौराहे पर जाम लगाया,न वेंडिग जोन बना रहे हैं और न फुटपाथी दुकानदारों को व्यवस्थित कर रहे हैं,केवल आयेदिन बुलडोजर का भय दिखाकर 5 से दस हजार सादे कागज पर फर्जी रसीद देकर वसूल ले जाते हैं। लखनऊ सहित कई जगह फुटपाथी दुकानदारों को वेंडिग जोन बनाकर व्यवस्थित किया जा चुका है लेकिन अनियमित चेहतों को व्यापार की छूट दे रखा है उनसे मोटा वशूली हरमाह होती हैं।नगर निगम के अधिकारियों का समूह अपने कृत्य से सरकार विरोधी माहौल बनाने में लगे हैं।

रिक्त सीटों के सापेक्ष आईटीआई नैनी में 30 अक्टूबर तक प्रवेश लेना सुनिश्चित करें

प्रयागराज। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश, अलीगंज, लखनऊ द्वारा संस्थान में प्रवेश सत्र 2024 - 25 हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थी एवं नवीन पंजीकृत अभ्यर्थी परिषद की वेबसाइट http://www.scvtup.in अथवा http:/www.upvesd.gov.in/dte पर अपनी रैंक पत्र का प्रिंट आउट निकाल कर दिनांक 21-10-2024 से 30-10-2024 सायं 5:00 तक (अवकाश सहित) संस्थान में उपस्थित होकर WALK IN सिद्धांत के अनुसार प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी ने बताया है कि अभ्यर्थी संस्थान में अपने समस्त मूल अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की प्रति एवं उनकी एक-एक प्रमाणित छाया प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होकर अंतिम निर्धारित तिथि 30 अक्टूबर तक प्रवेश लेना सुनिश्चित करेंगे।

प्रथम मण्डलीय पेंशन अदालत का आयोजन दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में

सेवानैवृत्तिक लाभों की स्वीकृति/भुगतान सम्बंधित शिकायत 30 अक्टूबर तक कर सकते हैं।

प्रयागराज। सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर अनुमन्य लाभों के लम्बित मामलों को शीघ्र निस्तारित कराने के लिए मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डल स्तर पर पेंशन अदालत गठित है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम मण्डलीय पेंशन अदालत माह दिसम्बर, 2024 के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जानी है। अपर निदेशक, संयोजक पेंशन अदालत शशि भूषण सिंह तोमर ने बताया है कि सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारी तथा अधिकारियों को सेवानैवृत्तिक लाभों की स्वीकृति/भुगतान के प्रकरणों में यदि कोई शिकायत हो, तो वे अपनी शिकायत निर्धारित वाद पत्र पर तीन प्रतियों में अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, प्रयागराज मण्डल, नवीन कोषागार भवन, कचेहरी रोड, प्रयागराज के कार्यालय में दिनांक 30.10.2024 तक किसी भी कार्यदिवस में जमा कर सकते हैं। वाद पत्र का प्रारूप अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, प्रयागराज मण्डल प्रयागराज के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। दिनांक-30.10.2024 के बाद प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। निर्धारित प्रारूप पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों में ही पेंशन अदालत में सुनवाई की जायेगी।

महाराजाअजमीढ़ देव जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई

प्रयागराज। आज छत्रिय सोनार युवक धर्मशाला दरियाबाद के प्रांगण में महाराजाअजमीढ़ देव जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें भजन संध्या का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें लखनऊ से आये संगीतकार गायक श्री अच्छेलाल सोनी तथा प्रयागराज से श्री राधेश्याम कड़ेल जी ने अपने स्वरों से वंदना कर कई भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओ को मंत्रमुग्ध किया कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनार समाज के अध्यक्ष रोहित वर्मा गुलाब ने किया तथा संचालन राकेश वर्मा ने महाराजा अजमीढ़ देव के इतिहास का वर्णन करके किया वहीं समाज के संरक्षक श्री शिवशंकर वर्मा ने समाज को एक धारा में एक माला में पिरोने का काम किया कार्यक्रम में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष शिवम वर्मा, महिला सभा की महामंत्री रचना वर्मा, वरिष्ठ संरक्षक अशोक वर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, संरक्षक दीनानाथ वर्मा, पूर्व मंत्री अच्छे लाल सोनी,डेविड जी, हरीश वर्मा, पप्पू जी वर्मा, श्याम वर्मा,अजित सेठ रमेश यादव, सारिका यादव, आदि सैकड़ो संख्या में लोग उपस्थित रहें।

मंझनपुर नगर पालिका के आरटीओ आफिस के पास जीएस लैंड में हुई अवैध प्लाटिंग

● - राजस्व अफसरों से सेटिंग में लगे भू-माफिया,मेन रोड़ में भूमधारी दिखाने का चल रहा खेल

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। सिराथू इलाके में कोरों ग्राम सभा में गाटा संख्या 931 (मि0) सिराथू मंझनपुर मेन रोड़ के किनारे बेसकीमती जमीन खाली पड़ी हुई है। बेसकीमती जमीन में भू-माफियाओं ने तहसील प्रशासन के गठजोड़ से प्लटिंग कर दिया था। बेसकीमती जमीन में अवैध प्लांटिग की शिकायत लोगों ने अफसरों से किया था। जीएस लैंड की पुष्टि होने पर नगर पालिका प्रशासन ने अवैध प्लटिंग में बोल्डोजर चलवा दिया है। बेसकीमती जमीन हाथ से निकलती देख भू-माफिया फिर तहसील प्रशासन से सेंटिग में लगें हुए है। चर्चा है कि मेन रोड़ में पटटेदारों का हिस्सा दिखाकर जीएस लैंड को पीछे दिखाने की सेंटिग का खेल चल रहा है।

सिराथू तहसील के आराजी संख्या (931 मि0) लगभग 32 बिस्वा का रकबा है। इसमें लगभग 18 बिस्वा कुछ लोगों को पटटा आवांटन है। इसके अलावा लगभग 14 बिस्वा जीएस लैंड खाली पड़ी हुई थी। सिराथू मंझनपुर मेन रोड़ किनारे होने से जमीन की कीमत करोड़ों रुपये आकी जा रही है। आरोप है कि कुछ भू-माफियाओं ने लेखपाल व तहसील प्रशासन के गठजोड़ पटटेदारों की जमीन खरीद कर जीएस लैंड पर भी कब्जा कर लिया है। सूत्रों की माने तो कुछ साल पहले तक पटटेदार भी सड़क से पीछे के हिस्से में खेती करते थे। पटटेदारों से जमीन खरीदने के बाद भू-माफियाओं ने पीछे की जमीन छोड़कर मेन रोड़ की पूरी जमीन में प्लांटिग कर दिया है। अवैध प्लांटिग की शिकायत ग्रामीणों ने डीएम के साथ नगर पालिका मंझनपुर में भी किया था। सूत्रों की माने तो एक जालसाज ने अफसरों से सांठगांठ कर अपना मकान में खड़ा कर दिया है। इसके अलावा भू-माफियाओं ने कई लोगों को जीएस लैंड में प्लाट भी बेच दिया है। सूत्रों की माने तो अवैध प्लांटिग में नगर पालिका का बोल्डोजर चलने के बाद भू-माफिया लेखपाल के जरीए तहसील प्रशासन से गठजोड़ में लगे हुए है, ताकि जीएस लैंड को मेन रोड़ की जगह सड़क से पीछे दिखाया जा सके है।

बोले अफसर

मामला संज्ञान में नहीं था, यादि ऐसा है तो नियमानुसार पैमाईस कराकर कार्रवाई की जाएगी। मधुसुदन हुल्गी जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद कौशाम्बी के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

समाधान दिवस में शिकायतकर्ता बृजेश कुमार पुत्र-गुलाब चन्द्र निवासी ग्राम-बिलौहन का पूरा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि धान खरीद का रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसमें नामिनी नाम दर्ज नहीं हुआ है और उसे लॉक कर दिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि सत्येन्द्र कुमार तिवारी को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार शिकायतकर्ता सिपाता देवी निवासी ग्राम-अगियोना करारी ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि भूमिधरी की हकबन्दी हुई है, जिसकी पत्थरगड़ी की गई, परन्तु विपक्षीगणों द्वारा पत्थर को उखाड़ फेंक दिया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक को जॉच कराकर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

तहसील सिराथू में कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं उप जिलाधिकारी आकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जनपद में ओवर लोड वाहनों सहित पासरों पर, चला प्रशासन का सोटा

● - पिपरी में छह, कड़ा में चार तो कोखराज में एक ओवर लोड वाहन सीज

एआरटीओ, खनन व पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्यवाही से मचा हड़कप

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद की सड़कों में ओवर लोड मनाही के बाद भी फर्राटा भर रहे बालू, गिट्टी लदे, डम्पर व ट्रकों सहित पासरों के खिलाफ शुक्रवार की रात्रि प्रशासन का सोटा चला। जिसमें जनपद के विभिन्न चौराहों व तिराहों में प्रशासन की संयुक्त टीम ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कुल जहां कुल ग्यारह ओवर लोड वाहन सीज किए गए है वहीं तकरीबन नौ पासर भी प्रशासन की गिरफ्तारी में आए हैं। हालांकि प्रशासन की इस कार्यवाही के बाद ऐसे वाहन संचालकों की कलई खुलती नजर आने लगी है।

यहां पर बताना जरूरी होगा कि शासन का सख्त निर्देश है कि सड़कों पर ओवर लोड वाहन किसी भी हाल में फर्राटा न भर पाएं। इस क्रम में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के अलावा एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव शुक्रवार को गंभीरता से लेते हुए मातहतों को कड़े निर्देश दिए। अधिकारी द्वय का निर्देश होते ही एएसपी, एसडीएम, खनन व एआरटीओ द्वारा जिले की सड़कों पर सघन चेकिंग अभियान चला दिया गया। फिर क्या था, पिपरी थाना क्षेत्र से छह, कड़ा चार तो कोखराज थाना क्षेत्र से एक ओवर लोड वाहन सीज किए गए। सबसे बड़ी बात यह रही कि इन ओवर लोड वाहनों को पास कराने वाले पासर भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। बताया जा रहा है कि तकरीबन नौ पासरों को पुलिस द्वारा गिरफ्त में लिया गया जिनसे चार चारपहिया वाहन भी हत्थे चढ़े हैं। हालांकि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जिस तरह से ओवर लोड वाहनों पर कार्यवाही किया गया है यदि वह कुछ दिनों तक निरन्तर चलती रहे तो शायद जिले की सड़कें ओवर लोड वाहन मुक्त हो जाएंगी।

काश यदि प्रशासन का चलता रहे अभियान

कौशाम्बी। जिले की सड़कों में ओवर लोड वाहन न चलें इसके लिए कहीं न कहीं जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर प्रशासन की संयुक्त टीम इसी तरह सघन चेकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही करती होती रही तो इतना तय है कि जिले की सड़कें ओवर लोड वाहनों से मुक्त हो सकती हैं। वैसे यदि जिले की बृद्धिजीवी जनता की बातों पर यकीन करें तो उनका कहना है कि आखिर जब उच्चाधिकारियों का निर्देश होता है तो ही थाना या फिर लोकल के अधिकारी क्यों अलर्ट होते हैं यदि प्रशासन की यह कार्यवाही निरन्तर इसी तरह से चलती रहे तो फिर ओवर लोड वाहन सड़कों पर दिखाई ही नहीं देंगे। हालांकि लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

रवी फसलो की बुआई से पहले किसान भाई करें भूमि एवं बीज शोधन

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत यादव ने किसान भाईयों को सूचित किया है कि रवी फसलों की बुआई का सीजन नजदीक आ रहा है, फसलो को रोगों तथा कीडों से बचाव के लिए भूमि एवं बीज शोधन अवश्य करें, क्योंकि बीज शोधन करने से फसलों में बीज जनित रोगों की समस्या नहीं आती। इसी प्रकार भूमि शोधन करने से भूमि में रोग और कीडों की समस्या समाप्त हो जाती है। भूमि/बीज शोधन करने से फसलों में लगने वाले रोग जैसे उकठा, जड गलन, तना गलन आदि की समस्या समाप्त हो जाती है। उन्होंने बताया कि बीज शोधन के लिए किसान भाई 2.5 से 3 ग्राम कार्वेण्डाजिम 50 प्रति0 या थीरम 75 प्रति0 अथवा 4 से 5 ग्रम टाइकोडर्मा प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीज शोधन करें। इसी प्रकार भूमि शोधन के लिए 2.5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर टाइकोडर्मा या बिबेरिया बैसियाना 65 से 70 किलोग्राम सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर एक सप्ताह के लिए छाये युक्त स्थान में रखकर आवश्यकतानुसार पानी का छीटा मारते रहें। इसके बाद टाइकोडर्मा से मिली गोबर की खाद बीज की बुआई से पहले खेत में डालकर जुताई करा दें। इससे भूमि में लगने वाले फफूंद जनित रोगो से छुटकारा मिल जाता है। इसी प्रकार किसान भाई दीमक कीट के जैविक नियन्त्रण के लिए बिबेरिया बैसियाना से भूमि शोधन अवश्य करें। जैविक रसायन का 2.5 किलोग्रम प्रति हेक्टेयर की दर से सडी गोबर की खाद में मिलाकर भूमि शोधन करें। भूमि शोधन एवं बीज शोधन के लिए रसायन राजकीय कृषि रक्षा इकाइयों पर 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए किसान भाई जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत यादव से मोबाइल नम्बर-9455417866 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

चकरोड की पैमाइश करने गये तहसीलदार से हुई झड़प, दो पक्ष आपस में भिड़े

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। कौंधियारा थानाक्षेत्र के सोढ़ीया गाँव में चकरोड की पैमाइश को लेकर दो पक्ष आपस में भीड़ गये राजस्व टीम पैमाइश करने पहुंची तो उनसे भी बात बहस हो गई। टौंस नदी के किनारे स्थित सोढ़ीया गाँव में पाटलेश्वर महादेव मंदिर तक तीन वर्ष पहले जिला पंचायत से सड़क बनाई गई थी जिसको गाँव के ही कल्लू पाण्डेय ने कब्जा कर जोत लिया था । गाँव के सतेंद्र तिवारी ने सड़क को कब्जा मुक्त कराने को लेकर खंड विकास अधिकारी तथा एसडीएम करछना से शिकायत की थी। शुक्रवार को राजस्व टीम से साथ तहसीलदार केशव प्रसाद वर्मा मौके पर पहुंच कर पैमाइश कर रहे थे तभी दोनों पक्ष आपस में भीड़ गये। और मारपीट शुरू कर दिये।मारपीट के दौरान दोनों पक्ष से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। राजस्व टीम ने मारपीट की सूचना कौंधियारा पुलिस को देते हुये बिना पैमाइश किये वंहा से चली गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिये सीएससी भेजा और दोनों पक्षों के ऊपर कार्यवाही किया गया। अगर देखा जाये तो प्रयागराज के विभिन्न क्षेत्रों में जमीनी विवाद के चलते राजस्व विभाग की लापरवाही से क्षेत्र में लड़ाई झगड़े आम हो गई है। जमीनी विवाद में कई लोगो की मौत भी हो चुकी है। कुछ दिन पूर्व घूरपुर क्षेत्र के एक युवक की जमीनी विवाद के चलते मारपीट में मौत हो गई थी। जिसको लेकर ग्रामीणों ने राजस्व विभाग के खिलाफ नारेबाजी की थी।

नन्दी वाणी पब्लिक स्कूल में विभिन्न एक्टिविटीज में बच्चों ने किया प्रतिभाग

● -विजेता बच्चो को किया गया पुरस्कृत

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद के नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित नन्दी वाणी पब्लिक स्कूल भरवारी में गत माह हुए विभिन्न एक्टिविटीज एवं प्रतियोगिताओं में सैकड़ो बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया।विजेता बच्चो को स्कूल की तरफ से मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का यह उद्देश्य रहा है कि बच्चों को खेल-खेल में सिखाएं। बच्चों को विभिन्न एक्टिविटी के द्वारा तथा Learning By Doing के तर्ज पर सीखाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।स्कूल में प्रत्येक शनिवार को अलग-अलग क्रियाकलाप जैसे Semiconductor devices vitamins and proteins sustainable development electrical hazards, digital era, Mathematical quiz, Art and craft,monuments and sites, heritage culture ·Ô¤ âæÍ-âæÍ personal skill, life skill द्वारा प्रत्येक क्लास के सभी बच्चों के बीच में प्रत्येक शनिवार को एक कंपटीशन कराया जाता है, और उस कंपटीशन में विजेता टीम अथवा विजेता खिलाड़ी को सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया जाता है। स्कूल के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने उनके उत्साह के लिए उनकी विभिन्न क्षेत्र में सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए उन्हें मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्कूल की प्रबन्धक ज्योति अभिजीत ने सभी बच्चों को आशीष दिया और उन्होंने बच्चों को अपने जीवन में आगे बढ़ाने एवं निश्चित लक्ष्य को प्राप्त करने की सीख दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित चौरसिया ने सभी बच्चों को अपने जीवन में अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करने तथा आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के शिक्षक दीक्षा केसरवानी, दीक्षा गर्ग, आयुषी, रेहान, वेद, पूजा, तन्वी, विजय, विवेक ,मुजम्मिल, रजनी तथा प्रेम एवं अन्य मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर जांच की मांग मेडिकल कॉलेज गोंडा में प्राचार्य व बीबी सिंह बाबू पर अपनी चहेते फर्म के नाम से करोड़ों रुपए का फर्जीवाड़ा का आरोप

● -गोंडा मेडिकल कॉलेज में खरीदे जा रहे सामानों में व्याप्त अनियमितता चाहेते फर्मों के नाम करोड़ों रुपए का फर्जीवाड़ा की उच्च स्तरीय जांच कराए शासन - राजकुमार दुबे

स्वतंत्र प्रभात

गोंडा। मेडिकल कॉलेज में हो रहे भ्रष्टाचार के संबंध में रघु बाबा समाज सेवा संस्थान के द्वारा मुख्यमंत्री जी को पत्र भेज कर जांच कराए जाने की मांग की संस्था ने अपने भेजे गए पत्र में कहा है कि मेडिकल कॉलेज गोंडा में डॉक्टर कुलदीप पांडे प्राचार्य मेडिकल कॉलेज वा बीबी सिंह बाबू के द्वारा अपनी चहेते फर्म के नाम से करोड़ों रुपए का फर्जीवाड़ा करके सरकार द्वारा भेजे जा रहे धन का दुरुपयोग कर अपने चहेते लोगों को लाभ पहुंचाकर हिस्सेदारी लेकर अपनी निजी संपत्ति बनाने में लगे हुए जिससे मेडिकल कॉलेज में भारी अनियमितता व्याप्त हो चुकी है। और यदि ऐसा ही चलता रहा तो गोंडा मेडिकल कॉलेज को धरातल में उतरना नामुमकिन है। जिस तरह केंद्र सरकार व राज्य सरकार जनता के हितों के लिए मेडिकल कॉलेज का निर्माण करके मरीज को अच्छी सुविधा व इलाज देना चाहती है तो वहीं दूसरी तरफ कुछ भ्रष्टाचारी अधिकारियों के द्वारा अपनी निजी संपत्ति बनाने के चक्कर में सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतरने से पहले ही बंदर बांट कर लेते हैं।राजकुमार दुबे का कहना है कि उक्त मेडिकल कॉलेज में उक्त लोगों के द्वारा अपनी चहेती चार-पांच फार्मो के नाम से सारी खरीददारी करके हिस्सेदारी करने पर तुले हैं जिसको शासन प्रशासन द्वारा जांच कर कर शब्द कार्रवाई की जाए जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगा सके।

शोषण के विरुद्ध बालकों के अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

● -देश की अमूल्य धरोहर और देश का भविष्य हैं बच्चे- पूर्णिमा प्रांजल

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद में आज दिनांक 19 अक्टूबर, 2024 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विट्ठल भाई पटेल शिक्षा सदन इण्टर कॉलेज, उदहिन खुर्द, सिराथू, कौशाम्बी में शोषण के विरुद्ध बालकों के अधिकार एवं अन्य कानून विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्णिमा प्रांजल, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय कौशाम्बी ने बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम और शोषण के विरुद्ध बालकों के अधिकार पर बात करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को पोषण युक्त भोजन, कपड़े, आश्रय सम्मान के साथ जीवन जीने, अच्छा स्वास्थ्य, स्वच्छ हवा-पानी, साफ-सुथरे वातावरण का अधिकार है। बालकों (लड़के और लड़की दोनों) को शोषण व हिंसा के विरुद्ध अधिकार, अपमानित किए जाने के विरुद्ध, शारीरिक व लैंगिक शोषण के विरुद्ध, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संघ या संगठन बनाने के स्वतंत्रता, आत्म निर्णय की स्वतंत्रता जैसे अधिकार भी प्राप्त हैं। सीखने, शिक्षा प्राप्त करने, आराम करने, खेलने-कूदने के साथ ही मानसिक, शारीरिक व संवेगात्मक विकास का अधिकार भारतीय संविधान, बालकों से संबंधित विभिन्न विधियों और बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत प्रदान किया गया है। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह प्रतिबन्धित किया गया है। बच्चे देश की अमूल्य धरोहर और देश का भविष्य हैं इसलिए इन्हें संवारने का प्रयास सभी को करना चाहिए। हम सबकी जिम्मेदारी है कि बच्चों के अधिकारों का हनन होने से रोकें और सभी सार्वजनिक एवं निजी संस्थाओं को चाहिए कि वे बच्चों के सर्वोत्तम हितों को अपने कार्य एवं क्रियाकलापों में प्राथमिकता दें। प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण जीवन एवं बहुमुखी विकास का जन्मजात अधिकार है, इसके अन्तर्गत बच्चों की सुरक्षा, उनके स्वास्थ्य एवं उनकी शिक्षा का अधिकार सम्मिलित हैं जिनका उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व, योग्यता व मानसिक एवं शारीरिक क्षमताओं का सम्पूर्ण विकास है तथा सामाजिक सुरक्षा से पूर्ण लाभ प्राप्त करने का अधिकार भी इसमें सम्मिलित है।

किशोर न्याय देखभाल एवं संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, एंटी ट्रैफिकिंग एक्ट, बाल कल्याण समिति, एंटी रैगिंग एक्ट तथा भारतीय न्याय संहिता (पूर्व में भारतीय दण्ड संहिता), कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (पूर्व में दण्ड प्रकिया संहिता) की धारा 125 के तहत उपलब्ध भरण पोषण के उपबंधों सहित अन्य अधिनियमों में बालकों व उनके अधिकारों से सम्बन्धित तमाम प्रावधानों, उत्तर प्रदेश पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना व विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं, पात्र व्यक्तियों, तहसील स्तर पर स्थापित लीगल एड फ्रन्ट ऑफिस और वैकल्पिक विवाद समाधान पद्धति की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम का निर्माण 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों के साथ हो रहे यौन उत्पीड़न, यौन शोषण, पोर्नोग्राफी और छेड़छाड़ के मामलों को रोकने के लिए किया गया था। इसका प्रमुख उद्देश्य है बच्चों को इस अपराध से बचाना व समय पर न्याय दिलवाना। इस एक्ट के अन्तर्ग दोषी पाए गए व्यक्ति के लिए 3 साल से लेकर उम्रकैद व मृत्युदंड का भी प्रावधान है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक, कर्मचारी व सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

व्यापारियों की समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल ने डीएम को दिया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

डलमऊ रायबरेली–उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल डलमऊ के अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य के नेतृत्व में पदाधिकारियो ने जिलाधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर को डलमऊ तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन सौंपा और समस्याओं से निजात दिलाए जाने की मांग की। व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने बताया कि मुराई बाग कस्बे से प्रतिदिन बड़ी संख्या में मिट्टी से लदे ओवरलोड डंपर चौराहे से निकलते हैं जिसके कारण धूल उड़ती रहती है।जिससे पटरी एवं अस्थाई दुकानदारों को धूल से अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जिसके चलते व्यापारियों का व्यापार बुरी तरह चौपट हो रहा है।सड़कों पर उड़ने वाले धूल के गुबार से आमजनमानस एवं व्यापारी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो सकते है। गंगा एक्सप्रेस-वे के अधिकारियों को फोन करने पर फोन नहीं उठाते। यदि प्रतिदिन सुबह, दोपहर, शाम को सड़कों पर पानी का छिड़काव हो जाए तो व्यापारियों को काफी राहत मिल जाएगी और मिट्टी लदे डंपर को पॉलिथीन से ढककर मिट्टी ले जाया जाए।वहीं दूसरी बड़ी समस्या विद्यालय छूटने के समय बच्चे स्कूल से घर के लिए निकलते हैं इस दौरान नगर क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश से किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।ऐसे में विद्यालय छूटने के समय भारी वाहनों के प्रवेश वर्जित कर दिया जाए।उन्हें डलमऊ की सीमा पर रोक दिया जाए तो विद्यार्थियों के लिए बड़ी आसानी होगी।प्रतिदिन मुराई बाग चौराहे से हजारों की संख्या में छात्र छात्राओं का आवागमन होता है।नगर में भारी वाहनों के प्रवेश से आए दिन किसी न किसी के साथ दुर्घटनाएं होती रहती हैं।व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने इन समस्याओं से जल्द निजात दिलाए जाने की मांग की हैं। इस मौके पर सरयू प्रसाद सोनकर, मोहम्मद सईद, अरविंद अग्रवाल, संदीप मिश्रा, संतोष कौशल, मोहित द्विवेदी, दिनेश मौर्य, सुनील हांडा, आदित्य यादव, महताब आलम, पथवारी शंकर, गौरव वैश्य, जितेंद्र यादव, वकास बाबा, शहजादे आदि लोग मौजूद रहे।

तहसीलदार बारा ने अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को दी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज– अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत शनिवार को क्षेत्र के जारी बाजार में तहसीलदार बारा गणेश सिंह एवं चौकी प्रभारी जारी विपिन वर्मा के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाया गया। जिसमें राजस्व विभाग की टीम और चौकी प्रभारी जारी ने मुख्य बाजार के दुकानों के आगे आगामी दो दिवस के भीतर अतिक्रमण हटवाने की बात कही है। सड़कों पर अतिक्रमण होने से राहगीरों का आवागमन प्रभावित होता है और आए दिन सड़क दुर्घटना होने की संभावना रहती है। बारा तहसीलदार गणेश सिंह ने जारी बाजार में पहुंचकर व्यापारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क पर अतिक्रमण होने से सड़क दुर्घटना ज्यादा बढ़ गई है। आएदिन बाजारों में अतिक्रमण के चलते राहगीर दुर्घटना का शिकार होते रहते है। वही तहसीलदार बारा गणेश सिंह द्वारा हल्का लेखपाल को भी मौके पर बुलाकर आदेश दिए कि जल्द से जल्द अतिक्रमण को हटवाए और तहसीलदार ने यह भी कहा कि दो दिन के अंदर अतिक्रमण हटाए जाए अन्यथा व्यापारियों पर कार्रवाही किया जाएगा।

पत्रकार के घर के सामने से चोरी हुई गाड़ी

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज – थाना थरवई के अंतर्गत ग्रामसभा सुपरावारी पोस्ट सिंगरामऊ प्रयागराज के निवासी वरिष्ठ पत्रकार आर.के. शुक्ला के पिताजी रामचंद्र शुक्ल पुत्र स्वर्गीय प्रसिद्ध नारायण शुक्ला के घर पर उनके माताजी का तेरहवीं कार्यक्रम दिनांक 17/अक्टूबर /2024 को था उस दौरान रात्रि 9:00 उनके पिताजी की गाड़ी नंबर UP 70 BQ 5273 चोरी हो गई पत्रकार के पिताजी उनके घर वाले मिलकर गांव में रिश्तेदारों से पता किया खोजबीन की गाड़ी का कुछ पता नहीं चला जिससे थाना थरवई को लिखित प्रार्थना पत्र देकर उन्हें अवगत कराया ।

संक्षिप्त ख़बरें

विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त बनने वाले रिसीविंग सेंटर, बज्र गृह, मतगणना केंद्र का निरीक्षण

साहेबगंज झारखंड- विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने आज राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज,साहेबगंज में विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त बनने वाले रिसीविंग सेंटर,ब्रज गृह, मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजमहल, बोरिया, बरहेट, पोस्टल बैलेट, ब्रजगृह , रिसिविंग गैलरी, मीडिया गैलरी, रिसीविंग सेंटर में बने पंडालों के गैलरी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

वर्षों पुराने पीपल के पेड़ की डाली गिरने से बड़ा हादसा टला, श्रद्धालु बाल-बाल बचे

दारू - दारू प्रखंड के पुनाई गांव में स्थित संकट मोचन धाम के समीप वर्षों पुराने विशाल पीपल के पेड़ की एक बड़ी डाली गिरने से एक बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के मुताबिक इस घटना के समय मंदिर से पूजा करके लौट रहे तीन श्रद्धालु बाल-बाल बच गए। डाली अचानक टूटकर सड़क पर गिर गई, जिससे श्रद्धालु घबरा गए, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद पेड़ के डाली गिरने से आवागमन बाधित हो गया था, जिसे तुरंत मार्ग परिवर्तित कर सामान्य किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह पेड़ करीब 300 साल पुराना और विशाल है, जिसकी देखभाल की आवश्यकता है।

झारखंड के नये डीजीपी बने अजय कुमार सिंह

रांची- चुनाव आयोग के निर्देश पर अनुराज गुप्ता को हटाकर अजय कुमार सिंह को डीजीपी नियुक्त किया गया। झारखंड में आइपीएस अजय कुमार सिंह को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। चुनाव आयोग के निर्देश पर पूर्व डीजीपी अनुराज गुप्ता को उनके पद से हटाया गया जिसके बाद अजय कुमार सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। अजय कुमार सिंह, 1989 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं, जो इससे पहले झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत थे। पिछले साल फरवरी में उन्हें पहली बार झारखंड का डीजीपी नियुक्त किया गया था।। इसके अलावा, वे एंटी करप्शन ब्यूरो में डीजी के पद पर भी रह चुके हैं। अजय कुमार सिंह ने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर सेवा दी है जिनमें सीआईडी, स्पेशल ब्रांच और रेलवे विभाग शामिल हैं। उन्होंने हजारीबाग और धनबाद के एसपी के तौर पर भी कार्य किया है।

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल का वितरण संपन्न

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

बरही- भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही में सत्र 2024-25 का अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत वंदना सभा में पूर्व छात्र दीपक जी द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन से हुई। दीपक जी के माध्यम से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय गणित-विज्ञान मेला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अपने ज्ञान-विज्ञान को जानना और उसका सही प्रयोग करना हम सभी का कर्तव्य है। विद्यालय के परीक्षा विभाग प्रमुख, धीरज कुमार ने परीक्षाफल की घोषणा और पुरस्कार वितरण का कार्य संभाला। कक्षानुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्यों और दीदियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारण कर नियमित अध्ययन करने से उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता प्राप्त की जा सकती है।

जिला निर्वाचन पदाधिकरी -सह- उपायुक्त ने प्रवर्तन एजेंसियों के साथ की बैठक, आदर्श आचार संहिता और निगरानी पर दिए निर्देश

● दस लाख या इससे अधिक राशि के सामान्य निकासी पर पूर्ण निगरानी रखने का निदेश

स्वतंत्र प्रभात

साहेबगंज, झारखंड- जिला निर्वाचन पदाधिकरी -सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर जिलास्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया।इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकरी श्री सती ने सभी को निर्वाचन से जुड़ी जानकारियों के साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के पश्चात किये जाने वाले कार्यों से संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों को अवगत कराया गया।साथ ही बैंक खाता के माध्यम से संदिग्ध लेन देन के संबंध में आयोग के निर्देशों के अनुपालन से संबंध में सभी बैंकों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही असमान्य एवं संदिग्ध रूप से नगद राशि के निकासी एवं जमा के बारे में चुनाव आयोग के निर्देशों की विस्तृत जानकारी सभी को दी गई।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह -उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों यथा वन प्रमंडल, परिवहन, डाक विभाग, रेलवे, पुलिस, आयकर विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया, ताकि निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं भयमुक्त माहौल में निर्वाचन से जुड़े कार्यों को पूर्ण किया जा सके।वहीं उपायुक्त ने सभी चेकनाकों पर एसएसटी टीम के साथ बैंक, वन विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी व संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर ज्वाइंट ऑपरेशन चलाने का निदेश दिया।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह -उपायुक्त श्री सती ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान एक लाख के अधिक की सभी प्रकार असमान्य एवं संदिग्ध निकासी व दस लाख या इससे अधिक राशि के सामान्य निकासी पर पूर्ण निगरानी रखने का निदेश सभी बैंक प्रबंधकों को दिया।बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी समेत, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, कोषागार अधीक्षक आशुतोष कुमार,जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, उत्पाद अधीक्षक, अग्रीण बैंक प्रबंधक, पूर्व रेलवे विभाग, आयकर विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

श्रीदस स्कूल में प्रशासन की भूमिका पर विशेष सत्र का आयोजन, सब इंस्पेक्टर शिवम गुप्ता और कपुल दीपक बच्चों से हुए रूबरू

●विधालय का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ाना है - प्राचार्य रोहित सिंह

वर्दीधारी अधिकारी समाज के असली नायक हैं - उप प्राचार्य विकाश सिंह

स्वतंत्र प्रभात

बरही- देवचंदा स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को समाज की प्रगति में प्रशासन की भूमिका पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया जिसमें बरही थाना के दो युवा सब-इंस्पेक्टर, शिवम गुप्ता और कपुल दीपक नाग ने हिस्सा लिया। दोनों अधिकारियों ने विद्यालय के बच्चों के साथ खुलकर बातचीत की और उन्हें अपने करियर को लेकर दिशा-निर्देश दिए। सब-इंस्पेक्टर शिवम गुप्ता ने छात्रों से कहा कि समय का सदुपयोग और अनुशासन ही आपको जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन में आने के लिए समर्पण और मेहनत के साथ-साथ अपने भीतर समाज के लिए कुछ करने की इच्छा होनी चाहिए। दूसरी ओर सब-इंस्पेक्टर कपुल दीपक नाग ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रशासन में कार्य करना न केवल एक सम्मानजनक जिम्मेदारी है, बल्कि यह समाज की प्रगति में आपकी भागीदारी को भी दर्शाता है। हमें अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए और कभी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने मन की बातों को खुलकर कहें और अपने लक्ष्यों की ओर मजबूती से कदम बढ़ाएं। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने अपने जीवन के कठिन दौर और उन संघर्षों को साझा किया, जिन्होंने उन्हें आज इस मुकाम तक पहुँचाया है। उनके अनुभवों ने बच्चों के मन में गहरी छाप छोड़ी। शिवम गुप्ता ने बताया कि उनकी यात्रा आसान नहीं थी, लेकिन धैर्य और कड़ी मेहनत ने उन्हें मंजिल तक पहुँचाया। वहीं, कपुल दीपक नाग ने अपने संघर्षों का जिक्र करते हुए कहा कि चुनौतियाँ हमें मजबूत बनाती हैं और हमें कभी पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि विधालय का उद्देश्य बच्चों को न केवल शैक्षिक रूप से बल्कि उनके समग्र विकास में भी सहायता करना है ताकि वे भविष्य में अपने समाज और देश की सेवा कर सकें। वहीं वाइस प्रिंसिपल विकाश सिंह ने कहा कि आज के दौर में बच्चे असली हीरो को देखकर प्रेरित होते हैं, और वर्दीधारी अधिकारी समाज के असली नायक हैं। हमें गर्व है कि हमारे बच्चे इन अधिकारियों से प्रेरणा लेकर एक उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को PSC और JPSC जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है, ताकि वे आगे चलकर एक सफल अधिकारी बनें और विद्यालय एवं समाज का नाम रोशन करें। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक अमरजीत पांडे, विकास गुप्ता, मनोज गंझू, संतोष महतो आदि भी मौजूद रहे, जिन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया और इस सत्र को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बरही एसडीओ ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चेकनाकों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

स्वतंत्र प्रभात

बरही- आसन्न विधानसभा चुनावों की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू ने बरही के विभिन्न चेकनाकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वाहनों की सघन जांच की गई और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई, ताकि चुनावी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके। एसडीओ टुडू ने चेकनाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियों को रोकने के लिए वाहनों की जांच बेहद जरूरी है। पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी वाहनों की जांच पूरी सतर्कता के साथ की जाए, ताकि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु चुनावी प्रक्रिया में बाधा न डाल सके। एसडीओ ने यह भी सुनिश्चित किया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन जरूरी है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा, बाहरी तत्वों पर कड़ी नजर रखने की हिदायत दी गई ताकि चुनावों में किसी भी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप न हो। उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना और उसे मजबूत बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। चुनाव के दौरान शांति बनाए रखना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सभी चेकनाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि इन निरीक्षणों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करना है। इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की चुनावी गड़बड़ी या हिंसा की संभावना को समय रहते खत्म किया जा सके। इस निरीक्षण के दौरान एसडीओ के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल भी मौजूद थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी आश्वासन दिया कि चुनाव की तिथियों के करीब आते ही सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया जाएगा, ताकि चुनावी प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न न हो सके।चुनाव की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और इन क्षेत्रों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की जाएगी।

पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 61 उम्मीदवारों की घोषणा की

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग, झारखंड- झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक (PPID) ने 81 में से 61 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है। पार्टी ने हजारीबाग जिले की सदर विधानसभा सीट से अधिवक्ता निशांत कु सिंहा उर्फ निशांत कुशवाहा को अपना उम्मीदवार बनाया है। निशांत कुशवाहा ने आज अपना पहला नामांकन पत्र भी खरीदा। अन्य उम्मीदवारों में बड़कागांव से दीपक दास, बरकट्ठा से बसंत नारायण मेहता, मांडू से सलमान अंसारी, और बरही से शिवकुमार जी को टिकट दिया गया है। PPID झारखंड की सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ रही है और खुद को एकमात्र संवैधानिक नैतिकता वाली लोकतांत्रिक पार्टी के रूप में प्रस्तुत कर रही है। पार्टी 2019 से भारतीय संविधान के सम्मान, सुरक्षा और संवर्धन के लिए बीएस-4 अभियान चला रही है, जिसके तहत अन्य राजनीतिक दल भी संविधान को चुनावी मुद्दा बनाने पर मजबूर हुए हैं। अधिवक्ता निशांत कुशवाहा हजारीबाग के पहले सांसद और पूर्व विधायक ज्ञानी राम के पौत्र हैं। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग, एमबीए, एलएलबी और एलएलएम की पढ़ाई की है और वर्तमान में हजारीबाग सिविल कोर्ट में वकालत कर रहे हैं। निशांत सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं और उनके परिवार द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति के तहत जागरूकता अभियानों का नेतृत्व करते हैं। वे मूलनिवासी संघ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। PPID अपने सहयोगी संगठनों के साथ संविधान के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है और झारखंड में प्रभावी चुनावी दांव लगाने की तैयारी में है।

स्वामी विवेकानंद स्कूल का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल, एक रांची रेफर

● सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक मनोज यादव, घटना की ली जानकारी

विपरीत दिशा से जा रही स्कूल वैन ट्रेलर से जा टकराई, विद्यालय प्रबंधन पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

बरही- बरही थाना क्षेत्र के खोड़ाहर स्थित चार माइल कदवा के पास शनिवार को स्वामी विवेकानंद स्कूल के बच्चों से भरा एक टाटा मैजिक ट्रेलर से टकरा गया, जिसमें पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से घायल बच्चों को हज़ारीबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चें काफी बुरी तरह घायल हो गए है। वहीं एक बच्चे को रांची रेफर कर दिया गया है। प्रमुख मनोज रजक एवं उपमुखिया रोहित यादव ने बताया कि स्कूल की वैन कदवा से बच्चों को छोड़कर वितरित दिशा से पाचमाईल की ओर आ रही थी जिससे ट्रेलर से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि वाहन में क्षमता से अधिक बच्चे सवार थे। दुर्घटना की खबर सुनकर पूर्व विधायक मनोज यादव तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दुर्घटना के बाद स्कूल प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल वाहन में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। वहीं उपमुखिया रोहित यादव ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही सुरक्षा मानकों को लेकर उन्होंने विद्यालय को आगाह किया था। उन्होंने बताया कि इसमें पूर्ण रूप से स्कूल प्रशासन की लापरवाही है। वहीं बच्चों के इलाज के लिए मदद में लगे रहे। उन्होंने सभी बच्चों की जल्द स्वस्थ होने की कामना की। वहीं दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। बरही क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं में हो रही वृद्धि ने अभिभावकों के बीच डर और चिंता का माहौल बना दिया है। दुर्घटनाग्रस्त बच्चों में अपलिसी कश्यप (12 वर्ष, बड़कागांव), आलेख टोप्पो (11 वर्ष), अनुज टोप्पो (7 वर्ष), कोमल कुमारी (12 वर्ष, कुंडवा), इशांत कुमार (12 वर्ष, दौरवा)। वहीं इशांत कुमार को गंभीर हालत में रांची रेफर कर दिया गया है। वहीं इस घटना के संबंध में विद्यालय प्रबंधन से जानकारी लेने का प्रयास किया गया पर संपर्क नही हो पाया। इस घटना के संबध में बरही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार ने कहा कि विद्यालय के सभी वाहनों की डीटीओ कार्यालय के माध्यम से जांच कराई जाएगी। किसी प्रकार की कोई लापरवाही पाए जाने विद्यालय पर विभागीय करवाई की जाएगी।

एक माह तक मान्य होते हैं ई-रुपी वाउचर

●जिले के 27 निजी केंद्रों पर गर्भवती करा सकती हैं अल्ट्रासाउन्ड

पीएमएसए पर डे जारी होते हैं ई-रुपी वाउचर

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया । जनपद में गर्भवती महिलाओं को ई-रुपी वाउचर से 27 अल्ट्रासॉउन्ड केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध है। माह के 1, 9 16 और 24 तारीख को चिन्हित स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित होने वाले पीएमएसए डे पर इन अल्ट्रासॉउन्ड केंद्रों पर ई रुपी वाउचर से गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड होते हैं। यह ई रुपी वाउचर एक माह तक मान्य होते हैं। एक माह के अंदर गर्भवती ई रुपी वाउचर अल्ट्रासॉउन्ड की सुविधा का लाभ ले सकती हैं। सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि मां एवं शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रसव पूर्व जांच एएनसी आवश्यक है। इससे समय रहते यह पता लग जाता है कि प्रसव के समय किसी तरह की परेशानी तो नहीं आने वाली। गर्भवती रक्तअल्पता से पीड़ित तो नहीं है। गर्भ में पल रहे बच्चे की ग्रोथ सही से हो रही है या नहीं। किसी भी समस्या का समय से पता लग जाने से उसका चिकित्सकीय प्रबंधन किया जाता है। उन्होंने बताया कि गर्भवती आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रसव पूर्व जांच कराएं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत चिकित्सक की सलाह पर ई-रुपी वाउचर के जरिए अल्ट्रासाउंड की सुविधा पूरे जनपद में 27 अल्ट्रासॉउन्ड केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही है। गर्भवती को प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत हर माह चार नियत दिवसों पर प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

इन केंद्रों पर होते हैं अल्ट्रासॉउन्ड

जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल बताया कि सदर ब्लॉक में दक्ष डायगोनिसिस्ट, एसएस अल्ट्रासॉउन्ड सेंटर, शिवम डायगोनिसिस्ट सेंटर, देवरिया डायगोनिसिस्ट सेंटर, एनएच लारी डायगोनिसिस्ट सेंटर, मिलेनियम डायगोनिसिस्ट सेंटर, सावित्री नर्सिंगहोम, प्रज्ञा डायगोनिसिस्ट सेंटर शामिल हैं, जबकि सलेमपुर ब्लॉक में नर्वदा अल्ट्रासाउंड सेंटर, आकृति डायगोनिसिस्ट सेंटर, बुद्धा अल्ट्रासॉउन्ड सेंटर, सौरभ डायगोनिसिस्ट सेंटर हैं। लार ब्लॉक में आकृति डायग्नोस्टिक सेंटर, नर्वदा डायग्नोस्टिक सेंटर पिपरा चौराहा, भाटपाररानी ब्लॉक में न्यू आनंद अल्ट्रासॉउन्ड सेंटर, न्यू आकृति अल्ट्रासॉउन्ड डायग्नोस्टिक, डॉ डायग्नोस्टिक सेंटर दुर्गा मंदिर रोड, रुद्रपुर ब्लॉक में दुग्धेदेश्वरनाथ डायग्नोस्टिक सेंटर, दीपा अल्ट्रासॉउन्ड सेंटर, डॉ अमरनाथ मल्ल हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, पथरदेवा ब्लॉक में शिवम अल्ट्रासॉउन्ड एंड एक्स रे सेंटर, न्यू शुभ डायग्नोस्टिक सेंटर रामपुर अवस्थी रोड, गौरी बाजार ब्लॉक के दिनेशा द मेडिसिटी हॉस्पिटल, आरएन अल्ट्रासॉउन्ड सेंटर, तरकुलवा ब्लॉक में न्यू शिवम अल्ट्रासॉउन्ड सेंटर, बरहज ब्लॉक में डॉ केपी सिंह सेंटर पर गर्भवती महिलाएं ई रुपी वाउचर अल्ट्रासॉउन्ड करा सकती हैं।पीएमएसएमए दिवस पर जांच के दौरान गर्भवती को ई-वाउचर जारी किया जाता है। यह वाउचर इन अल्ट्रासॉउन्ड केंद्रों पर एक माह तक मान्य होते हैं।

बरही जामा मस्जिद के सदर मो. समीम अंसारी का निधन, बरही में शोक की लहर

स्वतंत्र प्रभात

बरही- बरही जामा मस्जिद के सदर मो. समीम अंसारी का बीती रात को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे, जिसके कारण उनका स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा था। उनके निधन से बरही में शोक की लहर दौड़ गई है और परिवार के सदस्य गहरे दुःख में डूबे हुए हैं। मो. समीम अंसारी बरही के 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा के बड़े भाई थे। वे एनएच विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके निवास पर लोगों का तांता लग गया और सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि दिया। आज उनके जनाजे की नमाज़ बरही के बड़ी कब्रिस्तान में मक्का मस्जिद के इमाम मोहम्मद क्युम साहब द्वारा अदा की गई। इसके बाद उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे की नमाज़ के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जो उनकी ईमानदारी और नेक दिली के गवाह थे। मो. समीम अंसारी ने अपने जीवन के अंतिम दस वर्षों तक बरही के जामा मस्जिद की सेवा की और हमेशा आपसी सौहार्द को बनाए रखने का प्रयास किया। जनाजे में मुख्य रूप से उनके भाई हाजी मो. मंसूर, मो. फहीम, मास्टर फारुक, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, जामा मस्जिद के कोषाध्यक्ष मो. आज़ाद उर्फ भोला, मक्का मस्जिद के सदर मो. जियाउद्दीन, मदीना मस्जिद के सदर मो. मुस्ताक, मस्जिदे अक्सा के इमाम मौलाना रिज़वान कादरी, हाफिज मोहम्मद फिरोज़, पत्रकार जावेद इस्लाम, एजुकेशनल चैरिटेबल सोसाइटी बरही के अध्यक्ष रिज़वान अली, मो तौकीर रज़ा, मो. रुस्तम, एहसान अंसारी, मो. वारिस, अल्ताफ कुरैशी, जाहिद खान, अनवर हुसैन, खुर्शीद अनवर, असलम सिद्दिकी, शमशेर अंसारी, मो. सेराज, मो. मोकिम, निसार सिद्दिकी, रब्बानी अंसारी, मास्टर तुफैल आज़ाद, रसीद अंसारी, कल्लू पेंटर, मो. इसराइल सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। बरही के लोगों ने उनके निधन को एक बड़ी क्षति के रूप में देखा है और उनकी ईमानदारी, सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा।

2024 विधानसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों ने प्रखंड के बूथों का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

दारू - 2024 के विधानसभा चुनाव की तैयारी के तहत दारू प्रखंड के सभी बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में बीडीओ हारून रशीद, अंचलाधिकारी राम बालक कुमार और दारू थाना प्रभारी सफीक खान ने प्रखंड के प्रत्येक बूथ का दौरा किया। इस दौरान बताया गया कि इस निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदान से पहले सभी बूथों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। बीडीओ हारून रशीद ने कहा कि सभी बूथों पर पैनी नजर रखी जाएगी और समय से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी की जाएंगी। अंचलाधिकारी राम बालक कुमार ने बताया कि हर बूथ का गहन निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की रुकावट न आए। वहीं दारू थाना प्रभारी सफीक खान ने यह आश्वासन दिया कि सभी बूथों पर प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी और चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगा। बताया गया कि यह निरीक्षण 2024 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर किया जा रहा है, जिसमें यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मतदाताओं को मतदान के समय सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा सकें और मतदान प्रक्रिया सुचारु और निष्पक्ष तरीके से हो।

स्वीप कार्यक्रम के तहत बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

साहेबगंज झारखंड- विधानसभा आम चुनाव 2024 को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के परिप्रेक्ष्य स्विप कोषांग के बैनर तले सिद्धो कान्हो इंडोर स्टेडियम साहिबगंज में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रीमियर लीग टूर्नामेंट 2024 का आयोजन किया गया।उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी,साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार , विशिष्ठ अतिथि प्राचार्य एवं पूर्व सचिव साहिबगंज बैडमिंटन एसोसिएशन के डॉ रणजीत कुमार सिंह व बैडमिंटन एसोसिएशन समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप फीता काट कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।स्वीप कोषांग साहिबगंज के माध्यम से नैतिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया साथ ही सभी खिलाड़ियों व उपस्थित नागरिकों से अपील किया गया कि 20 नवंबर , 2024 विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें एवं लोकतंत्र को मजबूत करें, उक्त बातें अनुमंडल पदाधिकारी सदर ने कही।खिलाड़ी को संबोधित करते हुए कहा कि खेल भावना के साथ अनुशासित होकर प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित करना बड़ी बात है। खेल मैच जीत हार नहीं बल्कि आपके शारीरिक मानसिक एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जीवन में कोई न कोई खेल जरूर खेलना चाहिए एवं मतदान के दिन मतदान करना भी उतना ही आवश्यक है।चुनाव आयोग भारत सरकार जिला प्रशासन की और से सभी मतदान केंद्रों पर जरूरत की सारी सुविधाएं दी गई है, ताकि मतदाताओं को किसी तरह का कोई भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए अपील करते हुए कहा कि किसी जाति धर्म संप्रदाय भाषा लोभ लालच प्रलोभन शराब आदि से बचे। निष्पक्ष होकर अच्छे एवं स्वच्छ छवि के प्रतिनिधि का चुनाव करें।

न्याय की देवी की आंखों से काली पट्टी हटाने एवम एक हाथ में संविधान की प्रति दर्शाते हुए नई प्रतिमा लाईब्रेरी में लगाने की पहल अति सराहनीय व प्रशंसनीय कदम का हार्दिक अभिनन्दन- हिन्दु विचार मंच, पाकुड़िया इकाई

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड- स्वतंत्र भारत में अंग्रेजों के बनाये नियमों को बदलने के क्रम में भारतीय संविधान के अनुरुप,नियम बनाए जा रहे हैं।वहीं अंग्रेजों के शासन काल में ब्रिटेन से लाई गई न्याय की देवी जिनकी आंखों में,काली पट्टी व दाहिनी भूजा में तराजू तथा दुसरी में तलवार। लेकिन भारत के सर्वोच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश,डीवाई चंद्रचूड़ के निर्देश के आलोक में न्याय की देवी की आंखों से काली पट्टी हटाते हुए,वार्यी भूजा में संविधान की प्रति दर्शाना की सराहनीय पहल को हिन्दु विचार मंच पाकुड़िया इकाई ने,इसे स्वतंत्र भारत के इतिहास में सराहनीय व प्रशंसनीय कदम बताते हुए माननीय, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का हार्दिक अभिनन्दन किया है। बताया जाता है, देश के सर्वोच्च न्यायालय की लाईब्रेरी में ब्रिटिश शासन काल में लगी,न्याय की देवी के स्थान पर नयी प्रतिमा माननीय मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के निर्देश पर,लगाई गई है।इस न्याय की देवी के दाहिने जय हाथ में तराजू है पर आंखों में पट्टी नहीं है।वहीं वार्यी हाथ में तलवार के बदले भारतीय संविधान हैं।नयी प्रतिमा का आशय यह है कि कानून अब अंधा नहीं है तथा सबों को समान रूप से देखते हुए संविधान के निर्देशों के प्रकाश में निर्णय करता है।

अंधा कानून न्यांच करोड़ मुकदमे पैंडिंग और मीलार्ड मूर्ति बदल रहे हैं !

भारत की सबसे बड़ी अदालत में 'न्याय की देवी' वाली प्रतिमा में बड़े बदलाव किए गए हैं. अबतक इस प्रतिमा पर लगी आंखों से पट्टी हटा दी गई है. वहीं, हाथ में तलवार की जगह भारत के संविधान की प्रति रखी गई है. सुप्रीम कोर्ट के सूत्रों का कहना है कि यह नई प्रतिमा पिछले साल बनाई गई थी और इसे अप्रैल 2023 में नई जज लाइब्रेरी के पास स्थापित किया गया था. लेकिन अब इसकी तस्वीरें सामने आई हैं जो वायरल हो रही हैं.पहले इस प्रतिमा में आंखों पर बंधी पट्टी कानून के सामने समानता दिखाती थी. इसका अर्थ था कि अदालतें बिना किसी भेदभाव के फैसला सुनाती हैं. वहीं, तलवार अधिकार और अन्याय को दंडित करने की शक्ति का प्रतीक थी. हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट जजों की लाइब्रेरी में लगी न्याय की देवी की नई प्रतिमा में आंखें खुली हुई हैं और बाएं हाथ में संविधान है। सवाल यह है कि इस बदलाव से क्या देश की न्याय व्यवस्था में कुछ सकारात्मक परिणाम आएगा? क्या देश के सुप्रीम कोर्ट के जजो के चयन की प्रक्रिया से कालेजियम का ग्रहण हटाया जाएगा? क्या देश की अदलतो में न्याय की गुहार कर रहे लंबित पांच करोड़ मुकदमों की सुनवाई पूरी हो जाएगी? क्या एक गरीब आदमी को सस्ता सुलभ न्याय दे पाएंगे?

आपको बता दें कि मान्यता है कि न्याय का सिद्धांत सबके लिए समान है, और न्याय की देवी इसका प्रतीक मानी जाती हैं। सदियों से न्याय की देवी को विश्वभर की अदालतों में तराजू तलवार और आंखों पर बंधी पट्टी के साथ दर्शाया जाता है। यह प्रतीक न्याय के निष्पक्ष और समान वितरण को दर्शाता है, जहां सभी बिना भेदभाव के बराबर होते हैं। मगर सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए न्याय की प्रतीक देवी की प्रतिमा को नया रूप दिया है। भारतीय संविधान लागू होने के 75वें वर्ष में न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी हटा दी गई है, और अब उनके हाथ में तलवार की जगह संविधान है। न्याय की मूर्ति में इस बदलाव को लेकर अधिकतर सकारात्मक प्रतिक्रियाएं आ रही है और काननू के जानकारों के द्वारा इसको सही ठहराया जा रहा है। हालांकि, इस फैसले पर राजनीति गरमा गई है, जिसमें शिवसेना उद्धव बालासाहेब के नेता संजय राउत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। शिवसेना के यूबीटी सांसद संजय राउत ने न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटाने के निर्णय की आलोचना करते हुए सवाल उठाया है और कहा है कि न्यायालय का काम संविधान की रक्षा करना और संविधान के तहत न्याय करना है, लेकिन अभी सुप्रीम कोर्ट में क्या हो रहा है? आखिर वे न्याय की देवी के हाथों से तलवार हटाकर उसे संविधान से बदलने का फैसला कर क्या साबित करना चाहते हैं? वे पहले ही संविधान को मार रहे हैं और अब न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी हटाकर भ्रष्टाचार और संविधान की हत्या को खुलेतौर पर दिखाना चाहते हैं। यह भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रोपेगैंडा और अभियान है। राजनीतिक पार्टियों द्वारा भले ही न्याय की मूर्ति में बदलाव को राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पहल पर हुआ है। उनकी सोच है कि भारत को अपनी अंग्रेजी विरासत से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उनका मानना है कि न्याय की आंखें खुली होनी चाहिए, ताकि सभी के साथ समानता का व्यवहार हो। उनका कहना है कि अदालतें संविधान के आधार पर न्याय करती हैं और तलवार का प्रतीक हिंसा का होता है, जिसे हटाकर सबिधान का स्थान दिया गया है। इस नई प्रतिमा में तराजू को बनाए रखा गया है, ताकि यह दिखाया जा सके कि अदालतें फैसला करने से पहले दोनों पक्षों को बराबरी से सुनती और तौलती हैं। दरअसल न्याय की देवी यानी लेडी ऑफ जस्टिस का इतिहास कई हजार साल पुराना है। इसकी अवधारणा प्राचीन ग्रीक और मिस्र की सभ्यता के दौर से चली आ रही है। न्याय की देवी, जिसे लेडी जस्टिस भी कहते हैं, की प्राचीन छवियां मिल की देवीमाता से मिलती-जुलती हैं। मात मिस्त्र के प्राचीन समाज में सत्य और व्यवस्था की प्रतीक थीं। प्रौक पौराणिक कथाओं में न्याय की देवी श्रीमिस और उनकी बेटी डिकी हैं, जिन्हें एस्ट्राया के नाम से भी जाना जाता है। प्राचीन यूनानी दैवीय कानून और रीति-रिवाजों की प्रतिमूर्ति देवी थेमिस और उनकी बेटी डिकी की पूजा करते थे। डिकी को हमेशा तराजू लिए हुए चित्रित किया जाता था और ऐसा माना जाता था कि वह मानवीय कानून पर शासन करती है। प्राचीन रोम में डिकी को जस्टिटिया के नाम से भी जाना जाता था। ग्रीक देवी %थीमिस% कानून, व्यवस्था और न्याय का प्रतिनिधित्व करती थी, जबकि रोमन

सभ्यता में देवी %मात% थी, जो कि व्यवस्था के लिए खड़ी एक ऐसी देवी थी, जो तलवार और सत्य के पंख रखती थी। हालांकि, मौजूदा न्याय की देवी की सबसे सीधी तुलना रोमन न्याय की देवी जस्टिटिया से की जाती है। ग्रीक सभ्यता दुनिया की ज्ञात सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है। ग्रीक सभ्यता में हजारों देवी-देवताओं की मान्यता रही है। वहां खेत, अंगूर, शराब, पानी, हवा, आकाश, रंगमंच, संगीत जैसी हर चीज के लिए एक देवी या देवता रहा है। प्राचीन ग्रीक के लोग अगाध भाग्यवादी थे और अपने हर कर्म में दैवीय मौजूदगी को मानते थे। यह उनके आध्यात्मिक प्रतीक थे, यह उनका दर्शन था, जिनसे वे मार्गदर्शन लिया करते थे। न्याय के लिए भी उन्होंने अपनी कल्पना से ऐसी फिलासफी सामने रखी, जो एक ऐसे प्रतीक के रूप में सामने आई जो दुनिया भर में अपनाई गई। पुनर्जागरण काल में यूरोप में मिथकों की निर्माण भी चलता रहा। नए उभरे गणराज्यों में न्याय की देवी नागरिकों के लिए कानून और न्याय की एक शक्तिशाली प्रतीक बन गई। यह राजाओं के दैवीय अधिकार के सिद्धांत का समर्थन करती थी, लेकिन इसमें लोकतांत्रिक सिद्धांतों के साथ न्याय की निष्पक्षता का महत्वपूर्ण सिद्धांत अहम था। न्याय की देवी के प्रतीक को दर्शाने वाली कलाकृतियां, पेंटिंग, मूर्तियां दुनिया भर में पाई जाती हैं। उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, मध्य- पूर्व, दक्षिणी एशिया, पूर्वी एशिया और ऑस्ट्रेलिया की अदालतों, कानून से जुड़े दफ्तरों, कानूनी संस्थाओं और शैक्षणिक संस्थानों में न्याय की देवी की प्रतिमाएं और तस्वीरें देखने को मिलती हैं। यूनानी सभ्यता से न्याय की देवी यूरोप और अमेरिका पहुंची। इसे भारत ब्रिटेन के एक अफसर लेकर आए थे। इसे 17वीं सदी में एक अंग्रेज न्यायालय अधिकारी भारत लाया था। ब्रिटिश काल में 18वीं शताब्दी के दौरान न्याय की देवी की मूर्ति का सार्वजनिक इस्तेमाल किया जाने लगा। भारत की आजादी के बाद न्याय की देवी को उसके प्रतीकों के साथ भारतीय लोकतंत्र में स्वीकार किया गया। अगर देखा जाए तो न्याय की मूर्ति में ये बदलाव के पीछे जो सोच है, वह सकारात्मक कही जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने देश को संदेश दिया है कि अब कानून अंधा नहीं है। मुख्य न्यायाधीश माननीय चंद्रचूड़ का मानना है कि अंग्रेजी विरासत से अब आगे निकलना चाहिए। वो सबको समान रूप से देखता है। इसलिए न्याय की देवी का स्वरूप बदला जाना चाहिए। यह कानून को सर्वद्रष्टा बताने की कोशिश है। मगर जरूरी है कि देश की सिर्फ न्याय की देवी की मूर्ति में बदलाव नहीं हो, बल्कि देश की न्यायायिक प्रक्रिया में भी बदलाव हो। मौजूदा परिस्थितियों में किसी मामले में न्याय पाने के लिए थाना पुलिस और कोर्ट कचहरी का चकर लगाते लगाते जिंदगी तबाह हो जाती है। न्याय की देवी की मूर्ति में परिवर्तन सही है, लेकिन सबसे बड़ी जरूरत है कि देश की सड गल रही न्यायिक प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन हो, करोड़ों लंबित मुकदमों का निबटान हो लोगों को समयबद्ध न्याय सुलभ कराने की व्यवस्था की जाओ ताकि लोगों को सही समय पर सुलभ तरीके से नयाय मिल सकें, तभी न्याय की मूर्ति में बदलाव के मायने सार्थक होंगे वरना इस तरह का बदलाव महज छलावा और आम आदमी को बहाने के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है।देश की अदालतों में लंबित पांच करोड़ मुकदमे न्याय व्यवस्था की हकीकत बयान करते हैं।तीस हाइकोर्ट में 169000 मुकदमे तो तीस साल पुराने हैं ऐसी न्याय व्यवस्था में मूर्ति बदल कर बदलाव आने की कल्पना महज मूर्खता ही कही जा सकती है और संविधान की प्रति का भी मखौल है।

मनोज कुमार अग्रवाल

संपादकीय

सलमान उर्फ़ सल्लू उर्फ़ बजरंगी भाई जान

भारतीय रजतपट के सर्वाधिक लोकप्रिय सितारों में से एक अभिनेता सलमान खान के ऊपर मौत मंडरा रही है, लेकिन सलमान का जिगरा है की वो बेख़ौफ़ [खौफ में होकर भी] अपने काम में लगे हुए है । सलमान की जान का दुश्मन हिंदूवादी डॉनलारेंस विश्नोई। लारेंस चाहता है कि सलमान न सिर्फ उससे माफ़ी मांगे बल्कि पांच करोड़ की चौथ भी दे। सलमान को मिल रही धमकियों से उनके असंख्य प्रशंसकों में चिंता व्याप्त है। सलमान को लोग प्यार से यदि घर में सल्लू कहते हैं तो बाहर उन्हें बजरंगी भाईजान भी कहा जाता है फ़िल्मी दुनिया में अकूत कमाई और कीर्ति हासिल करने वाले सलमान खान पहले नहीं हैं, जिन्हें इस तरह की धमकियां मिली हों । सलमान से पहले भी तमाम अभिनेता भय और आतंक के साये में जीने को मजबूर किये जा चुके हैं। लारेंस से पहले डॉन की एक पूरी जमात सिने अभिनेताओं से चौथ वसूली का धंधा खुले आम करते रहे हैं । कुछ चौथ देकर अपना पिंड इन डॉन से छुड़ा लेते हैं और कुछ सलमान की तरह न टूटते हैं और न झुकते हैं। सलमान को भयभीत करने के लिए लारेंस के गुर्गों ने सलमान के पारिवारिक मित्र रहे पूर्व मंत्री और एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी को सरे आम गोलियों से भून दिया है ।

महाराष्ट्र में ये मुद्दा सिर्फ क़ानून और व्यवस्था का ही नहीं बल्कि राजनीति का भी है। महाराष्ट्र में अगले महीने विधानसभा के चुनाव होने जा रहे है । इन चुनावों में लारेंस भी एक राजनीतिक मुद्दा होगा, लेकिन इससे सलमान को सुरक्षा की गारंटी तो नहीं मिल जाती । अभी तक सरकार ने सलमान की सुरक्षा की गारंटी ली भी नहीं है हालाँकि सलमान को सरकार की और से सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई गयी है । सलमान का अपना सुरक्षा कुछ है सो अलग।

फ़िल्मी दुनिया में आये सलमान खान को कोई 36 साल हो गए है। उन्होंने 1988 में फ़िल्मी दुनिया में कदम रखा था और आज वे रजतपट के सबसे चाहते और सबसे ज्यादा मंहगे अभिनेता है। हाल में ही उनकी अनेक फिल्मों ने सबसे ज्यादा कमाई की है, शायद इसीलिए सलमान अंदर वर्ल्ड की नजर में चढ़े हुए है। डॉन लारेंस विश्नोई से सलमान की अदावत की एक वजह काले हिरण के शिकार का वो मामला है जिसमें सलमान खान पर आरोप

लगाए गए थे। राजस्थान का विश्नोई समाज काले हिरण को अपनी जान से ज्यादा चाहता है ,शायद लारेंस आपने समाज की और से स्वयंभू ठेकेदार बनकर सलमान से बदला लेना चाहता है। लारेंस की धमकी के बाद सलमान खान 'बिग बॉस' की शूटिंग के लिए घर से निकले। लेकिन उनके पिता सलीम खान की आँखों में मैंने अपने बेटे के लिए डर को तैरते हुए देखा । एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में सलीम साहब की आँखे पनीली हो गयीं। सलीम खान साहब अपने जमाने के मशहूर पटकथालेखक हे है। उनकी और जावेद खान की जोड़ी ने फ़िल्मी दुनिया को हिलाकर रख दिया था । बाद में ये जोड़ी टूट गयी और सलीम साहब भी, लेकिन उनके बेटे सलमान खान ने जो यश-कीर्ति कमाई उससे उन्हें सम्हलने का मौक़ा जरूर मिला। एक पिता के रूप में सलीम साहब को डरते हुए मैंने पहली बार देखा।

अजीब बात ये है कि लारेंस विश्नोई और सत्तारूढ़ दल के लक्ष्य अल्पसंख्यक ही हैं। कभी-कभी लगता है कि दोनों मिलकर इस देश से मुसलमानों का सफाया करना चाहते हैं। लेकिन ये जान लेना जरूरी है कि सलमान खान के डीएनए में इसी देश का नमक और खून बह रहा है। वे यहीं जन्में हैं और तीन पीढ़ियों से भारतीय है। अलवत्ता सलमान ख़ान के दादा अफगानिस्तान से आकर भारत में मध्य प्रदेश में बस गए थे। उनकी माँ मराठी हिंदू है। सलमान ख़ान ने एक दफ़ा खुद भी कहा है कि वे आधे हिंदू व आधे मुस्लिम है।उनकी सौतेली माँ हेलेन, अपने जमाने की मशहूर अभिनेत्री हैं। सलमान पटकथा लेखक सलीम ख़ान और उनकी पहली पत्नी सुशीला चरक उर्फ़ सलमा के ज्येष्ठ पुत्र है। उन उनके दो भाई अरबाज़ ख़ान और सुहेल ख़ान व बहनें अलवीरा और अर्पिता है। अलवीरा की शादी अभिनेता/निर्देशक अतुल अग्निहोत्री से हो चुकी है। ख़ान ने अपने भाईयों अरबाज़ व सुहेल की ही तरह बांद्रा स्थित सेंट स्टेनिस्लॉस हाई स्कूल के माध्यम से अपनी स्कूली शिक्षा समाप्त की। इससे पहले उन्होंने ग्वालियर स्थित सिंधिया स्कूल में अपने छोटे भाई अरबाज़ से साथ कुछ वर्ष पढ़ाई की। तमाम विवादों में घिरे सलमान खान का एक प्रशंसक मै भी हूँ । उनकी फ़िल्में देखने वालों में तमाम अंधभक्त भी हैं लेकिन अब उन्हें सलमान खान में नायक नहीं बल्कि खलनायक नजर आता है। सलमान ने अतीत में जो भी अपराध किये हों उनकी सजा उन्हें मिली है या मिलेगी लेकिन उन्हें सिर्फ इस वजह से जान से मारने की धमकी नहीं दी जा सकती क्योंकि वे एक मुसलमान हैं। काले हिरण के शिकार के मामले में उन्होंने बाकायदा जेल यात्रा की और न्यायालय की और से ही उन्हें जो राहत मिलना थी सो मिली। अब इस मामले में लारेंस जज क्यों बनना चाहता है ? सलमान से पहले कितने ही अभिनेताओं को जान से मरने की धमकियां मिल चुकी हैं। बदमाशों ने शाहरुख़ खान, राकेश रोशन महेश भट्ट, आमिर खान और अक्षय कुमार को भी क्या कम धमकाया है ? गुलशन कुमार और सिद्धू मूसावाला की तो इन बदमाशों ने जान ही ले ली है।

सलमान खान भारतीय फिल्म जगत के राहुल गांधी हैं। अविवाहित लेकिन सबसे ज्यादा लोकप्रिय । दोनों की जान लगातार खतरे में रहती है लेकिन दोनों की लोकप्रियता दिनों -दिन बढ़ती ही जा रही है। राहुल और सलमान खान की तुलना करने पर मुझे तमाम आक्रमणों का सामना करना पड़ेगा,लेकिन एक लेखक के रूप में मुझे जो ठीक लग रहा है ,वो मै लिख रहा हूँ । मुमकिन है कि मेरा लिखा सही न भी हो। मै करूँ तो करूँ भी क्या ? मुझे दिलीप कुमार साहब भी पसंद है। मुझे वहीदा रहमान पसंद है। ये सभी मुसलमान है। अब सिर्फ इसी वजह से न मैं अपनी पसंद बदल सकता हूँ और न दूसरे लोग भी ऐसा कर सकते है। कुल जमा बात ये है कि इस समय देश में सत्ता और डॉन के बीच एक अघोषित गठबंधन बनता नजर आ रहा है । महाराष्ट्र और राष्ट्र के मतदाताओं की ये जिम्मेदारी है की वो इस गठजोड़ को हर सूरत में तोड़े।

राकेश अचल

भारत-पाकिस्तान के सम्बन्धों में 'बातचीत'

पाकिस्तान के सम्बन्ध में स्वतन्त्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद ने जो भविष्यवाणी की थी वह सही साबित हो रही है क्योंकि मजहब के नाम पर तामीर इस मुल्क में इस्लाम मानने वाले लोगों के बीच ही तलवारें खिंची हुई हैं। दरअसल 76 साल पहले वजूद में आने वाला पाकिस्तान सिवाये मजहबी जुनून फैलाने के अलावा अपने नागरिकों के लिए कुछ नहीं कर पाया है। लगातार भारत विरोध को इसने अपने वजूद की शर्त बना लिया है। इसके बावजूद भारत की हमेशा यह कोशिश रही है कि अपने पड़ौसी से सम्बन्ध खुशगंवार रखे जाये मगर जब भी भारत ने पाकिस्तान के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाया इसे धोखा ही मिला। मगर इसके साथ यह भी हकीकत है कि जब तक आजाद हिन्दुस्तान के प्रधानमन्त्री प. जवाहर लाल नेहरू रहे तब तक पाकिस्तान ने आंखें तरेरने की हिम्मत नहीं की। इसकी सबसे बड़ी वजह यह थी कि पंडित नेहरू की शख्सियत बहुत बुलन्द थी और अन्तर्राष्ट्रीय जगत में उनका रुतबा शान्तिदूत का था।

कुछ लोगों को आज हैरत हो सकती है कि यदि 27 मई 1964 को नेहरू जी की मृत्यु न होती तो कश्मीर की समस्या का हल निकल आता। इसके पीछे ऐतिहासिक दस्तावेज ये हैं कि 1964 में ही कश्मीरी नेता शेख अब्दुल्ला को नेहरू जी ने जेल से रिहा किया और उन्हें पाकिस्तान जाने की इजाजत दी। शेख अब्दुल्ला का पाकिस्तान के तत्कालीन हुक्मरान जनरल अयूब ने शानदार स्वागत किया और तवक्कों रखी कि वे पाकिस्तान के हक की बात भारत जाकर करें मगर शेख साहब ने जनरल अयूब को टका सा जवाब दिया और साफ किया कि वह कश्मीरी होने के बावजूद एक भारतीय नागरिक हैं।

जनरल अयूब शेख साहब पर डोरे डाल रहे थे मगर शेख साहब काबू में नहीं आ पा रहे थे। उन्होंने पं. नेहरू का यह सन्देश दिया कि कश्मीर की समस्या को अब हल किया जाना चाहिए। इसके लिए शेख साहब ने जनरल अयूब को भारत का दौरा करने की सलाह दी। इससे पहले 1963 में पं नेहरू पाकिस्तान की राजकीय यात्रा पर जा चुके थे। उनकी यह यात्रा सप्ताह भर की थी। पं. नेहरू को जनरल अयूब ने अपने देश की भविष्य की नई राजधानी इस्लामाबाद का नक्शा भी दिखाया था। शेख साहब अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान पाक द्वारा कब्जाये गये पाक अधिकृत कश्मीर भी गये। 27 मई को शेख अब्दुल्ला इसी इलाके के शहर मुजफ्फराबाद में एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे तो इसी वक्त संदेश मिला की नेहरू जी का इन्तकाल हो गया है। शेख साहब ने अपनी तकरीर तभी बन्द कर दी। इससे पहले वह लोगों को समझा रहे थे कि कश्मीर समस्या का हल जल्दी ही निकलने वाला है। जनरल अयूब जल्दी ही नई दिल्ली जाकर इस मसले पर पं. नेहरू से बातचीत करेंगे और यह भी हकीकत है कि जनरल अयूब ने भारत यात्रा का कार्यक्रम भी लगभग तैयार कर लिया था। अयूब जुलाई महीने तक भारत की यात्रा पर आते मगर मई में ही पं. नेहरू चल बसे।

शेख अब्दुल्ला का पाकिस्तान दौरा भारत के नजरिये से बहुत सफल दौरा रहा था क्योंकि जब शेख साहब ने लाहौर छोड़ा और कश्मीर का रुख किया तो जनरल अयूब ने कहा कि शेख पं. नेहरू का गुर्गा है। उनका यह बयान बहुत खीज भरा था क्योंकि जनरल अयूब और उनकी सरकार का कोई भी जादू शेख साहब पर नहीं चल सका था। कश्मीर समस्या के हल को लेकर पं. नेहरू की क्या योजना थी और क्या शर्त थी यह सब भूतकाल के गर्भ में ही रह गया। मगर 1965 में जनरल अयूब ने भारत के जम्मू-कश्मीर के इलाके में अचानक ही युद्ध छेड़ दिया।

पं. नेहरू के बाद देश के प्रधानमन्त्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री बने। उनकी छवि

एक सीधे-सादे राजनीतिज्ञ की थी। अयूब की पीठ पर अमेरिका का हाथ था। पाकिस्तान उसी से लिए फौजी साजो-सामान पर अकड़ रहा था। इससे पहले 1962 में भारत चीन से युद्ध हार चुका था और पाकिस्तान ने 1963 में चीन को पाक अधिकृत कश्मीर का काराकोरम घाटी का पांच हजार वर्ग किलोमीटर इलाका सौगात में देकर उसके साथ नया सीमा समझौता कर लिया था। इस युद्ध में भारत जीता मगर इसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट होने की तरफ थी। शास्त्री जी की मृत्यु के बाद 1966 में जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनीं तो भारत के पास मुश्किल से दो सप्ताह की आयात जरूरतें पूरी करने लायक विदेशी मुद्रा भंडार था। जिसकी वजह से इन्दिरा जी को पहली बार डालर के मुकाबले रुपये का अवमूल्यन करना पड़ा। तब डालर की कीमत चार रु. से बढ़ कर सात रु. हो गई थी। यही वह खतरनाक मोड़ था जब भारत-पाकिस्तान के रिश्ते बहुत कड़वे हो गये और दोनों देशों के बीच नागरिकों के आने-जाने पर प्रतिबन्ध लगने शुरू हुए। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के रिश्ते लगातार कड़वे होते चले गये। बंगलादेश बनने का इतिहास हम जानते ही हैं कि किस तरह भारत की फौजों ने बंगलादेश की राजधानी ढाका में पाकिस्तान के 90 हजार से अधिक सैनिकों का आत्मसमर्पण कराया था।

ताजा इतिहास में कारगिल युद्ध हुआ जिसमें विजय अन्ततः भारत की ही हुई। भारत के विदेश मन्त्री श्री एस. जयशंकर हाल ही में पाकिस्तान की दो दिवसीय यात्रा कर लौटे हैं। उनकी यह यात्रा शंघाई सहयोग संगठन का सम्मेलन होने की वजह से थी। जयशंकर ने पाकिस्तानी नेताओं से अलग से बातचीत नहीं की और अपने उद्बोधन में पाक की आतंकवादी गतिविधियों व चीन की विस्तारवादी नीतियों का खुले तौर पर विरोध किया। उनका इस्लामाबाद जाना पाकिस्तान को इसलिए पसन्द आया क्योंकि पिछले लगभग छह साल से एक भी भारतीय नेता पाकिस्तान यात्रा पर नहीं गया है। उनकी इस यात्रा को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमन्त्री नवाज शरीफ एक बेहतर शुरुआत बता रहे हैं और फरमा रहे हैं कि दोनों देशों के रहनुमाओं के बीच भी बातचीत होनी चाहिए क्योंकि बात से ही बात आगे बढ़ती है लेकिन नवाज शरीफ साहब को याद रखना चाहिए कि जब 1999 में वह प्रधानमन्त्री थे तो तत्कालीन प्रधानमन्त्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने बस से लाहौर की यात्रा की थी और उन्होंने खुद ही स्व. वाजपेयी की प्रशंसा में कसीदे काढ़े थे। मगर वाजपेयी जी के लौटते ही पाकिस्तान ने कारगिल युद्ध शुरू कर दिया।

वर्तमान समय में भारत कह रहा है कि बातचीत तभी शुरू हो सकती है जब पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देने की नीति खत्म कर दे। बेशक समस्याओं का हल बातचीत से ही निकलता है मगर इसके लिए पाकिस्तान का दिल साफ होने की शर्त भी लगी हुई है। पाकिस्तान को समझना होगा कि वह कभी अमेरिका की गोदी में बैठ कर और कभी चीन के कन्धे पर सवार होकर भारत पर दबाव नहीं डाल सकता। इसके लिए उसे कश्मीर मुद्दे पर नीयत साफ रखनी होगी और स्वीकार करना होगा कि एक आक्रमणकारी देश है। अल्लाह के फजल से कश्मीर के मामले में वह मान चुका है कि 1947 से 1948 तक जो कश्मीर में युद्ध हुआ था उसमें उसकी ही फौजें कबायलियों के भेष में थी। इसके बाद तो पाकिस्तान ने और तीन बार भारत पर आक्रमण किया।

स्वतंत्र प्रभात

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,
मो0: 7499472288

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

वैज्ञानिक तकनीक से ही भारत की गरीबी, भुखमरी का उद्धार संभव

भारत के विकास पर जनसंख्या का भारी दबाव है उस पर उसके संसाधन तथा उत्पादन के संतुलन में 141 करोड़ की जनसंख्या भारी पड़ती है। देश में इतनी बड़ी जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संसाधन बहुत ही सीमित और न्यून है, इन परिस्थितियों में देश को अपने उपलब्ध कृषि, जल, खनिज तथा अन्य संसाधनों का अधिकतम दोहन कर आर्थिक स्थिति को द्रुत गति से सुधारना होगा और निसंदे- इसके लिए हमें आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक एवं अन्य अनुसंधान का आवश्यक रूप से सहारा लेना होगा तब जाकर हमारी आर्थिक स्थिति का संतुलन जनसंख्या के अनुपात में समानुपातिक हो पाएगा और परिणाम स्वरूप गरीबी तथा भुखमरी से संपूर्ण रूप से ना सही पर काफी हद तक निजात पाई जा सकती है। सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब व्यक्ति झेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करना निर्धारित किया गया है। अनेक अर्थ शास्त्रियों ने अपने अलग अलग मत व सिद्धान्त प्रतिपादित किये हैं । कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता का हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है।

जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया,अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन, कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 141 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निसंदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है,जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है,लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है। सामाजिक आर्थिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रशासनिक राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीकी से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील है ई गवर्नेंस वस्मार्ट गवर्नेंस में व्यापक तौर पर पारदर्शिता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है। विज्ञान तकनीकी आधारित विकास ने हमारी गरीबी का स्तर घटाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव महसूस किया जा रहा है। अब इस बात की जरूरत है कि दुनिया के विकास के मॉडलों में सामाजिक मूल्य कमजोर वर्गों के प्रति करुणा विविध धर्म, संप्रदाय आदि क्षेत्र का सम्मान जैसी बातें भी शामिल हो। अब विकास का ऐसा मॉडल विकसित हो जाना चाहिए जो समाज को पर्यावरण प्रेम, नागरिक मानवीय कर्तव्य, नैतिक मूल्य का भी पाठ पढ़ाए ताकि समस्त सामाजिक वर्ग का विकास एक साथ सबके साथ हो सके। दुनिया के हर महत्वपूर्ण अर्थशास्त्री विकास के मॉडल में विज्ञान की तकनीकी का प्रयोग अत्यंत एवं आवश्यक मानते हैं। अब विकास के साथ विज्ञान और मूल्य का सही संयोजन जरूरी है ताकि असमानता के स्थान पर सभी का विकास संभव हो सके।

विज्ञान की अथाह क्षमता तथा शक्ति का सदुपयोग विकास के पथ को तीव्र सरल तथा उच्च उत्पादकता वाला बनाना होगा। गरीबी की दर्दनाक पीड़ा पर यह मरहम लगाकर उसे हटाने का बेहतर साधन भी बन सकता है। वैज्ञानिक तकनीक के साथ यदि मानवीय संवेदनाओं का समावेश हो तो यह कई गुना अधिक सफल बन सकती है। ऐसे में 'येन केन प्रकारेण' धन कमाने की लिप्सा और शोषण की सोच की जगह 'सर्वे भवंतू सुखिनः' जैसी सकारात्मक भावनाएं समाज में व्याप्त हो तभी विकास की सही दिशा को कोई भी राष्ट्र प्राप्त कर उस देश की गरीबी को हटाने में सफल हो सकता है।

संजीव ठाकुर

संक्षिप्त ख़बरें

एक ही परिवार की दो बहनें नेट सफलता हासिल कर बढ़ाया मान

खजनी- क्षेत्र भरोहिया में एक घर से दो पुत्रियों ने नेट की परीक्षा पास कर परिवार का ही नही बल्कि गांव का नाम आगे बढ़ाया है, पिता पारिवेट नौकरी कर दो पुत्रियो को को आगे बढाने में पूरी ताकत लगा दी है , उसी कड़ी में दोनों पुत्रियो ने पिता के मान सम्मान बढाने में कोई कसर नही छोड़ा ,पूरी मेहनत के बाद दोनों बहनें नेट परीक्षा पास दिखा दिया,जिससे गांव में खुशी की लहर है , खजनी क्षेत्र के ग्राम भरोहिया निवासी हरीराम त्रिपाठी की दो पुत्रियां एक ही साथ प्रथम प्रयास में ही नेट क्वालीफाई की हैं। हरीराम त्रिपाठी गीता प्रेस में कार्यरत हैं। उनकी दोनों पुत्रियां अनन्या और अपराजिता ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने बाबा स्व0 डॉ रामचंद्र त्रिपाठी, पिता हरीराम त्रिपाठी, भाई अवनीश त्रिपाठी, बुआ तथा गुरुजनों को दिया है।

दिग्विजय का शस्त्र सीमा बल में हेड कांस्टेबल के पद पर हुआ चयन, लोगों ने दी बधाई

देवरिया। विकास खंड लार के ग्राम बलुआ गौरी निवासी स्व. कन्हैया लाल प्रसाद के बेटे दिग्विजय कुमार ने शस्त्र सीमा बल में हेड कांस्टेबल के पद पर पूरे भारत में 30 वां रैक प्राप्त कर देवरिया जिले का नाम रोशन किया है। इनके चयन पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दिग्विजय की प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय बलुआ गौरी लार से हुई है। इन्होंने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट ओ के एम इंटर कॉलेज लार से की है। वही स्नातक की डिग्री राम राधिका डिग्री कॉलेज से हासिल की है। दिग्विजय की पारिवारिक स्थिति ठीक नही थी फिर भी वो अपने पढ़ाई के प्रति सदैव सजग रहता था। दिग्विजय ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों की दी। शस्त्र सीमा बल में हेड कांस्टेबल के पद चयन पर लार क्षेत्र के समाजसेवी साहू विशाल कुमार गुप्ता, शिक्षक संदीप यादव, विराट शर्मा, विनोद, निरंजन गोंड, अतुल, मनीष, पिंटू कुमार, विवेक सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

परीक्षा देकर लौट रहे छात्र को अज्ञात युवकों ने धारदार हथियार से किया हमाला

खजनी- थाना क्षेत्र रामपुरवा के पास साइकिल स्टैंड से निकल रहे छात्र को अज्ञात युवको ने धारदार हथियार व पंच के साथ हमला बोल दिए , जिसमे छात्र को कई जगहों पर कटने के निशान दिखे, छात्र को लहूलुहान कर दिया जिसकी सूचना छात्र ने खजनी थाने पर दी ,खजनी पुलिस तहरीर के आधार पर मुखदमा दर्ज कर दी, मिली जानकारी के मुताबित खजनी थाना के ग्राम रावतडाड़ी निवासी सत्यदेव पुत्र देवमणी इण्टरमीडिएट कालेज रमपुरवा मे परीक्षा देने गया था, वह परीक्षा देकर जब विद्यालय से बाहर साइकिल स्टैण्ड पर पहुँचा तभी बाहर खड़े आठ-नौ युवक जो अपना चेहरा ढके थे द्वारा अचानक धारदार हथियार व पन्च से हमला बोलकर घायल कर दिये, जिससे वह बेहोश हो गया कुछ देर बाद होश मे आने पर वह इसकी सूचना अपने परिजनो को दिया। जिसकी सूचना पर परिजन वहाँ आकर जानकारी लेना चाहे तो घायल युवक मारपीट का कोई कारण नही बता पाया और नही मारने वालो को ही पहचान पाया । उसने केवल एक का पहचान किया जो विद्यालय का ही छात्र बताया जाता है, परन्तु वह नाम पता भी नही जानता है ,इसकी तहरीर खजनी थाने पर दे दी है पुलिस मामले की जाँच मे लग गयी।

भगवान श्री राम माता सीता की आरती व पुजन कर रामलीला का हुआ शुभारम्भ

● पतनारद मोह मंचन से रामलीला का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाजार गोरखपुर। गोला उपनगर के पुराने पोस्ट ऑफिस के सामने शुक्रवार की शाम को नगर पंचायत गोला में मुख्य अतिथि रामशरण दास महाराज के द्वारा भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम माता सीता भगवान विष्णु माता लक्ष्मी सहित पंच झाकी की आरती उतार पुजन कर रामलीला मानस मंच का फीता काटकर उद्घाटन किया गया । इसके पश्चात श्रद्धालु भक्त जनों ने भगवान की आरती और पूजन किया। रामलीला के प्रथम दिन नारद मोह का मंचन प्रस्तुत कर रामलीला का शुभारंभ हुआ। उपनगर गोला में वर्षों से रामलीला का आयोजन आदर्श रामलीला कमेटी गोला बाजार द्वारा किया जाता है। श्री नरसिंह रामलीला समाज हाबिभौआर बहेड़ा दरभंगा बिहार से पहुंची कमेटी ने अपना बहुत ही सुंदर तरीके से रामलीला का मंचन किया जो देर रात तक चलता ही रहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री महराज जी ने कहा कि आदर्श नगर पंचायत गोला में कई वर्षों से रामलीला का आयोजन हो रहा है जिसमें श्रद्धालु दर्शक भगवान के विभिन्न लीलाओं का दर्शन कर सुख शांति व पुण्य लाभ की प्राप्ति करते हैं।इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास उपाध्यक्ष भागीरथी प्रसाद स्वर्णकार मंत्री विकास जायसवाल कोषाध्यक्ष अनुरोध कसौधन उर्फ निक्कू संगठन मंत्री संजय गुप्ता संरक्षक डॉ अनिल तिवारी हीरालाल उमर वैश्य पूर्व चेयरमैन गिरधारी लाल स्वर्णकार शिवप्रसाद वर्मा रामचंद्र अग्रवाल व राजाराम जायसवाल राम शब्द निषाद देवी दयाल राजू वर्मा सहित रामलीला कमेटी के सदस्य व भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त गण मौजूद रहे।

स्वच्छता के आभाव में बजबजा रहा झिंगटी का सामुदायिक शौचालय

● - खण्ड विकास अधिकारी ने कहा जांच करवाया जाएगा अगर गंदगी पाया गया तो सम्बंधित लोग कार्यवाही के लिए रहें तैयार

स्वतंत्र प्रभात



महराजगंज। नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत झिंगटी राम जानकी मंदिर परिसर में स्थित स्वच्छ भारत अभियान के तहत बनाया गया सामुदायिक शौचालय गंदगी से बजबजा रहा है। बाहर से चकाचक दिखने वाले सामुदायिक शौचालय के भीतर व्यापक गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इस शौचालय में फैली गंदगी घर-घर शौचालय बनवाने की जिम्मेदारी लेकर घूम रहे अफसरों को नहीं दिखाई दे रही है। वहीं सामूहिक शौचालय के पानी का टंकी व टोटी टूटा पड़ा है तथा वहां स्थित हैंडपंप भी खराब पड़ा है जिससे शौचालय में पानी का सप्लाई वर्षों से बंद है। तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बिना सफाई किए ही अधिकारियों को गुमराह करते हुए मानदेय ले रही हैं। सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव में सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया गया तथा इनके संचालन व रखरखाव के लिए सरकार की तरफ से स्वयं सहायता समूह को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही उन्हें प्रतिमाह सफाई व मानदेय समेत 9 हजार का भुगतान भी किया जा रहा है। बावजूद इसके सामुदायिक शौचालय में सफाई के लाले पड़े हुए हैं जिससे आस-पास के लोगों को उठ रही दुर्गंध से जीना मुश्किल हो गया है। इसके साथ ही सामूहिक शौचालय का पूरा फर्श गंदगी से पटा पड़ा है। गंदगी इतना अधिक है कि आसपास के लोग उसके दुर्गंध से खासा परेशान हैं। वहीं शौचालय में गंदगी के कारण उठ रही दुर्गंध से लोग राम-जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना करने से भी कतरा रहे हैं। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि मौके का जांच करवाया जाएगा अगर शौचालय में गंदगी पाया गया तो सम्बंधित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

जन शिकायतो का निस्तारण गुणवत्तापरक किया जाये- डीएम

● सदर तहसील में डीएम, एसएसपी ने फरियादियों की सुनी फरियाद 104 फरियादी फरियाद लेकर आए दस का किया गया निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर। सदा तहसील सभागार में तहसील समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई ,आज शनिवार को सदर तहसील में 104 फरियादियों ने अपनी अपनी फरियाद जिलाधिकारी व एसएसपी के समक्ष प्रस्तुत किये । 10 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष बचे हुए मामलो को अगले तहसील समाधान दिवस से पहले निस्तारित करने का निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने निर्देश दिये कि अधिकारी गण जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है, और जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एंव समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथकिता है। आए हुए मामलों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता नही होनी चाहिए अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित है। उक्त निर्देश जिलाधिकारी ने सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए दिये। इस अवसर पर सदर तहसील में कुल 104 मामले आयें जिसमें से 10 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष मामलों को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। जिलाधिकारी ने विगत सम्पूर्ण समाधान दिवस में निस्तारित मामलों के सत्यापन कराकर शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच भी कराया जिससे शिकायतकर्ताओ ने शिकायत के निस्तारण पर सन्तोष व्यक्त किया। अन्य शिकायत कर्ता ने आंशिक निस्तारण बताया। जिलाधिकारी ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर को निर्देश दिया कि वह स्वयं मौक पर जाकर शिकायतो का निस्तारण कराकर उनको रिर्पोट प्रस्तुत करे। जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतो का निस्तारण गुणवत्तापरक किया जाये। शिकायतों के गुणवक्तापरक निस्तारण न होन पर कठोर कार्यवाही किया जायेगा। उन्होने ने कहा कि सभी अधिकारी नियमित भ्रमण करते रहे। जनता के शिकायतो का निस्तारण स्वयं करे अधीनस्थ पर छोडे। जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने निर्देश दिया कि आगामी त्यौहार दीपावली व छठ त्योहारों को दृष्टि गत रखते हुए एसडीएम एवं सीओं क्षेत्र का नियमित भ्रमण करते हुये सड़क के गढ़े बिजली के तारो आदि की व्यवस्था को ठीक कराये और रात्रि में भ्रमण करते हुये अपनी रिर्पोट दे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी गण सीडीओ संजय कुमार मीना ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शशांक सिंह एसओसी शशिकांत शुक्ला सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह सदर तहसीलदार न्यायिक विकास कुमार नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडे नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव नायब तहसीलदार भागीरथी सिंह नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह उपस्थित रहे।

एंटी रोमियो टीम द्वारा चौपाल लगाकर महिलाओं को किया गया जागरुक

● - महिला चौपाल में साईबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, महिला उत्पीडन, लैंगिक शोषण, बाल विवाह, पास्को एक्ट समेत अन्य को लेकर किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज। परसामलिक थाने के एन्टी रोमियो प्रभारी महिला उपनिरीक्षक संजू गौड़ की अध्यक्षता में शनिवार को ग्राम पंचायत खैरहवां दूबे स्थित पंचायत भवन पर महिला चौपाल का आयोजन किया गया। महिला चौपाल कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5 के तहत जागरूक किया गया। साथ ही उनके अधिकार को लेकर उन्हें जानकारी दी गई। महिला चौपाल में महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज 5 के तहत साईबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, महिला उत्पीडन, लैंगिक शोषण, बाल विवाह, पास्को एक्ट समेत के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। चौपाल में मौजूद सभी महिलाओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में महिला एवं बालिकाएं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930, 1076, 1098, 181, 112, 102, 108 फोन कर किसी भी आपात स्थिति में उनकी सुरक्षा तत्काल की जायेगी। महिला उपनिरीक्षक संजू गौड़ ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि साईबर अपराध के जरिए डिजिटल फ्राड ज्यादा चल रहा है जिससे अंजान नंबर से फोन आने पर किसी भी अंजान व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत जानकारी शेयर ना करें।

इस मौके पर सेवतरी चौकी प्रभारी विनीत कुमार यादव, महिला कांस्टेबल प्रतिभा, संध्या यादव, अनुराधा शुक्ला, कांस्टेबल अनिल यादव, राम गनेश चौहान आदि मौजूद रहे।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी ने व्यापारियों के साथ की बैठक

● सर्राफा व्यापारियों से पुलिस अधीक्षक ने की विशेष अपील

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज। आगामी दीपावली और धनतेरस के त्यौहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को सख्त और व्यवस्थित बनाने के लिए महराजगंज जिले के पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। शनिवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित इस बैठक में जनपद के प्रमुख स्वर्ण व्यवसाई, व्यापार मंडल के पदाधिकारी और समाजसेवियों ने भाग लिया। एसपी ने व्यापारियों को उनके प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने का आग्रह किया। उन्होंने विशेष रूप से स्वर्ण व्यवसायियों को अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्यौहारों के दौरान यदि किसी भी व्यापारी को सुरक्षा की आवश्यकता महसूस होती है तो पुलिस पूरी तत्परता से उन्हें सहयोग प्रदान करेगी। इसके साथ ही दुकानों और प्रतिष्ठानों के बाहर वाहनों की भीड़ को नियंत्रित करने और आवागमन सुचारू बनाए रखने के लिए भी व्यापारी अपनी तरफ से उचित प्रबंध करें। जरूरत पड़ने पर यातायात पुलिस की मदद लेने की सलाह भी दी गई। एसपी सोमेंद्र मीना ने दीपावली के दौरान आगजनी से बचने के लिए दुकानों में बालू और पानी का पर्याप्त प्रबंध करने की भी अपील की। उन्होंने व्यापारियों को त्यौहारों को शांति और सौहार्द के साथ मनाने का संदेश दिया। ताकि शहर में कानून व्यवस्था और सुरक्षा कायम रहे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य त्यौहारों के दौरान व्यापारियों और ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था, जिससे सभी लोग निर्भय होकर त्यौहारों का आनंद ले सकें।

दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

खजनी -ब्लाक स्तरीय बेसिक बाल कीड़ा प्रतियोगिता 2024 का ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्रांगण में संपन्न हुआ बेसिक बाल क्रीडा प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी खजनी सावन कुमार दुबे के द्वारा समापन किया गया खेल के समापन अवसर पर उन्होंने कहा कि "खेल एक समर्पण और मेहनत का परिणाम है, और उसका फल आपके प्रयासों का परिणाम होता है। " "खेल का महत्वपूर्ण होना उसकी महत्वपूर्णता के कारण है, न कि उसके परिणाम के कारण ।" उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ खजनी के अध्यक्ष राजेश पांडे ने कहां की खेल हमें विकास सीखाता है । यह हमें शारिरिक दक्षता , सम्मान और धैर्य जैसी चीज़ सीखने में मदद करता है। खेल हमें जो सबक सिखाते हैं, वह हमें खिलाड़ी और हर तरह से अच्छे इंसान के रूप में विकसित होने में मदद कर सकते हैं । खजनी के ब्लॉक मंत्री श्री संतोष कुमार त्रिपाठी और सुधीर कुमार मिश्रा ने बच्चों को खेल के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान किया । लंबी दौड़ 50 मीटर बालक वर्ग में प्रथम स्थान ध्यानचंद और द्वितीय स्थान दीपांश यादव पिपरा गंगा , बालिका वर्ग में प्रथम स्थान संजना चौहान कंपोजिट विद्यालय खजनी और द्वितीय स्थान सिवान सी सिंह कंपोजिट पिपरा गंगा को मिला । लंबी दौड़ 100 मिटर जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान नितेश कंपोजिट खजनी और द्वितीय स्थान प्रतीक कंपोजिट खजनी को मिला, बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रोशनी कंपोजिट पगार विधालय द्वितीय स्थान मोनू कंपोजिट विधालय खजनी को मिला। गोला क्षेपड़ मे प्रथम स्थान कुमारी अंशी और द्वितीय स्थान कुमारी अनुराधा खजनी का रहा चक्र प्रक्षेपण में भी इन्हीं का स्थान रहा। 100 मीटर दौड़ बालक में प्रथम स्थान ध्यानचंद द्वितीय स्थान दीपांशु यादव पिपरा गंगा का रहा। 100 मीटर लंबी दौड़ प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान पर संजना चौहान और द्वितीय स्थान पर सिवान सिंह का रहा । 600 मी बालिका दौड़ में प्रथम स्थान मोनू द्वितीय स्थान राधा कर रहा 600 मीटर बालक में प्रथम स्थान नितेश खजनी और द्वितीय स्थान गोलू का रहा है । कबड्डी में प्रथम स्थान बालक वर्ग में गोपालपुर और बालिका वर्ग में भी गोपालपुर का दब दबा कायम रहा खेल हेतु खेल के मैदान में जिन्होंने बच्चों के साथ जिन शिक्षकों ने मेहनत किया उन में प्रमुख रूप से सुषमा त्रिपाठी, सिम्मी, पूनम, साधना, अरविंद पाठक, राम प्रकाश, मोहम्मद इरशाद, राकेश सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह, सुरेंद्र सिंह, संजय मिश्रा, रामानंद मौर्य अंजनी कुमार त्रिपाठी सचिन बृजनाथ मल, रजनीश चौरसिया ,प्रमोद शशि भूषण चंद्रशेखर सिंह अखिलेश कुमार, कर्मवीर चंदन, शांतनु सिंह ममता अनुराधा, त्रिभुवन भारतीय राघवेंद्र, अर्जुन राजकुमार अमरजीत राम मूरत प्रसाद मौर्य , संजय गौड़ अजीत यादव शांति भूषण राम तिवारी, जितेंद आदि लोग थे।

पुलिस ने किया भारी मात्रा में अवैध पटाखा बरामद, दो गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सोनौली कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भारी मात्रा में अवैध पटाखा बरामद किया है। वहीं पुलिस ने पटाखे के साथ दो अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना स्थानीय पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सोनौली कोतवाली पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के पगडंडी से भारी मात्रा में अवैध प्रकार का भिन्न-भिन्न पटाखा बरामद किया है। वहीं पुलिस ने मौके से पटाखे के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद पटाखा व अभियुक्त को कब्जे में लेकर थाने लाई। पुलिस के पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान आकाश कुमार केसरी पुत्र सुरेन्द्र प्रसाद केसरी निवासी वार्ड नं 13 बाल्मीकि नगर कस्बा सोनौली थाना स्थानीय तथा दूसरे व्यक्ति की पहचान अमित मद्धेशिया पुत्र दिलीप कुमार मद्धेशिया निवासी वार्ड नं 11 मौलाना आजाद नगर थाना नौतनवां के रूप में हुई है। मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा धारा 5/9बी (1)बी विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व 288 बीएनएस के तहत विधिक कार्यवाही की गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि अवैध पटाखों के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

गांवों की गंदगी को दूर करेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2

स्वतंत्र प्रभात

सहजनवा/गोरखपुर। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज -2 के अंतर्गत हरपुर पंचायत भवन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया सहजनवा ब्लाक के 25 ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, सफाईकर्मियों का शनिवार को एक दिवसीय ,प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान हरपुर मदन मुरारी उर्फ गुड्डू गुप्ता ने किया।उप निदेशक पंचायत गोरखपुर मंडल श्री दिनेश कुमार सिंह ने कहा गांवों को ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त) बनाने के बाद अब स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत गांवों की गंदगी दूर करने की कवायद शुरू हो गई है। जिले की ग्राम सभाओं में इस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है तो बची हुई ग्रामसभाओं में इसे कराए जाने के लिए कवायद शुरू कर दी गई है।स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 का मुख्य उद्देश्य गांवों में गंदे पानी, कूड़े, कचरे, पालीथिन, गोबर आदि अपशिष्टों का सही तरीके से प्रबंधन कराया जाना है। इसके चलते पंचायती राज विभाग द्वारा सौ गांवों में घरों के गंदे पानी को एक स्थान पर एकत्रित कर उसके साफ होने के बाद जलाशयों व खेतों में सिंचाई के लिए भेजे जाने की कवायद कर रहा है। इतना ही नहीं गांवों में कूड़ा गाड़ी के माध्यम से लोगों के घरों के कूड़े का सही प्रबंधन कराते हुए गोबर व किचेन के कचरे वर्मी कम्पोस्ट व नाफेड खाद बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कुछ ग्राम पंचायतों में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू भी हो गई है। दूसरी ओर निकलने वाले कूड़े को आरआरसी सेंटर भेजकर खाद बनाई जाएगी। इसके लिए जिले भर की ग्रामसभाओं में पंचायती राज विभाग द्वारा तेजी से काम कराया जा रहा है। इस दौरान,एडियो पंचायत रामधारी प्रसाद, कंसलटिंग इंजीनियर सूर्य प्रकाश वर्मा, अजीत यादव, खंड प्रेरक जितेंद्र कुमार गुप्ता सचिव प्रतिमा सिंह ,लोकेश कुमार, अभय कुमार, प्रधान संघ अध्यक्ष सहजनवा बंशीधर यादव, उमेश यादव, विवेक चौधरी, गंगा प्रसाद सहित 25 ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

गोला उपनगर के चिकनिया निवासी रमा शंकर की घर पर ही अचानक हुई मौत

● पुलिस ने हृदय पक्षाघात होने की जाहिर किया आशंका,गोला पुलिस ने शव को भेजा पी एम

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाज़ार गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गोला वार्ड नम्बर 6 चिकनिया निवासी रमाशंकर पुत्र लहुरी उम्र 75 बर्ष की अचानक घर पर मृत्यु हो गयी ।पत्नी की सूचना पर गोला पुलिस घटना स्थल पर पहुची।और रमाशंकर को सी एच सी गोला पहुचाया जहां डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया।गोला पुलिस शव को कब्जे में लेकर पी एम भेज दिया। प्राप्त बिबरण के अनुसार रमाशंकर घर पर अपने परिजनों के साथ रहते थे। अचानक दिन दस बजे लगभग उनकी गिर कर मृत्यु हो गयी। उनकी पत्नी ने थाने पर पुलिस को घटना की सूचना दिया । मौके पर पुलिस पहुची।तुरंत सी एच सी गोला पर भेजवाया। जहां डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया।शव को पी एम के लिए गोला पुलिस भेज दिया। कोतवाल गोला मधुपनाथ मिश्रा का कहना है कि शरीर पर कही चोट के निशान नही दिख रहे है। हृदय पक्षाघात से मृत्यु होने की आशंका बन रहा है।शव पी एम के लिए जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

संक्षिप्त ख़बरें

राम लाल प्राण प्रतिष्ठा 1 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत अयोध्या में श्री राम लाल रक्षा यंत्र विमोचन एवं संत सम्मान समारोह में

अयोध्या। राम जन्मभूमि अयोध्या में हिंदू हृदय सम्राट महंत राजू दास महाराज के नेतृत्व में अयोध्या के वरिष्ठ संत एवं वैष्णव सिरमौर श्री मणिरामदास छावनी पीठ के उत्तराधिकारी परम् पूज्य श्री कमल नयन दास महाराज बड़े हनुमान मंदिर के महाराज श्री छविराम दास एवं अयोध्या के विशिष्ट साधु संतों के साथ दिवाकरा चार्य को सम्मानित किया गया जिससे उनकी उत्साह एवं हर्ष शीर्ष पर है मेरे महापुरुषों का साथ एवं उनके द्वारा दास पर स्नेह एवं सम्मान मुझे सत्य सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में अपार बल एवं साहस प्रदान करता है वहां उपस्थित अनेकों हिंदूवादी संगठनों द्वारा जिसमें विशिष्ट अतिथि जनों ने सभी का स्वागत सम्मान किया जिसके लिए दिवाकराचार्य महाराज सभी लोगों धन्यवाद दिया।

करवा चौथ- कारागार में समाजसेवियों ने महिला कैदियों को किया सामान वितरण

समाजसेवी महिला महिला कैदियों को समान वितरण और जेलर का सम्मान करते हुए

मथुरा- जिस तरह 20 अक्टूबर को भारत में पति की लंबी उम्र के लिए पूजा-व्रत करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। उन्हीं में से एक सबसे लोकप्रिय परंपरा है- करवा चौथ। यह वो पर्व है, जिसमें सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना से दिन भर निर्जला व्रत रखती हैं। कुछ समाज सेवियों ने मिलकर मथुरा जिला कारागार में 55 महिला है जिनमें से 35 महिलाएं करवा चौथ का व्रत रखेंगी ।उनको करवा चौथ की सामग्री वितरण की जिसमें मिट्टी का करवा, चासनी मीठा करवा, सिंक, कैलेंडर ,साड़ी सहित श्रृंगार का सामान वितरण किया।शेष अन्य महिलाएं हैं उनको सूट वितरण किए गए। समाजसेवियों का डिप्टी जेलर सु श्री करुणेश ने पटका डालकर किया। मथुरा जिला कारागार अधीक्षक अंशुमान गर्ग ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि करवा चौथ पर 35 महिलाएं जो अपने पति की लंबी आयु का व्रत रखेंगे समाजसेवियों के कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज सेवियों में दिव्य शक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष नीलम गोस्वामी सत्यम सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष सत्यवती चौधरी ,सोनम सिसोदिया, हरेंद्र चौधरी सहित पार्षद अभिजीत चौधरी के सहयोग से जिला कारागार मैं निरुद्ध बंदी महिलाओं को सामान वितरण किया गया।

बस ने मारी ऑटो को टक्कर, दो की मौत

मथुरा। जैत क्षेत्र में छटीकरा राधा कुंड रोड पर इलेक्ट्रिक बस और टेंपो में भिड़ंत में टेंपो चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। तीसरे घायल का गंभीर अवस्था में इलाज चल रहा। सुबह करीब नौ छटीकरा राधा कुंड मार्ग स्थित केशव उद्धव ढाबा के सामने इलेक्ट्रिक बस और टेंपो के बीच भिड़ंत हो गई। कुछ लोगों का कहना है कि दोनों वाहन टकरा गए जबकि कुछ के अनुसार टेंपो में पीछे से टक्कर मारी गई। पुलिस की तरफ से हादसे के ढाई घंटे बाद तक कोई आधिकारिक बयान नही आया। इस भीषण हादसे में टेंपो चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई। एक मृतक की पहचान मथुरा के कृष्ण नगर निवासी 27 वर्षीय राधा रमन के रूप में हुई जबकि टेंपो चालक की पहचान नही हो सकी है। घायल जन्म भूमि लिंक रोड निवासी 32 वर्षीय दीपक को गंभीर अवस्था में वृंदावन के जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। अस्पताल पहुंचे थाना जैंत निरीक्षक अश्विनी कुमार ने मृतकों के शवों को मोर्चरी में रखवाया। उन्होंने कहा कि टेंपो चालक की पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं। घायल मथुरा के जन्म भूमि लिंक रोड निवासी करीब 32 वर्षीय दीपक को गंभीर अवस्था में वृंदावन के जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। अस्पताल पहुंचे थाना जैंत निरीक्षक अश्विनी कुमार ने मृतकों के शवों को मोर्चरी में रखवाया। उन्होंने कहा कि टेंपो चालक की पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं।

एल आई सी प्रबंधन तथा आईआर डी ए हमारी रोजी रोटी पर डाका डाल रही है- लियाफी गोपालगंज

● - गोपालगंज लियाफी, प्रबंधन के निर्णय के खिलाफ

स्वतंत्र प्रभात

गोपालगंज (बिहार)- भारतीय जीवन बीमा निगम प्रबन्धन द्वारा 1 अक्टूबर 2024 सेअभिकर्ताओं का कमिशन कम कर दिया गया पॉलिसी होल्डर का प्रीमियम बढ़ा दिया गया एल आई सी में पॉलिसी लेने वाले ग्राहक का उम्र 55 वर्ष से घटा कर 50 वर्ष कर दिया गया इत्यादि जिससे गोपालगंज शाखा के सभी अभिकर्ताओं द्वारा लगभग पांच दिन से काम ठप कर दिया गया है तथा सभी अभिकर्ताओं द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम प्रबंधन के द्वारा लिये गये निर्णय के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा हैं आपको बता दें भारतीय जीवन बीमा निगम प्रबन्धन द्वारा लिए गये निर्णय का विरोध करते हुए लियाफी के मंडलीय सचिव प्रमोद कुमार सिंह तथा लियाफी आधार ईकाई गोपालगंज जिला अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने बताया यह आन्दोलन दिन पर दिन देशव्यापी आंदोलन के रूप में बढ़ता जा रहा है। मंडलीय सचिव प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि पालिसी किस्त को बढ़ाना, अभिकर्ताओं के प्रथम वर्षीय कमीशन को कम करना, बीमाधन न्यूनतम एक लाख से दो लाख करने का प्रबन्धन का निर्णय संस्था, पालिसीधारक एवं अभिकर्ता हितों के विपरीत है।

लियाफी आधार ईकाई गोपालगंज जिला अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने कहा भारतीय जीवन बीमा निगम अपने स्थापना के समय के उद्देश्यों से भटक गया है निगम का उद्देश्य था देश के सभी नागरिकों को बीमा रूपी सुरक्षा देना आज प्रबन्धन के इस निर्णय से लगभग 70% आबादी इन्श्योरेन्श से वंचित हो जाएगी जिसका सीधा विपरीत प्रभाव अभिकर्ता संस्था सहित भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा केन्द्रीय संगठन उक्त पड़ने वाले दूषित प्रभाव से अध्यक्ष भारतीय जीवन बीमा निगम, अध्यक्ष आई. आर.डी.ए. एवं माननीय प्रधानमंत्री तथा भारत सरकार के वित्तमंत्री को अवगत करा दिया है। गोपालगंज आधार लियाफी के जिला सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा गोपालगंज लियाफी आधार इकाई केन्द्रीय संगठन द्वारा लिये गये निर्णय का पालन करते

हुए आन्दोलन में अग्रणीय भूमिका निभायेगी बैठक में उपस्थित पदाधिकारीयों एवं सदस्यों में मुख्य रूप से मंडलीय सचिव प्रमोद कुमार सिंह,उपाध्यक्ष रामानंद यादव,जर्गनाथ प्रसाद चौरसिया, उप सचिव अरविन्द कुमार यादव, दिलीप कुमार मंडलीय कोषाध्यक्ष उपेन्द्र प्रसाद उप कोषाध्यक्ष विवेकानन्द मीडिया प्रभारी के के शर्मा तथा वरिष्ठ अभिकर्ता राजीव रंजन,स्वामी नाथ प्रसाद, हरेन्द्र शर्मा, मनोरंजन श्रीवास्तव,हरेन्द्र तिवारी, कन्हैया प्रसाद, विनोद कुमार श्रीवास्तव,हजारी प्रसाद, संजय कुमार तिवारी, सत्येन्द्र पाण्डेय, पी पी गुप्ता, आदित्य पाण्डेय, शम्भू नाथ दुबे, सत्येन्द्र सिंह तथा दीपक श्रीवास्तव उपस्थित थे।

गोकुल में गोप तलाई से हटाए गये अवैध कब्जे

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। एसडीएम के नेतृत्व में तालाब पर किए गए अवैध कब्जे को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कराकर कब्जा मुक्त कराया हैं। मथुरा की महावन तहसील के अंतर्गत महावन बांगर में गोप तलाई नाम से तालाब है। जिस पर भूमाफियाओं के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया। फिर रातों रात सीमेंट से बाउंड्री कर ली गई। इस सफेद कब्जे की शिकायत स्थानीय लोगों के द्वारा जिलाधिकारी मथुरा शैलेंद्र कुमार सिंह की गई। शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा जांच के आदेश उपजिलाधिकारी महावन आदेश कुमार को सौंपी गई। शिकायत की जांच करने एसडीएम महावन 9 तारीख को मौके पर पहुंचे जहां उनके द्वारा जांच के दौरान देखा गया कि कुछ भूमाफियाओं के द्वारा तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। इसके बाद उप

कुड से अतिक्रमण हटवाते जिला प्रशासन के अधिकारी।

जिलाधिकारी द्वारा कब्जा करने वालों से मुक्त जमीन पर कब्जा न करने की हिदायत दी लेकिन भू माफियाओं के द्वारा फिर से रातों-रात जमीन पर बाउंड्री कर ली। उप जिलाधिकारी महान आदेश कुमार के द्वारा बताया गया कि यह जमीन महावन बांगर ग्राम पंचायत की हैं। जिस पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया था। इस संबंध में शुक्रवार को उप जिलाधिकारी महावन को फिर शिकायत मिली इसके आधार पर उनके द्वारा नायब तहसीलदार साविका शर्मा, लेखपाल रामेश्वर शर्मा, कृष्ण दयाल , महेन्द्र प्रताप, राहुल चौधरी व थाने की पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी के माध्यम से अवैध कब्जे को ध्वस्त कर कब्जा मुक्त कराया गया हैं। वहीं एसडीएम द्वारा बताया गया कि इस कार्रवाई के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

50 हजार का इनामी तेज चोर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। थाना फरह पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने रिफाइनरी पाइपलाइन में वाल्व लगाकर तेल चोरी करने वाले 50 हजार रुपये के इनामी तेज चोर को पुलिस ने मुठभेड के बाद गिरफ्तार किया है। रिफाइनरी की पाइपलाइन में वाल्व लगाकर तेल चोरी करने के मामले में वांछित अभियुक्त शैलू उर्फ शैलेन्द्र चौहान पुत्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम पुवाया थाना किशनी जनपद मैनपुरी को जाजमपट्टी फरह रोड से नगला अबुआ रोड शनिदेव मंदिर के पास कच्चे रास्ते पर पुलिस मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में दाबोचा गया। इसके पास से अवैध तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस व एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। 21 सितंबर 2023 को अमित कुमार प्रचालन प्रबंधक उत्तरी क्षेत्र पाइप लाइन इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन मथुरा की लिखित तहरीर पर कोसी खुर्द सेरसा मार्ग पर रिफाइनरी तेल पाइपलाइन

एसएसपी शैलेश पांडेय गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देते हुए।

में वाल्व लगाकर कच्चा तेल चोरी करने के संबंध में विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ किया गया। घटना का 10 अक्टूबर 2023 को खुलासा कर दिया था। इसके बाद लगातार एक के बाद एक कई आरोपित गिरफ्तार किये गये। शैलू तभी से फरार चल रहा था। रिफाइनरी तेल पाइपलाइन में वाल्व लगाने हेतु गिरोह के सदस्य सुनियोजित तरीके से कच्चे तेल की मुख्य पाइप लाइन से करीब 300 मीटर तक खेत जहां की भौगोलिक परिस्थिति विषम होती वहां से एक अन्य पाइपलाइन बिछाकर मुख्य रोड के किनारे वाल्व लगाते हैं जहां से पाइपलाइन जोडकर टैंकर में क्रूड आयल, डीजल पेट्रोल भरकर ले जाते हैं। किसी को शक न हो इसलिये गिरोह मुख्यतः कई दिनों के अंतर पर रात्रि के समय टैंकर में तेल भरकर ले जाते हैं जिससे मुख्य पाइपलाइन के प्रेशर में कमी प्रदर्शित न हो। यह गिरोह इस कार्य करने में पारंगत है कि इसको पता होता है कि कहां लो प्रेशर एरिया है वही पर वाल्व लगाते हैं जिससे कन्ट्रोल रुम में कई दिनों तक लो प्रेशर डाउन प्रदर्शित नही हो पता है। गिरोह के द्वारा रिफाइनरी पाइपलाइन तेल चोरी कर टैंकर के माध्यम से अन्य राज्यों में बिक्री कर धन अर्जित करते हैं।

मुंडन करा कर गांव लौटते समय बढ़नी पचपेड़वा मार्ग पर चरगहवा के पास नाले में अनियंत्रित होकर बस गिरि 3 मरे , 24 घायल

● - हादसे में घायल बच्चों का इलाज करते हुए स्वास्थ्यकर्मी

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। जिले के ढेबरुआ थाना क्षेत्र के चरगहवा नाले में दुर्घटनाग्रस्त हुई बस साइकिल सवार को कुचल कर खाई में पलट गई। बस पलटने के बाद आफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों के साथ एसएसबी के जवान पहुंच गए और वह बस से घायलों को निकालने लगे हादसे में एक राहगीर समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के मोहनकोला के रहने वाले खदेरु अपनी पौत्री कल्पना (05) पुत्री रामप्रसाद व पौत्र ऋषि (05) पुत्र विष्णु का मुंडन करवाने शुक्रवार सुबह बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित देवी पाटन मंदिर गए थे। बस में लगभग 70 की संख्या में परिवार के सदस्यों सहित रिश्तेदार और मित्र भी गए थे। बस बढ़नी-पचपेड़वा मार्ग पर चरगहवा नाले पर पहुंची। अनियंत्रित होकर बस नाले में पलट गई। जिससे बस में सवार एक किशोर अजय शर्मा (13) के पानी में डूबने से मौके पर ही मौत हो गई। बढ़नी से अपने घर खुरहुरिया लौट रहे मंगनी (55) की बस की चपेट में आने से मौत हो गई। घायलों को पीएचसी बढ़नी एंबुलेंस से पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल गामा व कमलावती को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। गामा (65) निवासी मोहनकोला थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ की मेडिकल कॉलेज लाते समय में रास्ते में दम तोड दी।

हादसे में घायल लोग

चरगहवा नाले में मुंडन करवाकर लौट रही बस के पलटने से 24 लोग घायल हो गए। जिसमें कमलावती (40) को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जिसमें शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के मोहनकोला निवासी खदेरु (55), वंदना (25), पवन (60), सुशीला (36), धीरज (38), महेश शर्मा (25), संगम(17), पिंकी (12), रिया (08) और शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के पैकी की रहने वाली श्वेता (18), गीता (45), नन्दिनी (16), चिल्हिया थानाक्षेत्र के बेलवा महादेवा के

रामलाल (60), इटवा थानाक्षेत्र के मनिकौरा के बजरंगी(35), महिमा(18) व साजन (09) भी घायल हो गए। इसकेअलावा जोगिया के रहने वाले पुन्नवासी (60) व नेपाल की रहने वाली रीता तथा लवकुश 5 वर्ष, रिया 5 वर्ष, पिंटू 2 वर्ष, श्रृष्टि 4 वर्ष वे तीन अन्य घायलों में शामिल है। बस पलटने की सूचना पर डीएम डॉ. राजगणपतिआर, एसपी प्राची सिंह, एसडीएम चन्द्रभान सिंह,एसओ संतोष कुमार सिंह मय फोर्स के साथ रात में मौके पर पहुंचे और पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बढ़नी पीएचसी पहुंचाया गया।

ब्रज, द्वरिका की कृष्ण संस्कृति का हो रहा मेल

● - गुजरात की बहनों ने 37 हजार महिलाओं को जोड़

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। भगवान कृष्ण ने ब्रजभूमि से लेकर द्वारका गुजरात तक अनेक लीलाएं कीं। यादु कुल मैं जन्मे कृष्ण कन्हैया की ब्रज व गुजरात की संस्कृतियों का द्वापर के बाद अब साम्य हो रहा है। गुजरात की मातृशक्ति ने यह जिम्मा उठाया है। यादव समाज की महिलाओं ने गुजरात से मथुरा तक करीब 37 हजार महिलाओं को एकजुट किया है। बीते दिवस गुरुवार को गोकुल में यमुना तट पर दोनों राज्यों की बहनों ने मनोरम सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक विचार गोष्ठी व महारास आदि कार्यक्रम हुए। शुक्रवार को गुजरात की अहीरानियों ने

दोनों राज्यों की बहनें यमुना तट पर एक कार्यक्रम के दौरान।

गोवर्धन दर्शन से पूर्व गांव अड़ींग स्थित कमल कुण्ड के दर्शन किए। लिली बहन ने कहा कि वह दोनों राज्यों की बहनों को एकजुट कर भगवान कृष्ण की संस्कृति को जीवंत कर उनके आदर्शों को जीवन में ढालने की दिशा में प्रयास कर रही हैं। गुजरात की अन्य बहनों ने कहा कि देश के हर राज्य की यादव कुल मैं जन्मी बहनों को बाल कृष्ण एवं द्वरिकाधीश कृष्ण के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने की दिशा में सतत प्रयास करेंगी। गांव अड़ींग में गुजरात से आई अहीरानियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी, प्रह्लाद यादव, संजय यादव जिलाध्यक्ष यादव महासभा, हरिओम यादव बाटी उपाध्यक्ष , नीरज यादव क्रांति जिला महासचिव, लिरी बैन, अमिता बैन गीता बैन, रमा बैन, पूनम यादव एवं गांव अड़ींग की अहीरानी मौजूद रहीं।

कोइरीपुर में धूम- धाम से सम्पन्न हुआ भरत मिलाप कार्यक्रम

● - कलाकारों ने दर्शकों को किया मुग्ध।

एस डी यम व सी ओ सहित संभ्रांतों को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

चांदा। सुलतानपुर नगर पंचायत कोइरीपुर के ऐतिहासिक विजयदशमी मेले के दूसरे दिन आधी रात को आकर्षक झांकियो की प्रस्तुति के साथ भरत मिलाप का भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । शुक्रवार कक रात बारह बजे के साथ भरत शत्रुघ्न रथ पर सवार होकर लगभग एक दर्जन से अधिक सुंदर व आकर्षक झांकियो (चौकी) के साथ कस्बा चौक से मेला वाली बाग़ के लिए रवाना हुई। डीजे बाजे के साथ भक्तिमय संगीतो के काफिले के साथ यह प्रारम्भ हुई। रामलीला मैदान के नजदीक माँ जालपा देवी मन्दिर के सामने श्री राम व भरत का मिलाप हुआ। जहा पर पुष्प वर्षा की गयी। उसके बाद पुनः वहा से वापसी श्री राम लक्ष्मण व जानकी को रथ पर लेकर आगे बढ़े। एक बार पुनः कस्बा चौक जय श्री राम के नारो से गुजमान हुआ। मेला कमेटी के तरफ से आकर्षक झांकियो के प्रस्तुति पर पुरस्कृत किया गया। जिसमे प्रथम स्थान पर सुनील गौड़ की झांकी प्रथम स्थान पर रही उनके द्वारा श्री राम रावण को युद्ध करते हुए सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया था। उन्हें युवा समाजसेवी दिनेश मिश्र की तरफ से एक फ्रिज देकर पुरस्कृत किया

गया। दूसरे स्थान पर बबलू चौरसिया की झांकी रही जिन्हें अमन ओझा द्वारा वाशिंग मशीन दिया गया तीसरे स्थान पर साधू अग्रहरि की झांकी रही जिन्हें सौरभ मौर्या प्रधान द्वारा यल ई डी टी वी देकर पुरस्कृत किया गया चौथे स्थान की इमाम अली सूरापुर की झांकी रही जिन्हें समाजसेवी रमेश जायसवाल कोथराकला के द्वारा साईकिल देकर पुरस्कृत किया गया ।पांचवे स्थान पर शिवम् अग्रहरि की झांकी रही जिन्हें मो वाहिद सभासद द्वारा अलामारी देकर पुरस्कृत किया गया। वही छटवे स्थान पर झांकी को युवा समाजसेवी लालमणि अग्रहरि द्वारा एक हजार लीटर की पानी की टंकी दिया गया।

सातवे पर राकेश चौरसिया द्वारा ग्राइंडर मिक्सर दिया गया इसी तरह अन्य झांकियो को भी सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। झांकियो को बहुत ही सफाई के साथ सुंदर व आकर्षित प्रस्तुति दी गयी थी। हजारो की संख्या में महिला पुरुष व बच्चों का आधी रात को उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी मोनू व राकेश सिंह चेयरमैन रामगंज राजेशचंद्र मिश्र संतोष पाण्डेय गुड्डू प्रधान सोनावा किन्नर प्रेमा बुआ आदि द्वारा का सराहनीय योगदान रहा सभी को मच पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया वही प्रशानिक अमले के उपजिलाधिकारी लम्भुआ मन्जुल मयंक न्यायिक मजिस्ट्रेट लम्भुआ विदुषी सिंह सी ओ लम्भुआ अब्दुल सलाम थानाध्यक्ष चांदा रविन्द्र कुमार सिंह नायब तहसीलदार लम्भुआ रूबी अधिशाषी अधिकारी कोइरीपुर सचिन कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा व वरिष्ठ लिपिक रामकृष्ण मिश्र जिसकी प्रसंशा मेला कमेटी के पदाधिकारियो द्वारा की गयी व सभी को सम्मानित भी किया गया। आकर्षक झाकिया ने लोगो को खूब मन्त्रमुग्ध किया।

इस मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष अनिल जायसवाल पूर्व चेयरमैन सुधीर साहू रामशिरोमणि मौर्या शेषमणि मिश्र सोनू बरनवाल जितेंद्र जायसवाल पप्पू पाण्डेय दिनेश शुक्ला पिंटू अग्रहरि कुलदीप गोलू सौरभ साहू जगन्नाथ अग्रहरि विवेक पाण्डेय रमेश अग्रहरि अरविन्द गुप्ता सानू मो वाहिद भोले शुक्ल आदि लोग बड़ी संख्या में मेला कमेटी के पदाधिकारी भी व्यवस्था में जुटे रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगो ने प्रतापगढ़ से आयी नौटंकी का लोगो ने खूब आनन्द लिया।

मनरेगा मजदूरों को भी दिया जाए दीपावली उपहार

मथुरा। दीपावली एक ऐसा त्यौहार है जिस पर सरकारी एवं गैर सरकारी सभी प्रकार के प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों के ऊपर उपहार की वर्षा की जाती है। दीपावली की पूर्व संध्या पर छोटे से छोटा नियोक्ता भी कम से कम दो सौ इक्यावन रुपए और एक किलो मिठाई अपने कर्मचारी को उपहार स्वरूप प्रदान करता है। जहां तक कि एक मकान बनाने वाले राजमिस्त्री और बेलदार को भी गरीब से गरीब मकान मालिक उपहार देता है। एक मनरेगा श्रमिक ही ऐसा है जो दीपावली पर मिठाई से वंचित रहता है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत जैंत के पूर्व सदस्य रामकुमार सिंह राजावत ने कहा है कि जिस तरह सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस आदि का उपहार दिया है, ठीक उसी तरह महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत पंजीकृत नियमित मजदूरों का भी हक बनता है और सरकार को चाहिए कि श्रमिकों के लिए भी मिठाई, मोमबत्ती आदि की व्यवस्था करते हुए कार्य स्थल पर उपयोग में आने वाली सामग्री का टूल किट उपहार में प्रदान किया जाए। जिससे मनरेगा मजदूरों की दीपावली भी रोशन हो सके।

नहीं लग रहा कच्ची शराब पर अंकुश

रूद्रपुर, देवरिया। कोतवाली क्षेत्र के शीतल माझा में कच्ची शराब बेची जा रही है। सब कुछ जानकार भी कोतवाली पुलिस और आबकारी विभाग मौन साधे हुए है। कच्ची शराब के सेवन से हो रही मौत के बाद भी प्रशासन नहीं चेत रहा है। लाइसेंसी देसी दारू की दुकान,अंग्रेजी शराब की दुकान,व बियर की दुकान होने के बावजूद कच्ची शराब का धंधा फल फूल रहा है। जिस पर लगाम लगाने में पुलिस विभाग व आबकारी विभाग दोनों फेल नजर आ रहा है।

इमाम चौराहे पर हुई गैंगस्टर के साथ पुलिस की मुठभेड़

● - हत्या के प्रयास में थाना बरसाना से अभियुक्त चल रहा था फरार

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। विभिन्न अभियोगों एवं हत्या के प्रयास में वांछित गैंगस्टर को थाना बरसाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से एक स्विफ्ट गाडी, तमंचा और कारतूस बरामद किये गये हैं। मुठभेड नगला इमाम चौराहा पर हुई। अभियुक्त को घायल अवस्था में उपचार हेतु सीएचसी बरसाना भेजा गया। एसपी देहात त्रिगुण विशेन ने बताया कि नंदगांव क्षेत्र में एक व्यक्ति को गोली मारी गई थी उसमें 109 बीएनएस का अपराध पंजीकृत हुआ था। जिसने गोली मारी थी वह पप्पी पुत्र रमेश निवासी ज्ञान का थोक कस्बा नन्दगाँव थाना बरसाना था। वह नंदगांव का ही रहने वाला है। सूचना मिली थी कि आरोपित कामा मार्ग पर आने वाला है पुलिस टीम ने चेकिंग शुरू की। एक व्यक्ति स्विफ्ट गाडी से आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया तो उसके द्वारा गाड़ी रोक कर पुलिस टीम पर फायर किया गया। पुलिस की जबाव कार्यवाही में एक गोली आरोपित के पैर में लगी है। इसके पास से एक तमंचा, भारी मात्रा में कारतूस और एक स्विफ्ट गाड़ी बरामद हुई है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके विरुद्ध विभिन्न तरीके के करीब एक दर्जन मुकदमे थाना बरसाना और कोसीकला में दर्ज हैं। इसके संदर्भ में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस की गिरफ्त में हत्या के प्रयास का आरोपी।